ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 27 मई 2024
वर्ष 34, अंक 120, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



युवाओं को देंगे अनिवार्य राष्ट्रीय सेवा 16
मनोरंजन से भरपूर होगी मिस्टर एंड मिसेज माही 2



## मैली हो रही गंगा

कानपुर में गंगा में हर दिन एक करोड़ लीटर गंदा पानी उड़ेल रहा है सीसामऊ नाला। इस नाले को 2019 में टैप किया गया था और यहां सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था। तब 20 करोड़ लीटर गंगा पानी गंगा में गिरता था। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बंद होने की वजह से अब गंदा पानी गंगा में उड़ेला जा रहा है। ● मनोज तिवारी

**बंगाल और प. बंगाल के समुद्र तटों से टकराएगा तूफान, एक लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाया गया**

# चक्रवात रेमल : प्रधानमंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चक्रवाती तूफान रेमल से निपटने को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा के लिए रविवार को बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता की। जिसमें चक्रवाती तूफान रेमल से निपटने के उपायों पर चर्चा के साथ निर्देश दिए गए। तूफान के बांग्लादेश व पश्चिम बंगाल के बीच के समुद्र तटों पर आधी रात को दस्तक देने की आशंका है। चक्रवात से पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों और कोलकाता में भारी बारिश हुई है।

मौसम कार्यालय के अनुसार, रेमल के रविवार आधी रात तक भीषण चक्रवाती तूफान के रूप में सागर द्वीप और खेपुपाड़ा के बीच बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के तटों पर दस्तक देने की आशंका है। इससे प्रभावित तटवर्ती इलाकों में 110-120 किमी प्रति घंटे की गति से हवा चलेगी और यह गति 135 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। कोलकाता हवाई अड्डे पर रविवार दोपहर से 21 घंटे के लिए उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं। पूर्वी और दक्षिण पूर्वी रेलवे ने कई ट्रेन का परिचालन रद कर दिया है। तटीय क्षेत्रों से लगभग 1.10 लाख लोगों को सुरक्षित आश्रय स्थलों में पहुंचाया है।



दक्षिण 24 परगना में लोगों को सतर्क करते एनडीआरएफकर्मी। ● एजेंसी

### ओडिशा के 4 जिलों में बारिश की चेतावनी

**भुवनेश्वर।** चक्रवाती तूफान 'रेमल' के तेज गति से तट की तरफ बढ़ने के मद्देनजर मौसम विभाग ने ओडिशा के चार जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। चक्रवात के प्रभाव से भद्रक, बालासोर, केंद्रपाड़ा और मयूरभंज जिलों में सात से 11 सेंटीमीटर तक भारी बारिश का अनुमान है।

### त्रिपुरा में चार जिलों में जारी किया रेड अलर्ट

**अगरतला।** त्रिपुरा सरकार ने रविवार को चार जिलों-दक्षिण, धलाई, खोवाई और पश्चिम में रेड अलर्ट जारी किया। इन जिलों में बिजली चमकने के साथ तूफान आने, 60 से 70 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चलने और बहुत भारी बारिश होने की आशंका है, इसलिए यहां रेड अलर्ट जबकि शेष जिलों में ऑरेंज, येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## एक नजर

### बीएसएफ ने ड्रोन व 11 किलो हेरोइन पकड़ा

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सीमा पार से संचालित नार्को-सिंडिकेट्स को ध्वस्त करते हुए पंजाब के गुरदासपुर और अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्रों से एक ड्रोन और 11 किग्रा हेरोइन बरामद किया। शनिवार रात को बीएसएफ जवानों ने गुरदासपुर के सीमावर्ती क्षेत्र में एक ड्रोन की गतिविधि पर नज़र रखी और संदिग्ध स्थानों पर जवानों को तैनात किया। रविवार सुबह 5 :20 बजे बीएसएफ को गुरदासपुर के गांव अगवान में हेरोइन के दो पैकेट मिले। इसमें 11 किलो 36 ग्राम हेरोइन थी।

### मणिपुर में बांध के पास मिले तीन आईईडी

**इंफाल।** मणिपुर में सेना ने रविवार को इंफाल पूर्वी जिले के मफौ बांध के पास तीन इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर एक बड़ी घटना को टाल दिया। सेना के प्रवक्ता ने कहा कि माफौ बांध के पास नोंगडैम तांगखुल और एतम तांगखुल गांवों को जोड़ने वाली सड़क पर ये आईईडी बरामद किए गए। नियमित गश्त के दौरान, सेना के जवानों ने सड़क के किनारे एक साथ रखे हुए तीन आईईडी को बरामद किया और सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया।

# सपा सरकार में लोग डर से कांपते थे, अब थर-थर कांपता है माफिया

## मिर्जापुर में बोले प्रधानमंत्री, योगी माफिया की गर्मी उतारने में एक्सपर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ एजेंसी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार माफिया की सफाई अभियान को बड़ी बहादुरी के साथ पूरा कर रही है। योगी माफिया की गर्मी उतारने में एक्सपर्ट हैं। कहा कि सपा सरकार में जनता थर-थर कांपती थी, मगर भाजपा सरकार में माफिया थर-थर कांप रहे हैं। मोदी रविवार को मिर्जापुर जिले के मझवां में मिर्जापुर लोकसभा सीट से अपना दल की प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल, रॉबर्ट्सगंज से प्रत्याशी रिंकी कोल और दुद्धी (सोनभद्र) विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशी श्रवण कुमार गौड़ के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन घोर साम्प्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर पारिवारवादी है। ये लोग धार्मिक आधार पर आरक्षण लागू करके बाबा साहब की पीठ में छुरा भोंकना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता के एक-एक वोट की ताकत से जहां एक तरफ अयोध्या में श्रीराम मंदिर बना है तो वहीं दूसरी ओर मां विंध्यवासिनी का नव्य-भव्य धाम भी तेजी से बन रहा है।

मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वालों को देश अच्छी तरह से जान गया है। सपा ने अपने परिवार के अलावा किसी अन्य यादव को टिकट नहीं दिया। कहा कि कानून व्यवस्था और सपा का छत्तीस का आंकड़ा रहा है। जीवन और जमीन कब छिन जाए कोई नहीं जानता था। सपा में माफिया को भी वोट बैंक के हिसाब से देखा जाता था। मगर, अब ऐसा नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब इनके निशाने पर हमारे देश का पवित्र संविधान है। ये दलित, पिछड़ों और आदिवासियों का हक लूटना चाहते हैं। संविधान साफ-साफ कहता है कि धर्म के आधार पर आरक्षण हो ही नहीं सकता। 2012 में उप्र. विधानसभा चुनाव के समय जनवरी में सपा ने अपना घोषणापत्र जारी किया था। तब उसमें कहा था कि जैसे दलितों, पिछड़ों को आरक्षण मिला है वैसे ही मुसलमानों को आरक्षण दिया जाएगा। यहां मुख्यमंत्री योगी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, संजीव गौड़, सांसद पकौड़ी लाल कोल, राज्यसभा सांसद राम सकल सहित अन्य मौजूद रहे।



● मोदी ने कहा-सपा का कानून व्यवस्था से छत्तीस का आंकड़ा

### हम घर का मिस्त्री नहीं बदलते ये पीएम बदलेंगे

प्रधानमंत्री ने कहा हम जब अपना घर बनाते हैं तो हर महीने नया मिस्त्री नहीं लगाते। इंडी गठबंधन कह रहा है कि पांच साल में पांच प्रधानमंत्री होंगे। जब हम एक घर बनाने के लिए पांच बार मिस्त्री नहीं बदलते तो पांच प्रधानमंत्री कैसे रखेंगे। कोई प्रधानमंत्री अपनी कुर्सी बचाने में ही लगा रहेगा तो वो देश को मजबूत कैसे बनाएगा, इसलिए मजबूत देश के लिए प्रधानमंत्री भी मजबूत होना चाहिए।

### मेरा बचपन कप-प्लेट धोते धोते बीता

अपना दल के चुनाव चिह्न कप-प्लेट की ओर इशारा करते हुए मोदी ने मिर्जापुर की उम्मीदवार अनुप्रिया पटेल और राबर्ट्सगंज से प्रत्याशी रिंकी कोल की सराहना करते हुए कहा, मैं बचपन में कप प्लेट धोते-धोते बड़ा हुआ हूं। चाय पिलाते-पिलाते बड़ा हुआ हूं। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रहे कि आप सिर्फ एमपी नहीं, पीएम भी चुन रहे हैं।

# पूर्वी दिल्ली के बच्चा अस्पताल में लगी आग, सात शिशुओं की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बच्चों के एक अस्पताल में आग लगने से सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि 'बेबी केयर न्यू बॉर्न' अस्पताल में शनिवार रात करीब 11:30 बजे आग लग गई और जल्द ही यह दो अन्य इमारतों में भी फैल गई। संभागीय अग्निशमन अधिकारी राजेंद्र अटवाल ने कहा कि दो मंजिला इमारत में रखे ऑक्सीजन सिलेंडर में विस्फोट हुआ, जिससे आसपास की इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

घटना में दो बुटीक, बगल की इमारत में संचालित इंडसइंड बैंक का एक हिस्सा और भूतल पर स्थित एक दुकान भी क्षतिग्रस्त हो गई। इमारत के बाहर खड़ी एक एम्बुलेंस और एक स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हुई है।

डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि 12 नवजात शिशुओं को अस्पताल से निकाला गया लेकिन उनमें से सात की मौत हो गई। पांच शिशुओं का एक अन्य अस्पताल में इलाज किया जा रहा है और उनमें से कुछ मामूली रूप से झुलसे हैं। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि अस्पताल के मालिक नवीन किची के खिलाफ विवेक विहार पुलिस थाने में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को अस्पताल में आग लगने की घटना की जांच के निर्देश दिए हैं। रविवार को एक्स पर शोकसंतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा है कि घटना के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।



घटनास्थल की जांच के लिए पहुंची पुलिस, एकत्र किए नमूने। ● एजेंसी

● ऑक्सीजन सिलेंडर में ब्लास्ट के बाद लगी आग, जांच के आदेश

● आसपास की कई इमारतें, वाहन और एम्बुलेंस हुई क्षतिग्रस्त

### इमारत में आग लगने से तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर इलाके में शनिवार देर रात चार मंजिला आवासीय इमारत में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि 66 वर्षीय परमिला शाद नाम की महिला का जला हुआ शव इमारत की पहली मंजिल पर मिला। 18 वर्षीय केशव शर्मा एवं 34 वर्षीय अंजू शर्मा की अस्पताल में मौत हो गई। आग से पार्किंग में खड़े 11 दोपहिया वाहन भी राख हो गए।

# माफिया की नई श्रेणी में पशु और शिक्षा माफिया

विनय सिंह, लखनऊ

● शिक्षा माफिया अभी एक, पशु माफिया में 30 नाम

● पहले खनन, शराब व भूमाफिया की बनती थी श्रेणी

**अमृत विचार :** उप्र. पुलिस ने माफिया को चिन्हित करने की कड़ी में दो अन्य तरह के माफिया के लिए अलग से श्रेणी बनाई है। ये दो नई श्रेणियां हैं, शिक्षा माफिया और पशु माफिया। अब पशु और शिक्षा के क्षेत्र में गैरकानूनी कार्य करने वालों को सामान्य माफिया की श्रेणी में न रखकर अलग से बनाई गई श्रेणी में रखा गया है। लखनऊ जोन के दोनों परिक्षेत्रों को मिलाकर शिक्षा माफिया की श्रेणी में अभी एक ही नाम दर्ज हुआ है। जबकि पशु माफिया 30 की संख्या में हैं।

राज्य सरकार माफिया उन्मूलन को लेकर सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने लखनऊ जोन के घोषित पांच माफिया का तंत्र ध्वस्त कर दिया है। पुलिस खनन, शराब और जमीनों को लेकर गैरकानूनी कार्य करने वालों पर भी कार्रवाई कर रही है। खनन, शराब और जमीनों से जुड़े मामलों में माफिया को पुलिस पहले भी चिन्हित करके कार्रवाई करती रही है, लेकिन परीक्षाओं आदि में पेपर लीक कराने, परीक्षा सेंटर आवंटित कराने वाले व सामूहिक नकल कराने वाले माफिया और प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी आदि करने वाले माफिया की अलग से श्रेणी नहीं बनी थी।

### सर्वाधिक पशु-शराब माफिया बाराबंकी में

लखनऊ जोन में सर्वाधिक पशु माफिया बाराबंकी में हैं। यहां 10 पशु माफिया घोषित हैं। इस जिले में सर्वाधिक 11 शराब माफिया भी सक्रिय हैं। अमेठी में खनन, पशु, जमीन और शिक्षा की श्रेणी में एक भी माफिया नहीं है।

### जोन में किस श्रेणी के कितने माफिया हैं

लखनऊ जोन के माफिया की सूची में खनन माफिया की संख्या दो है। जबकि शराब माफिया की संख्या 45 है। भू-माफिया की संख्या 10 और पशु माफिया की संख्या 30 है। अन्य तरह के कुल 49 माफिया भी सूची में दर्ज हैं।

### शिक्षा माफिया की श्रेणी में अभी एक ही नाम

पुलिस ने शिक्षा माफिया की श्रेणी बनाने के बाद नाम भी दर्ज करना शुरू कर दिया है। अभी इस श्रेणी में केवल एक ही नाम दर्ज है। अंबेडकरनगर जिले के लखमीपुर थाना आलापुर निवासी मनोज गोस्वामी को लखनऊ जोन में घोषित शिक्षा माफिया की श्रेणी में रखा गया है। मनोज पर जिले के आलापुर और टांडा थाने में छह मामले दर्ज हैं। यहीं से गैंगेस्टर लगाया गया है। इसके अलावा आजमगढ़ के मुबारकपुर में भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

# रोडवेज बस-मैजिक में भीषण टक्कर, 5 की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर थाना खीरी क्षेत्र के गांव चहमलपुर के पास लखीमपुर डिपो की अनुबंधित बस और मैजिक में भीषण टक्कर होने से पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि आठ लोग घायल हो गए। तीन यात्रियों को जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया है। हादसा दोपहर डेढ़ बजे के करीब हुआ।

लखीमपुर डिपो की अनुबंधित बस लखीमपुर से सवारियां भरकर सिसैया की तरफ जा रही थी, जबकि सिसैया से सवारियां भरकर एक मैजिक लखीमपुर आ रही थी। थाना खीरी क्षेत्र के चहमलपुर गांव के निकट मैजिक के ओवरटेक करने के दौरान मैजिक और रोडवेज बस में आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज हुई कि मोनिस (30) पुत्र अच्छन बेग निवासी इब्राहिमपुर थाना ईसानगर, अमन (7)पुत्र जितेंद्र निवासी जसवंतनगर थाना खमरिया, रिजवान(30)पुत्र सुहान निवासी सिसैया थाना धौरहरा, बुधराम(35) पुत्र रामधन निवासी राजापुर बनकटा थाना मोतीपुर की मौके पर मौत हो गई। जबकि एक यात्री ने अस्पताल में दम तोड़ दिया, जिसकी पहचान खबर लिखे जाने तक नहीं हो सकी है।

हादसे में संदीप (15), आकाश (20), रमेश (30), शशिकला (25), पंकज (20), अभिनंदन (22), शत्रोहन व आकाश सहित कुल आठ लोग घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालत अधिक गंभीर होने पर डॉक्टर ने रमेश (30) पुत्र काले निवासी राजापुर जिला बहराइच, शत्रोहन पुत्र अज्ञात निवासी लखनऊ व आकाश पता अज्ञात को लखनऊ रेफर किया है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और एसपी गणेश प्रसाद साहा ने घटनास्थल का निरीक्षण कर बचाव एवं राहत कार्य देखा। हादसे के बाद हाईवे पर भीषण जाम लग गया। तीन घंटे बाद जाम खुल सका। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्रशासन की ओर से सभी घायलों की हर संभव मदद की जा रही है। वहीं एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि ओवरटेक के कारण हादसा होने की बात सामने आ रही है।



पीलीभीत हाईवे पर हादसे में क्षतिग्रस्त मैजिक व घटना स्थल पर लगी भीड़।

● तीन की हालत गंभीर, जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर

● बस्ती हाईवे पर थाना खीरी क्षेत्र के चहमलपुर के पास हुआ हादसा

# बताएं, किस कानून से चल रहा था गेम जोन

अहमदाबाद, एजेंसी

**गेम जोन हादसा**

● हाईकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान अधिकारियों से मांगी रिपोर्ट

गुजरात हाईकोर्ट की विशेष पीठ ने रविवार को राजकोट के गेम जोन में आग लगने की घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे प्रथम दृष्टया मानव निर्मित आपदा बताया है। इस हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव और न्यायमूर्ति देवन देसाई की खंडपीठ ने कहा कि ऐसे गेमिंग जोन और मनोरंजक सुविधाएं सक्षम अधिकारियों से आवश्यक मंजूरी के बिना बनाए गए हैं। पीठ ने अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत और राजकोट नगर निगमों के अधिवक्ताओं को निर्देश दिया कि वे सोमवार को इस निर्देश के साथ उपस्थित हों कि कानून के किन प्रावधानों के तहत अधिकारियों ने इन इकाइयों को अपने अधिकार क्षेत्र में स्थापित किया या संचालित करना जारी रखा।

राजकोट में शनिवार शाम लगी भीषण आग में 27 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें 12 साल से कम उम्र के चार बच्चे भी शामिल थे।

# सेना प्रमुख जनरल पांडे का कार्यकाल एक माह बढ़ा

**नई दिल्ली।** सरकार ने एक महत्त्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का कार्यकाल एक महीने बढ़ा दिया है। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि जनरल पांडे 31 मई को सेवानिवृत होने वाले थे लेकिन अब वह 30 जून को सेवानिवृत्त होंगे। कहा गया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने सेना नियमों 1954 के नियम 16ए (4) के तहत यह निर्णय लिया है। जनरल पांडे को दिसंबर 1982 में सेना की इंजीनियर कोर में कमीशन मिला था।



# नैनीताल में उमड़े पर्यटक, ट्रैफिक व्यवस्था हुई ध्वस्त

**सरोवर नगरी के रास्तों पर लगा 10-15 किमी लंबा जाम -पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोगों को हुई समस्या**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होते ही सरोवर नगरी नैनीताल में पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों की तादाद में पर्यटकों के पहुंचने पर पुलिस का ट्रैफिक प्लान धड़ाम हो गया। नैनीताल जाने वाले हर रास्ते पर सात-आठ घंटे तक जाम लगा रहा। इस जाम में पर्यटकों, स्थानीय लोगों के वाहनों समेत कई एंबुलेंस भी फंसी रहीं। पुलिस ने मशक्कत के बाद सुबह लगा जाम शाम तक खुलवाया।

दिल्ली, उत्तर प्रदेश समेत मैदानी राज्यों में पड़ रही भारी गर्मी व स्कूलों में अवकाश के बाद अचानक पर्यटकों की भीड़ नैनीताल की ओर रुख कर रही है। इस वजह से नैनीताल व आसपास के सभी होटल पैक हो चुके हैं वहीं रास्तों पर भी हजारों वाहनों के पहुंचने से जाम लग रहा है। रविवार को नैनीताल जाने वाले सभी रास्तों पर 10 से 15 किमी लंबा जाम लग गया। सुबह 10-11 बजे से जाम लगने का सिलसिला शुरू हुआ जो शाम 4-5 बजे तक जारी रहा। पुलिस ने जाम से निबटने के लिए अलग-अलग रूटों पर पार्किंग एवं शटल सेवा, जिन पर्यटकों की सरोवर नगरी में बुकिंग थी, सिर्फ उन्हीं को नैनीताल में जाने की अनुमति देने समेत कई नियम बनाए मगर पुलिस के ये इंतजाम नाकाफी रहे। सभी रास्तों पर वाहनों की लंबी कतारें लगने से सिर्फ पर्यटक नहीं बल्कि स्थानीय लोगों को भी दिक्कतें हुई।



नैनीताल में पर्यटकों के उमड़ने से रविवार को माल रोड पर जाम में फंसी गाड़ियां।

### कैंचीधाम से भीमताल तक रेंगते रहे वाहन

बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इस वजह से कैंचीधाम में भी कई किमी लंबा जाम लगा रहा। कैंचीधाम से भीमताल तक लगभग 40 किमी का सफर में वाहन रेंगते रहे। वहीं भीमताल, भवाली की प्रमुख मार्ग पर वाहनों की कतार लगने से क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी हुई।

> मैदानी क्षेत्रों से पर्यटक बहुत बड़ी संख्या में आ रहे हैं, इस वजह से सड़कों पर यातायात का बोझ बढ़ गया है। अधिकांश पुलिस बल को ट्रैफिक में लगाया गया है। शटल सेवा चलाई जा रही है। जिन पर्यटकों की होटल में बुकिंग नहीं है, उन्हें बाहर ही रोका जा रहा है।
>
> – **प्रहलाद नारायण मीणा**, एसएसपी, नैनीताल

# फाइनल में लड़खड़ाई हैदराबाद

## केकेआर ने रचा इतिहास, खिताबी मुकाबले में सबसे कम 113 रन पर सनराइजर्स को किया ढेर




चेन्नई, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों ने घातक गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के खिताबी मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 18.3 ओवर में 113 रनों के स्कोर पर समेट दिया है। बता दें कि आईपीएल के इतिहास में किसी भी फाइनल मुकाबले में यह सबसे कम स्कोर है। इससे पहले साल 2013 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स ने 9 विकेट गंवाकर 125 रन का स्कोर खड़ा किया था।

सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में अभिषेक शर्मा (2) का विकेट गवां दिया। अभिषेक को मिचेल स्टार्क ने बोल्ड आउट किया। अगले ही ओवर में वैभव अरोड़ा ने ट्रैविस हेड (शून्य) को भी पवेलियन भेज दिया। पांचवें ओवर में राहुल त्रिपाठी (9) भी मिचेल का शिकार बन गये। एडन मारक्रम और नितीश कुमार रेड्डी ने पारी को संभालने का प्रयास किया।

कोलकाता के गेंदबाजों के आगे हैदराबाद का कोई भी बल्लेबाज नहीं टिक सका और एक के बाद एक खिलाड़ी आउट होते गये। सातवें ओवर में हर्षित राणा ने नितीश कुमार रेड्डी (13) को आउट कर दिया। उसके बाद 11वें ओवर में हर्षित ने एडन मारक्रम (16) को बोल्ड आउट किया। शाहबाज अहमद (8), अब्दुल समद (4), जयदेव उनादकट (4) रन बनाकर आउट हुए।

कप्तान पैट कमिंस 18 गेंदों में सर्वाधिक 24 रनों की पारी खेली। हैदराबाद की टीम 18.3 ओवर में 113 रन पर सिमट गई। कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से आंद्र रसल को तीन विकेट मिले। मिचेल स्टार्क और हर्षित राणा ने दो-दो विकेट लिए। वैभव अरोड़ा , सुनील नारायण और वरूण चक्रवर्ती ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

**2013** में मुंबई इंडियंस के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स ने बनाया था 125 रन का स्कोर

**हैदराबाद 113/10** — 18.3 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा बोल्ड स्टार्क | 2 | 5 | 0/0 |
| ट्रेविस हेड कैच गुरबाज बो वैभव | 0 | 1 | 0/0 |
| राहुल त्रिपाठी कैच रमनदीप बो स्टार्क | 9 | 13 | 1/0 |
| एडेन मारक्रम कैच स्टार्क बो रसल | 20 | 23 | 3/0 |
| नीतिश रेड्डी कैच गुरबाज बो हर्षित राणा | 13 | 10 | 1/1 |
| हेनरिच क्लासेन बोल्ड हर्षित राणा | 16 | 17 | 1/0 |
| शहबाज अहमद कैच नरेन बो वरूण | 8 | 7 | 0/1 |
| अब्दुल शमद कैच गुरबाज बो रसल | 4 | 4 | 0/0 |
| पैट कमिंस कैच स्टार्क बो रसल | 24 | 19 | 2/1 |
| जयदेव उनादकट पगबाधा नरेन | 4 | 11 | 0/0 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 3-0-14-2, वैभव अरोरा 3-0-24-1, हर्षित राणा 4-0-24-2, सुनील नरेन 4-0-16-1, आंद्रे रसल 2.3-0-20-3, वरूण चक्रवर्ती 2-0-9-1



फाइनल मुकाबले में हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड को शून्य पर आउट करने के बाद जश्न मनाते केकेआर के खिलाड़ी।

चेन्नई के मैदान में आईपीएल फाइनल में अपनी-अपनी टीम का उत्सावर्धन करने पहुंचे लोग



## दमखम और कौशल पर काम कर रही हैं मुक्केबाज नीतू

**नई दिल्ली।** झटकों से विचलित हुए बिना भारतीय मुक्केबाज नीतू गंघास अपने दमखम और कौशल पर मेहनत करते हुए इस साल विश्व चैंपियनशिप और 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक की तैयारी कर रही हैं।

नीतू ने 48 किलो वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन यह श्रेणी ओलंपिक में शामिल नहीं है। उसने 2022 राष्ट्रमंडल खेल और 2023 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। निकहत जरीन ने 50 किलो वर्ग में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है जिससे नीतू को 54 किलो में जाना पड़ा। वह हालांकि नए वर्ग में एशियाई खेलों (पहले ओलंपिक क्वालीफायर) की टीम में जगह नहीं बना सकी चूंकि प्रीति पंवार का स्कोर बेहतर था। प्रीति ने एशियाई खेलों से ही पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया। नीतू ने भारतीय खेल प्राधिकरण के फिट इंडिया चैंपियंस में कहा, मैं कदम दर कदम रणनीति बनाऊंगी और 54 किलो वर्ग में मजबूत होने की कोशिश करूंगी।

## खिलाड़ियों को जल्दी वापस बुलाकर इंग्लैंड ने गलती की

चेन्नई, एजेंसी



पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि पाकिस्तान के खिलाफ टी20 श्रृंखला खेलने के लिए अपने क्रिकेटरों को आईपीएल से वापिस बुलाकर इंग्लैंड ने गलती की क्योंकि उन्हें प्लेआफ में दबाव के हालात में खेलने का अनुभव नहीं मिल सका जो टी20 विश्व कप में काम आता। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर (राजस्थान रॉयल्स), फिल साल्ट (कोलकाता नाइट राइडर्स) और विल जैक्स (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू) को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान के खिलाफ चार मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए वापिस बुला लिया था जिसकी सुनील गावस्कर समेत भारत के पूर्व क्रिकेटरों ने आलोचना की थी।

वॉन ने क्लब प्रेयरी फायर पॉडकास्ट में कहा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट पहले है लेकिन आईपीएल में दबाव उससे कम नहीं। इन खिलाड़ियों को प्रशंसकों, मालिकों और सोशल मीडिया के जिस दबाव का सामना करना होता है, वह बहुत बड़ा है। इंग्लैंड ने खिलाड़ियों को वापिस बुलाकर उस दबाव के अनुभव से वंचित कर दिया। आईपीएल प्लेआफ के दबाव, दर्शकों के दबाव से तैयारियां पाकिस्तान के खिलाफ टी20 खेलने से कहीं बेहतर होती। खास तौर पर साल्ट और जैक्स को तो बहुत कुछ सीखने को मिलता और उनकी तैयारी मजबूत होती। मैं पाकिस्तान या इंग्लैंड टीम का अपमान नहीं कर रहा लेकिन आईपीएल में दबाव बहुत होता है और इसका स्तर उस द्विपक्षीय श्रृंखला से बेहतर है।

## ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक नहीं खेलेंगे नीरज

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने रविवार को स्पष्ट किया कि वह चोटिल नहीं हैं लेकिन हाल ही में अभ्यास के दौरान मांसपेशियों में कुछ महसूस होने के बाद उन्होंने एहतियात के तौर पर चेक गणराज्य में 28 मई को होने वाली ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2024 एथलेटिक्स मीट में भाग नहीं लेने का फैसला किया।

चोपड़ा ने कहा कि ओलंपिक वर्ष में वह कोई जोखिम नहीं लेना चाहते थे लिहाजा इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा हाल ही में एक थ्रोइंग सत्र के बाद मैने ओस्ट्रावा में नहीं खेलने का फैसला किया क्योंकि मुझे एडक्टर मांसपेशी में कुछ महसूस हुआ। पहले भी मुझे



इसमें दिक्कत रही है और इस समय मैं जोखिम नहीं लेना चाहता। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि मैं चोटिल नहीं हूं लेकिन मैं ओलंपिक वर्ष में कोई जोखिम नहीं लेना चाहता। यही वजह है कि मैने यह फैसला लिया। पूरी तरह उबरने के बाद मैं फिर स्पर्धाओं में भाग लूंगा। चोपड़ा ने इस सत्र में दो स्पर्धाओं दोहा डायमंड लीग और फेडरेशन कप में भाग लिया है। वह अतिथि के तौर पर इस टूर्नामेंट में पहुंचेंगे। चोपड़ा के स्पष्टीकरण से चंद घंटे पहले आयोजकों ने कहा था कि वह चोट के कारण टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं। आयोजकों ने एक बयान में कहा था चोपड़ा को दो सप्ताह पहले अभ्यास के दौरान मांसपेशी में चोट लगी थी जिसकी वजह से वह ओस्ट्रावा में नहीं खेल सकेंगे लेकिन अतिथि के तौर पर यहां आएंगे। मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में रजत पदक जीता और भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में स्वर्ण पदक हासिल किया था। चोपड़ा को मूल रूप से गोल्डन स्पाइक में भाग नहीं लेना था लेकिन दोहा डायमंड लीग के दौरान उन्होंने कहा था कि वह इसमें खेलेंगे। चोपड़ा की जगह अब यूरोपीय चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर इसमें भाग लेंगे।

## खेल डायरी

### एशियाई चैंपियनशिप में दीपा ने स्वर्ण जीत रचा इतिहास

**ताशकंद।** शीर्ष भारतीय जिमनास्ट दीपा करमाकर रविवार को यहां महिला वॉल्ट स्पर्धा में पीला तमगा हासिल कर एशियाई सीनियर चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली देश की पहली जिमनास्ट बन गईं। दीपा (30 वर्ष) ने प्रतियोगिता के आखिरी दिन वॉल्ट फाइनल में 13 .566 का औसत स्कोर बनाया। उत्तर कोरिया की किम सोन हयांग (13 .466) और जो क्योंग ब्योल (12 .966) ने क्रमश : रजत और कांस्य पदक जीते। रियो ओलंपिक 2016 में वॉल्ट फाइनल में चौथे स्थान पर रही दीपा ने 2015 चरण में इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। आशीष कुमार ने 2015 एशियाई चैम्पियनशिप में व्यक्तिगत फ्लोर एक्सरसाइज में कांस्य पदक जीता था। प्रणति नायक ने भी 2019 और 2022 चरण में वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था। डोपिंग उल्लघंन के कारण 21 महीने के निलंबन के बाद पिछले साल वापसी करने वाली दीपा आगामी पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर हैं।

### फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में पहुंची ओसाका

**पेरिस।** जापान की नाओमी ओसाका ने फ्रेंच ओपन 2024 के शुरुआती दिन रविवार को यहां लूसिया ब्रोंजेटी के खिलाफ महिला एकल के शुरुआती दौर में संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की। फ्रेंच ओपन टेनिस में सातवीं बार खेल रही ओसाका ने शुरुआती सेट की निराशा से उबरते हुए विश्व रैंकिंग में 48वें पायदान पर काबिज ब्रोंजेटी पर 1-6, 6-4, 7-5 की जीत दर्ज की। रोलां गैरां में ब्रोंजेटी की तीन प्रयास में यह तीसरी हार है। दयान यास्त्रेमस्का ने अजला टोमलजानोविक को शिकस्त दी तो वहीं डोना वेकिच के खिलाफ पीठ दर्द की समस्या के कारण लेसिया त्सुरेंको पहले सेट के बीच में ही मैच से हट गईं। पुरुषों के ड्रा में विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज आंद्रे रुबलेव ने टारो डेनियल को हराया।

### श्रीहरि ने मेयर नोस्ट्रम तैराकी में रजत जीता

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज ने फ्रांस में चल रहे 30वें मेयर नोस्ट्रम तैराकी टूर्नामेंटमें 50 मीटर बैकस्ट्रोक में रजत पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक खेल चुके नटराज ने 25 .50 सेकंड का समय निकालकर हंगरी के एडम जास्जो के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। ब्रिटेन के स्कॉट गिब्सन को कांस्य पदक मिला। नटराज का इस वर्ग में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 25 .11 सेकंड का है। 50 मीटर बैकस्ट्रोक ओलंपिक स्पर्धा नहीं है। पेरिस ओलंपिक के लिए अभी तक कोई भारतीय तैराक क्वालीफाई नहीं कर सका है। तोक्यो ओलंपिक में साजन प्रकाश और नटराज ने क्वालीफाई किया था।

### भारतीय महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से हारी

**एंटवर्प (बेल्जियम)।** भारतीय महिला हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम चरण में हार का सिलसिला जारी रहा और उसे रविवार को अर्जेंटीना से 0-3 से पराजय मिली। भारत के बेल्जियम चरण के अंतिम मैच में अर्जेंटीना के लिए सेलिना डि सैंटो (पहले मिनट), मारिया कैंपॉय (39वें) और मारिया ग्रेनाटो (47वें मिनट) ने गोल किए। अर्जेंटीना ने पहले ही मिनट में बढ़त बना ली जब डि सैंटो ने ग्रेनाटो के शॉट पर गोल दागा। दीपिका भारतीय टीम को मिले एक पेनल्टी कॉर्नर का फायदा नहीं उठा सकीं। भारत को तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन कोई गोल नहीं हुआ।

### लिम से हारी दीपिका, विश्व कप से लौटेंगी खाली हाथ

**येचियोन (दक्षिण कोरिया)।** मां बनने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वापसी कर रही दीपिका कुमारी तीरंदाजी विश्व कप में लगातार दूसरे पदक से चूककर दुनिया की दूसरे नंबर की तीरंदाज लिम सिहियोन और तीसरे नंबर की अलेजांद्रा वालेंशिया से हार गई। भारतीय तीरंदाजों को विश्व कप के दूसरे चरण से रिकर्व वर्ग से खाली हाथ लौटना पड़ेगा जबकि कंपाउंड वर्ग में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है। रिकर्व स्पर्धाएं ओलंपिक का हिस्सा हैं। भारत ने कंपाउंड वर्ग में महिला टीम स्पर्धा का स्वर्ण और मिश्रित टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता है लेकिन दीपिका को छोड़कर रिकर्व वर्ग में कोई तीरंदाज पदक दौर में नहीं पहुंचा। दक्षिण कोरिया की 20 वर्ष की लिम ने सेमीफाइनल में जीत दर्ज की।

## फाइनल में फिर नरम पड़ी सिंधू की कलाई

कुआलालंपुर, एजेंसी

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का पिछले दो साल से चला आ रहा खिताब का इंतजार और लंबा हो गया क्योंकि उन्हें मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में रविवार को यहां विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज चीन की वांग झी यी से हार का सामना करना पड़ा। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता सिंधू तीन गेम तक चले 79 मिनट के मुकाबले के निर्णायक गेम में 11-3 की बड़ी बढ़त के बावजूद 21-16 5-21 16-21 से हार गई। वांग ने वापसी करते हुए आखिरी 23 में से 18 अंक जीत कर खिताब अपने नाम किया।

विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू इससे पहले 2022 सिंगापुर ओपन खिताब अपने नाम करने में सफल रही थी और पिछले साल मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में उपविजेता रही थी। पांचवी वरीयता प्राप्त सिंधू अगर चैंपियन बनती तो



● मलेशिया मास्टर्स के खिताबी मुकाबले में वांग से हारीं सिंधू

सोने पर सुहागा होता लेकिन फाइनल तक के सफर में इस प्रभावशाली प्रदर्शन से पेरिस ओलंपिक से पहले उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। सिंधू मैच के अधिकांश मौजूदा एशियाई चैंपियन वांग के खिलाफ दबदबा बनाने में सफल रही लेकिन निर्णायक गेम में ब्रेक के बाद उन्होंने लय गंवा दी और वांग ने शानदार वापसी कर जीत दर्ज की।

दिलचस्प बात यह है कि सिंधू ने अपना पिछला फाइनल सिंगापुर ओपन में वांग के खिलाफ ही जीता था। वह हालांकि पिछले साल आर्कटिक ओपन में वांग से हार गई थीं, लेकिन उन्होंने इससे पहले तीन मुकाबलों में चीन की खिलाड़ी को दो बार हराया था।

सिंधू ने पिछले काफी समय से कैरोलिना मारिन, ताई त्जु यिंग, चेन यू फेई और अकाने यामागुची जैसी बड़ी खिलाड़ियों को हराने में विफल रही है और पेरिस ओलंपिक में उन्हें इन खिलाड़ियों के कड़ी चुनौती मिल सकती है। घुटने की चोट से उबर कर खेलों में वापसी कर रही सिंधू का फाइनल में पहुंचने से आत्मविश्वास जरूर बढ़ेगा। सिंधू अब मंगलवार से शुरू होने वाले सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगी। यह खिलाड़ी बेंगलुरु के प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी में अभ्यास करती हैं। वह वांग के खिलाफ जीतने की स्थिति में होने के बावजूद मैच गंवाने की खामी को दूर करना चाहेंगी।

## टी20 में वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को 16 रन से हराया

**किंगस्टन।** रॉस्टन चेज नाबाद (67) और कप्तान ब्रैंडन किंग (36) की शानदार बल्लेबाजी और उसके बाद गुडाकेश मोती की 22 रन पर तीन विकेट की घातक गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने दूसरे टी-20 में मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन से हरा दिया है। इसी के साथ वेस्टइंडीज तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

शनिवार देर रात सबाइना पार्क में 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 81 रन जोड़े। डिकॉक 17 गेंदों में 41 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, हेंड्रिक्स 18 गेंदों में 34 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सका। दक्षिण अफ्रीका सात विकेट पर 191 रन ही बना सकी और 16 रन से मुकाबला हार गई।

## प्रशासक की नियुक्ति के बाद विकल्प तलाश रहा है ईएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) अपने कामकाज के संचालन के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा तदर्थ समिति के गठन के बाद कानूनी विकल्पों पर विचार कर रहा है। ईएफआई ने कहा कि अदालत के इस फैसले से इस गरीब खेल महासंघ पर भारी वित्तीय बोझ पड़ जाएगा जो या तो समिति को फीस दे सकता है या खेल के विकास के लिए काम कर सकता है। अदालत ने राजस्थान घुड़सवारी संघ की याचिका पर यह फैसला सुनाया था।

आरईए ने ईएफआई कार्यकारी समिति के सदस्यों के कार्यकाल में विस्तार को चुनौती देते हुए कहा था कि यह खेल कोड के खिलाफ है। एक अलग याचिका में आरईए ने आरोप लगाया था कि ईएफआई ने क्लबों और संस्थानों को मताधिकार देकर खेल कोड का उल्लंघन किया



है क्योंकि प्रदेश संघों को ही मतदान का अधिकार है। ईएफआई के एक सूत्र ने कहा हमारा सालाना राजस्व दो करोड़ रूपये हैं और कम से कम एक करोड़ तदर्थ समिति की फीस में चला जाएगा अगर वह एक साल तक काम करती है। आदेश के तहत ईएफआई को समिति के अध्यक्ष को प्रतिमाह पांच लाख रूपये और दो सदस्यों को एक एक लाख रूपये देने होंगे। ईएफआई गरीब महासंघ है और इतना पैसा एक समिति को नहीं दे सकता। ईएफआई के चयनित सदस्यों ने अपने काम के लिये एक रूपया तक नहीं लिया है। वे निस्वार्थ काम करते आये हैं। अगर समिति को भुगतान करना पड़ा तो कोचिंग शिविर बंद करने पड़ेंगे तथा टूर्नामेंटों की संख्या में कटौती करनी होगी।

## अमेरिका में ऐतिहासिक होगा टी-20 विश्व कप : प्रधान

न्यूयॉर्क, एजेंसी

न्यूयॉर्क में भारत के महा वाणिज्यदूत बिनय श्रीकांत प्रधान ने कहा है कि अमेरिका में टी20 विश्व कप ऐतिहासिक टूर्नामेंट होगा जिसे लेकर भारतवंशियों के साथ अमेरिकी लोगों में भी इसे लेकर काफी उत्साह है और क्रिकेट को देश में मुख्यधारा में लाने में यह अहम भूमिका निभाएगा।

प्रधान ने कहा पहली बार अमेरिकी धरती पर क्रिकेट का विश्व कप खेला जा रहा है। इसे लेकर भारतवंशियों में ही नहीं बल्कि अमेरिका के लोगों में भी भारी उत्साह है।अमेरिकी कांग्रेस सदस्य, सीनेटर, जन प्रतिनिधि सभी इसके बारे में बात कर रहे हैं। टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में दो से 29 जून तक खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ यहां नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अपने अभियान का आगाज करेगी। भारत और पाकिस्तान का मैच यहां नौ जून को होना है। प्रधान ने कहा मुझे यकीन है कि यह ऐतिहासिक आयोजन होगा। टीम इंडिया कई तरह से भारत का प्रतिनिधित्व करती है। हम उनका स्वागत करने को बेताब हैं और उनकी हौसलाअफजाई भी करेंगे। भारतीय टीम पहली बार अमेरिका की टीम से खेलेगी, यह बड़ा पल होगा। भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर उन्होंने कहा इसे लेकर काफी उत्साह है। कई जानी-मानी हस्तियां इसे देखने पहुंचेंगी। बाकी मैच भी महत्वपूर्ण हैं लेकिन भारत-पाकिस्तान मैच हमेशा चर्चा का केंद्रबिंदु रहता है।

ICC MEN'S T20 WORLD CUP WEST INDIES & USA 2024

## बॉलीवुड हलचल

### मनोरंजन से भरपूर होगी मिस्टर एंड मिसेज माही

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही, मनोरंजन से भरपूर फिल्म है और उसमें दर्शकों को रोमांस, इमोशन,फाइट सब कुछ देखने को मिलने वाला है। राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। राजकुमार राव ने बताया है कि फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में दर्शकों को रोमांस, इमोशन,फाइट सब कुछ देखने को मिलने वाला है। उन्होंने बताया, मिस्टर एंड मिसेज माही यह आप सभी की कहानी है। इस फिल्म में मेरे किरदार का नाम है महेंद्र, जो एक असफल क्रिकेटर है। महेंद्र अपना सपना पत्नी के जरिए जीते हैं। पहले महिमा क्रिकेट खेलती थीं और महेंद्र उन्हें सपोर्ट करेंगे। शरण शर्मा द्वारा निर्देशित और जी स्टूडियो और धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई को रिलीज होगी।



### मिस्टर इंडिया का सीक्वल बनाने के लिए बेताब बोनी

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार बोनी कपूर अपनी सुपरहिट फिल्म मिस्टर इंडिया का सीक्वल बनाने के लिए बेताब हैं। बोनी कपूर ने वर्ष 1987 में अनिल कपूर, श्रीदेवी और अमरीशपुरी को लेकर सुपरहिट फिल्म मिस्टर इंडिया बनाई थी। शेखर कपूर के निर्देशन में बनी फिल्म मिस्टर इंडिया, 25 मई 1987 को प्रदर्शित हुई थी। मिस्टर इंडिया के सीक्वल पर बोनी कपूर ने एक अपडेट दिया है। इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें 'मिस्टर इंडिया' के सेट से पर्दे के पीछे की कई फोटोज हैं। बोनी ने कैप्शन में लिखा, दिखाई नहीं देने वाली घड़ी अभी भी ऑर्बिट में है। इसने 37 साल पूरे कर लिए हैं। इस जादू को फिर से चलाने के लिए रिचार्ज हो रहा हूं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# तेज रफ्तार बनी काल, सड़क पर इधर-उधर बिखरे लोग

## सड़क पर खून से लथपथ पड़े शव, बयां कर रहे थे हादसे की भयावता, मैजिक को काटकर चालक को निकाला, सवार थे 13 यात्री

कार्यालय लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले में अफसर तेज रफ्तार और डग्गामार वाहनों पर तमाम कोशिशों के बाद भी लगाम नहीं कस पा रहें है। चहमलपुर के पास हादसे की मुख्य वजह तेज रफ्तार बनी। इसके बाद भी चालक सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। पुलिस और ट्रैफिक पुलिस की खास कृपा से जिले में अवैध तरीके से मैजिकों का संचालन हो रहा है। निर्धारित संख्या से कई गुना अधिक सवारियां बैठाकर पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर डग्गामार वाहन फर्राटा भरते नजर आते हैं।

पीलीभीत बस्ती हाईवे पर रविवार को सवारियों से भरी एक रोडवेज की अनुबंधित बस लखीमपुर की तरफ आ रही थी। खीरी थाना क्षेत्र के चहमलपुर गांव के पास सामने से सवारियां लेकर एक मैजिक लखीमपुर आ रही थी। हादसा इतना जोरदार था कि मैजिक रोड पर ही पलट गई। मैजिक में 13 लोग सवार थे। हादसे में बस की टक्कर से मैजिक के परखच्चे उड़ गए। तीन शव हाईवे पर इधर-उधर पड़े थे। सड़क खून से लाल थी। मैजिक में फंसे घायलों को बाहर निकालने के लिए पुलिस को घंटो जद्दोजहद करनी पड़ी। यहां तक कि मैजिक की खिड़कियां तोड़ कर उन्हें बाहर निकाला जा सका। हादसे को देख कर मौके पर मौजूद लोगों की रूह कांप उठी। और हर किसी की आंखें नम हो गई। हादसे के बाद सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगने से हाईवे पूरी तरह से जाम हो गया। मैजिक और शवों को हटाने पर करीब तीन घंटे बाद यातायात शुरू हो सका।


घटनास्थल पर मौजूद डीएम-एसपी व एसडीएम सदर। अमृत विचार


जिला अस्पताल में सीओ सिटी से जानकारी लेते डीएम महेंद्र बहादुर सिंह।

### भूसे की तरह सवारियां ठूंस कर भरते हैं फर्राटा

जिले में वाहनों में भूसे की तरह सवारियों का ठूंसकर भरा जाता है। यह मैजिक, बसें और टेंपो आदि थानों और पुलिस चौकियों के सामने से फर्राटा भरते हैं। इतना ही नहीं सवारियों को चालक पायदान व खिड़कियों पर भी लटकाते हैं। वाहन की अगली सीट पर दो की जगह पांच सवारियां भी ठूंस कर बैठाई जाती है, लेकिन जिम्मेदारों की नजर इन पर नहीं जाती है। हादसा होने पर एक-दो दिन तक तो प्रशासन अभियान चलाकर कार्रवाई करता है, लेकिन बाद में व्यवस्था फिर वही पुराने रास्ते पर आ जाती है।

### हादसे के बाद गायब हुईं अवैध टैक्सियां

हादसे की जानकारी होते ही शहर में संचालित अवैध टैक्सी स्टैंडों से मैजिकें, टेंपो आदि गायब हो गए। इससे अवैध मैजिक स्टैंडां पर सन्नाटा छाया रहा, जिसके चलते यात्रियों को लखीमपुर से गोला और राजापुर चौराहे से सिसैया जाने के लिए मैजिक नहीं मिली। यात्री बसों और अन्य साधनों के लिए भटकते नजर आए। शहर के देवकली रोड पर पुलिस और ट्रैफिक पुलिस की सांठगांठ से अवैध स्टैंड काफी समय से संचालित हो रहा है। वहीं राजापुर पुलिस चौकी के पास से एक लेखपाल के खाली प्लॉट से अवैध तरीके से मैजिकों का संचालन किया जाता है, लेकिन अवैध कमाई के कारण पुलिस इन वाहनों पर कार्रवाई नहीं करती है।

### अफसरों ने ट्रीटमेंट की ली जानकारी

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह आदि के साथ पहले ने दुर्घटना स्थल पहुंचे और जायजा लिया। इसके बाद ओयल स्थित जिला अस्पताल पहुंचकर घायल व्यक्तियों को इमरजेंसी वार्ड में देखा। चिकित्सकों से घायलों को दिए जा रहे मेडिकल ट्रीटमेंट की जानकारी ली। समुचित इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी (पूर्वी) पवन गौतम, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह ने भी जिला अस्पताल में मुस्तैद रहकर मेडिकल ट्रीटमेंट की जानकारी ली। इस दौरान सीओ सदर रमेश चंद्र तिवारी, नायब तहसीलदार अश्विनी सिंह सुनील कुमार, एसीएमओ डॉ अनिल गुप्ता, शहर कोतवाल अंबर सिंह आदि अफसर भी मौजूद रहे।

### टापरपुरवा के पास ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

**धौरहरा, अमृत विचार :** धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के नौबस्ता गांव निवासी छोटू उर्फ प्रेम शंकर यादव एक ठेकेदार की साइड पर काम करने ट्रैक्टर लेकर गया था। दो माह बाद छोटू अपना ट्रैक्टर श्रावस्ती से लेकर वापस अपने घर नौबस्ता गांव आ रहा था। तभी धौरहरा क्षेत्र के टापरपुरवा गांव के पास रात 12 बजे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके नीचे चालक छोटू दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची कफारा चौकी पुलिस ने घायल ट्रैक्टर चालक को अपने निजी वाहन से सीएचसी धौरहरा भेजा, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उसकी उपचार के उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### शैक्षिक भ्रमण पर छात्रों ने ली ई कॉमर्स की जानकारी


शोरूम पर ई कामर्स के बारे में जानकारी करते सीएमएस के छात्र। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज की ओर से मिशन इंट्रैक्ट-नॉलेज इज पॉवर की मुहिम चलाई जा रही है। इसके तहत स्कूल के छात्र छात्राएं पठन पाठन के अलावा अन्य क्षेत्रों के बारे में जानकारी कर रहे हैं। रविवार को इस मुहिम के तहत छात्र छात्राओं ने ई-कामर्स सेक्टर एमआई बाजार, विराट कंप्यूटर एवं जन सेवा केंद्र का भ्रमण किया। एमआई बाजार के संचालक आयुष खन्ना ने छात्रों को ई-कामर्स के बारे में बिजनेस स्टडी की जानकारी देकर विद्यालय की मुहिम की सराहना की। उन्होने छात्रों को कम्प्यूटर पर बिलिंग करने की प्रक्रिया से लेकर स्टॉक मेनटेन करने की विस्तृत जानकारी देकर व्यापार के बारे में भी बताया। इसके बाद विराट कम्प्यूटर्स एवं जनसेवा केन्द्र पहुंचने पर इनके संचालकों ने विद्यार्थियों को साइबर फ्राड एवं इंटरनेट सेवा से सम्बन्धित यूपीआई ट्रांजैक्शन, क्यूआर कोड स्कैनर, वेबसाइट विजिट, ऑफर रिटर्न सिक्योरिटी के बारे में बताया। विद्यालय के शिक्षक अश्वनी सक्सेना, संतोष पाण्डेय, राजीव कुमार, गौरव भट्ट आदि मौजूद रहे।

### रुपये न लौटाने पर महिला के साथ की मारपीट

**संवाददाता, पसगवां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम मकसूदपुर में पति को दिए गए पैसे पिता को न लौटाने पर एक विवाहिता के साथ उसके पति ने मारपीट की और घर से निकाल दिया। हरदोई जिले के थाना कछौना के ग्राम बनियनखेड़ा निवासी हरीराम गुप्ता ने अपनी पुत्री पंछी की शादी पसगवां थाना के ग्राम मकसूदपुर निवासी आदेश गुप्ता पुत्र राजकिशोर के साथ की थी। दर्ज कराई रिपोर्ट में पीड़िता पंछी ने आरोप लगाया है कि उसके पिता हरीराम गुप्ता ने उसके पति को जरुरत पड़ने पर पांच लाख रुपए दिए थे जिन्हें वह वापस नहीं कर रहा है। बीती 23 मई को जब उसने पैसे लौटाने को कहा तो उसके साथ पति ने मारपीट की और घर से निकाल दिया। मारपीट में सास,ससुर और ननद पर सहयोग करने का आरोप है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण सीएचसी पर कराया गया है।

### थारू क्षेत्र में संचालित अवैध क्लीनिक सीज

संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार : थारू क्षेत्र में गांव गोबरौला में संचालित अवैध क्लीनिक रविवार को सीज कर दिया गया। सीएचसी पलिया अधीक्षक ने बिना डॉक्टर चल रहे क्लीनिक में ताला डालकर इसकी सूचना सीएमओ को भेज दी है। अधीक्षक डॉ. भरत सिंह ने बताया कि चंदनचौकी क्षेत्र के गांव गोबरौला में अवैध रूप से चल रहे एक क्लीनिक पर रविवार को सीएचसी अधीक्षक चंदन चौकी डॉ. फैजान के साथ छापा मारा। क्लीनिक में झोलाछाप विकास चिकित्सीय कार्य करते मिला। जांच में विकास न तो अपनी वैध डिग्री दिखा पाए और न ही पंजीकरण प्रपत्र। इस पर जो शिकायतें मिल रही थी वह सब सही मिली। इस पर क्लीनिक को सीज कर सीएमओ को सूचना भेज दी है।


क्लीनिक सीज प्रक्रिया के समय मौजूद अधीक्षक डॉ. भरत सिंह। अमृत विचार

### मोतियाबिंद का ऑपरेशन होने से अपनो को देख सकेगी मन्नी


आंखों की रोशनी आने के बाद डॉक्टरों की टीम के साथ मन्नी बानो व परिजन।

**संवाददाता महंगापुर, अमृत विचार :** दशमेश आंख अस्पताल के डॉक्टरों की टीम की मेहनत रंग लाई। आठ साल बाद विकलांग बालिका फिर से अपनो को देख सकेगी। मन्नी बानो के परिजनों ने अस्पताल संस्थापक संत बाबा गुरनाम सिंह आदि को बधाई दी है। पलिया कस्बे के मोहल्ला पठान निवासी एवं दोनों पैरो से विकलांग मन्नी बानों पुत्री मुख्त्यार खान की बीमारी के चलते आंख की रोशनी धीरे धीरे जाती रही। पिछले तीन साल से उसे बिल्कुल दिखना बंद हो गया। गरीबी के कारण घरवाले भी उसका इलाज नहीं करवा पा रहे थे। इलाज के लिए दशमेश अस्पताल पहुंचे मुख्त्यार खान की दशा देकर डॉक्टरों ने निशुल्क उपचार शुरु कर दिया। जांच में मोतियाबिंद पाए जाने पर नेत्र सर्जन डॉ. दीपक चंद्र मौर्या व सहायक लवप्रीत सिंह आदि ने पहले एक आंख का और उसके तीन सप्ताह बाद दूसरी आंख का ऑपरेशन किया। परिजनों ने बताया कि अस्पताल स्टाफ ने ऑपरेशन से लेकर दवा, खाना, रहना पूरी तरह निशुल्क था। मुख्य व्यवस्थापक फार्मासिस्ट लवप्रीत सिंह, गुरविंदर सिंह, बादल सिंह, अभय सिंह, दीपक सिंह, अमन सिंह, नर्सिंग स्टाफ इंद्रजीत कौर,रमनदीप कौर आदि मौजूद रहे।

### प्रशिक्षुओं को चेयरमैन ने वितरित किये प्रमाणपत्र

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला मुन्नूगंज स्थित मदीहा एजूकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी सेंटर पर भारत सरकार की नेशनल स्किल डेवलपमेंट कार्पोरेशन द्वारा संचालित योजना के तहत प्रशिक्षण उपरांत 98 प्रशिक्षुओं को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिन्कू ने सर्टिफ़िकेट वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सेंटर मैनेजर इरम खानम ने बताया कि सेंटर में ट्रेडिशनल हैंड एम्बरायडरी ट्रेड में प्रशिक्षण हेतु 110 लोगों का चयन किया गया था, जिसमें से 98 प्रशिक्षुओं ने सफलतापूर्वक ट्रेनिंग पूरी कर प्रमाणपत्र प्राप्त किए। योजना के तहत पहले से काम करने वाले कामगारों को शॉर्ट ट्रेनिंग देकर प्रमाणपत्र दिया जाता है और उनके हुनर को पहचान दिलाई जाती है। सभासद धर्मेंद्र बाल्मीकि, धर्मेंद्र जायसवाल, सुशील, धर्मेन्द्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

### नहाने गया रेलवे गेटमैन शारदा नहर में डूबा

**संवाददाता, उचौलिया, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में यहां से एक किमी दूर शारदा नहर में साथियों के साथ नहाने गए रेलवे का एक गेट मैन डूब गया। समाचार प्रेषण तक उसे निकाला नहीं जा सका था। पुलिस प्रयास में जुटी थी। नहर में डूबने वाला गेटमैन आशीष कुमार यादव इलाहाबाद प्रयागराज का निवासी था। यहां उचौलिया रेलवे स्टेशन पर लगभग चार साल से तैनात था। रविवार शाम पांच बजे भीषण गर्मी में अपने गेटमैन साथी उज्जवल कुमार निवासी बाबूगढ़ जिला हापुड़ के साथ शारदा नहर में नहाने गया। तिलहर शाहजहांपुर से भी तीन गेटमैन साथी नहाने के लिए आए थे। आशीष सहित सभी की नाइट ड्यूटी थी। नहाते वक्त आशीष ने तैरकर नहर पार करने की सोंची और इसी प्रयास में वह डूड गया। साथी थोड़ा पीछे थे इसलिए बचा नहीं सके। सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन कोई गोताखोर उपलब्ध नहीं हुआ। ग्रामीण तैराकों को पुलिस ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से नहीं अनुमति नहीं दी।

# वन महोत्सव में महेशपुर रेंज में होगा 10 लाख पौधों का रोपण


महेशपुर रेंज में तैयार नर्सरी का निरीक्षण करते वन विभाग के अधिकारी।

संवाददाता, बिलहरी

**अमृत विचार:** पूरे देश की धरा को हरा भरा बनाये रखने के उद्देश्य से एक जुलाई से सात जुलाई तक हरे भरे पौधे लगाकर पृथ्वी का श्रृंगार किया जाता है। जिसके चलते महेशपुर रेंज की वन चौकी आंवला में सात हेक्टेयर क्षेत्र में पेड़ों की नर्सरी तैयार की जा रही है। महेशपुर वन क्षेत्राधिकारी नरेशपाल सिंह के आदेशानुसार महेशपुर रेज की एक टीम ने रविवर की सुबह मौके पर पहुंच कर तैयार हो रही नर्सरी को देखा। डिप्टी रेंजर रामनरेश वर्मा ने बताया कि आगामी एक से सात जुलाई तक पूरे देश मे एक साथ बड़े पैमाने पर वन महोत्सव मनाया जाता है। जिसके चलते महेशपुर रेज के अंतर्गत आने वाले सरकारी, गैर सरकारी स्थानों को चिन्हित कर लिये गये हैं। आंवला वन चौकी इंचार्ज माया प्रकाश वर्मा ने बताया कि सात हेक्टेयर में लगभग दस लाख पौधे फलदाई, औषधीय, छायादार पौधों की नर्सरी तैयार कर ली गई है। इसकी देखकर में तीन वाचरो संजय सिंह, सचिन वर्मा, रोहित सिंह की तैनाती की गई है, जो समय समय पर खाद पानी छिड़काव करते रहते है।

▸▸ तैयार की जा रही नर्सरी अफसरों ने किया निरीक्षण

### मैजिक से टकराई बाइक, चार घायल

**संवाददाता, संसारपुर, अमृत विचार :** थाना मैलानी क्षेत्र के ग्राम लाल्हापुर गुरुद्वारा के पास गोला खुटार नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार मैजिक तथा बाइक में आमने सामने जोरदार टक्कर होने से बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी गोला भेजा दिया गया। रविवार दोपहर खुटार की तरफ से आ रही टाटा मैजिक गोला की तरफ से आ रही प्लेटिना बाइक से टकरा गई। बाइक सवार दो युवक मोहम्मद नसीम पुत्र बाबू, सलीम पुत्र कलीम निवासी इटौटा कोतवाली खुटार गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं टक्कर के बाद मैजिक अनियंत्रित होकर सड़क के बाई ओर पलट गई, जिससे मैजिक में सवार दो युवक शिवा पुत्र प्रमोद और सोहेल घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही गुरुद्वारा के सेवादार जोगा सिंह अपने साथियों सहित दुर्घटनास्थल पहुंचे जहां से एम्बुलेंस और पुलिस को फोन द्वारा सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी संसारपुर मोहित पुंडीर ने घायल चारों युवकों को सीएचसी गोला भेजा है।

# फरधान में 90 हजार की नकदी और पांच लाख के जेवर चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना फरधान क्षेत्र में चोरों के आगे पुलिस बेबस दिख रही है। 25 दिन में चोरों ने आठ घर खंगाल लिए। शनिवार की रात थाने से एक किलोमीटर दूर फरधान गांव में एक घर में घुसे चोर 90 हजार रुपये की नगदी और करीब पांच लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। तहरीर मिलने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। लगातार चोरी की वारदातों से पूरे क्षेत्र में चोरों की दहशत है।

फरधान गांव निवासी मनोहर लाल ने बताया कि उनका मकान कैमहरा मार्ग पर है। पीछे की दीवार के सहारे चोर घर में घुस आए। तीन कमरों का ताला तोड़ दिया। उसमे रखे बक्से के ताला और अलमारी का लाकर तोड़कर 90 हजार रुपये नगद और करीब पांच लाख के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। मनोहर लाल ने बताया वह घर के बाहर सो रहे थे, जबकि पुत्र तीर्थराज, अरुण कुमार व हरेराम परिवार सहित छत पर सोये हुए थे। उनकी पत्नी धन देवी छत से उतर कर नीचे आयी तो कमरों के गेट खुले देखा। तब चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। एसओ कौशल किशोर ने बताया कि चोरी सूचना मिली थी। हल्का दरोगा को मौके पर भेजा गया है, घटना संदिग्ध लग रही है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### उचक्के ने एटीएम कार्ड बदल कर उड़ाए पचास हजार

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सिसावां खुर्द निवासी विनोद सिंह पुत्र छोटकऊ सिंह ने बताया कि रविवार को वह एटीएम से रुपये निकालने मोहम्मदी रोड पर आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम मशीन पर गया था। एटीएम से रुपये निकाल ही रहा था, तब तक तीन अज्ञात व्यक्ति एटीएम रूम में दाखिल हो गए। विनोद को एटीएम में पिन डालते हुए देख लिया और धोखे से एटीएम कार्ड बदल लिया और वहां से रफूचक्कर हो गए। पीड़ित विनोद ने बताया ही उसका गन्ने का भुगतान आया था। जब उसके मोबाइल पर मैसेज आने शुरू हुए तब उसे घटना की जानकारी हुई तब तक उसके खाते से पचास हजार रुपये निकाले जा चुके थे। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### मोबाइल टावर से बैटरी चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव हडेला स्थित रिलायंस जिओ इन्फोकम लिमिटेड 4जी टावर के टेक्नीशियन अखिलेश कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 16 मई की रात टावर से बैटरी चोरी हो गई हैं।

# गर्मी का कहर, चार बच्चे इमरजेंसी में भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ आईसीयू वार्ड में पांच बच्चों का हो रहा इलाज

▸▸ चिल्ड्रन वार्ड में भर्ती बच्चों की संख्या हुई 18

**अमृत विचार:** गर्मी का प्रकोप दिन पर दिन बढ़ रहा है। इसकी चपेट में आकर लोग बीमार पड़ रहे हैं। इस भीषण गर्मी में सबसे ज्यादा दिक्कत बच्चों को हो रही है। खान पान से लेकर साफ-सफाई में जरा सी लापरवाही से बच्चे बुखार से लेकर उल्टी-दस्त और डिहाइड्रेशन की चपेट में आजा रहे हैं। इससे जिला अस्पताल के चिल्ड्रन वार्ड में रोजाना बच्चे भर्ती हो रहे हैं।

शनिवार को बुखार से लेकर उल्टी दस्त और डिहाइड्रेशन की चपेट में आने से जहां नौ बच्चे भर्ती हुए थे तो वहीं रविवार दोपहर तक जिला अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचे चार बच्चों की हालत गंभीर होने पर उन्हें चिल्ड्रन वार्ड में भर्ती करना पड़ा। इससे चिल्ड्रन वार्ड में भर्ती होने वाले बच्चों की संख्या 23 हो गई। रविवार को जिन चार बच्चों को भर्ती किया गया है वह सब उल्टी दस्त, बुखार से लेकर डायरिया की चपेट में हैं। इनकी हालत गंभीर होने पर ईमरजेंसी में मौजूद मेडिकल अफसर ने वार्ड में भर्ती करवाकर इलाज शुरू करवा दिया है। जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आरपी वर्मा बताते हैं कि इस समय बिकट गर्मी पड़ रही है।

ऐसे में बच्चों की विशेष देखरेख की जरूरत है। खासकर धूप से बच्चों को बचाएं। इसके अलावा उनका खान पान भी बेहतर रखें, क्योंकि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहद कमजोर होती है। इसलिए वह बीमारियों की चपेट में जल्दी आते हैं। बीमार होने की दशा में झोलाछाप आदि से इलाज बिल्कुल न कराएं। अपने आस पास के सरकारी अस्पताल या फिर जिला अस्पताल लेकर आएं, जिससे बच्चों को समय रहते उचित इलाज मिल सके।


जिला अस्पताल के चिल्ड्रन वार्ड में भर्ती बच्चे। अमृत विचार

## खनन का वीडियो बनाने गए दो को प्रधानपति ने पीटा

**गोला गोकर्णनाथ , अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भैंठिया में देर रात अवैध खनन की कवरेज करने गए कथित मीडियाकर्मियों को प्रधानपति ने बंधक बनाकर पिटाई कर दी। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद प्रधानपति ने दोनों को बंधक मुक्त किया। शनिवार की देर शाम बिजुआ ब्लाक के भैठिया गांव में खनन हो रहा था। जिसे तीन युवक अपने को मीडिया कर्मी बताते हुए कवरेज करने गये थे। इसी दौरान गांव के प्रधानपति विकास सोनी ने अपने कई सहयोगियों की मदद से तीनों को पकड़कर बंधक बना लिया और पिटाई कर दी। इसके बाद मामले की सूचना डायल 112 और सीओ गोला अर्जेन्द्र यादव को दी। जिसके बाद तीनों को बंधक मुक्त किया गया। वहीं, प्रधानपति का कहना कि इन दिनों क्षेत्र में चोरी की घटनायें तेजी से हो रहीं हैं। जिसके चलते तीनों को रोककर पूछताछ की और बाद में छोड़ दिया। युवकों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# देशहित में हिंदुओं की रक्षा करता है बजरंग दल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** बजरंगदल के शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के पहले दिन विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री पंकज ने बजरंग दल की स्थापना का महत्व और उद्देश्य बताया। उन्होंने कहा कि बजरंग दल राष्ट्र का बल है, यह हिंदू युवाओं का संगठन है। इसका गठन रामजन्म भूमि आंदोलन के समय किया गया था।

बजरंगदल देश हित में हिंदुओ के रक्षा का कार्य करता है। प्रशिक्षण में शारीरिक, बौद्धिक, मानसिक विकास के साथ साथ साथ युवाओं को आत्म निर्भर, आत्म सम्मान एवं आत्म रक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं। परिषद के संगठन मंत्री गजेंद्र ने पठन पाठन का तरीका बताया। शिविर के दूसरे सत्र में प्रचार प्रसार प्रमुख आचार्य संजय मिश्रा ने मीडिया के कार्य करने और उसे समझने के साथ इलेक्ट्रानिक मीडिया पर बाइट देते समय कार्यक्रम एवं घटना की संपूर्ण जानकारी देना बताया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया जितना लाभदायक है उतना ही हानिकारक भी। मोबाइल से अच्छी चीजें सीखकर पढ़ाई करे। बजरंग दल कार्यकर्ताओं को लंबी कूद, तैरना, कठिन समय में भीड़ से निकलने, आपात काल में लोगो की रक्षा करने के बारे में बताया गया। देवेंद्र मिश्रा, महेश तिवारी, आचार्य संजय मिश्रा, प्रवीण सिंह, विमल, महेंद्र पांडे, ब्रजेश, अविनाश, नंदकिशोर अग्रवाल, विपुल सेठ, शिवनारायण पासवान, अनुज तिवारी आदि मौजूद रहे।



प्रशिक्षण शिविर में आचार्य संजय मिश्रा।

# कहर ही नहीं, ममता भी लुटाती है शारदा नदी

▸▸ नदी के तट पर पालेज से चल रही क्षेत्र के कई परिवारों की रोजी रोटी

संवाददाता, मूड़ा सवारान

**अमृत विचार:** शारदा नदी केवल बाढ़ और कटान का कहर ही नहीं बरपाती बल्कि समय आने पर एक ममतामई मां की तरह लोगों का पेट भी पालती है। क्षेत्र के हजारों परिवारों को मुफलिसी और खाना बदोशी की जिंदगी बसर करने को मजबूर करने वाली शारदा नदी शांत होने पर मां की भूमिका भी निभाती है। इन दिनों शारदा नदी के पेटे में लगाए गए पालेज से न जाने कितने परिवार पल और बढ़ रहे हैं।

पिछले कई वर्षों से शारदा नदी क्षेत्र में तबाही मचाती आ रही है उसकी बाढ़ में न जाने कितने लोगों को तबाह कर दिया। हजारों परिवारों को अपनी जमीन और घर खोकर खानाबदोशी की जिंदगी जीने पर मजबूर होना पड़ा। वही शारदा आज हजारों परिवारों की रोजी-रोटी का सहारा बनी है। इसीलिए शारदा को शारदा माता का दर्जा दिया जाता है। मेहनत और लगन से किसानों ने बालू के रेत को इन दिनों हरे सोने की खदानों में बदल दिया है। इन दिनों यहां से निकल रही सब्जियों से बाजार गुलजार हो रहे हैं। शारदा इन दिनों हजारों लोगों की आजीविका का मुख्य साधन बन उनकी तकदीर बदल रही है। शारदा भले ही उग्र होने पर तबाही मचाती हो पर शांत अवस्था में हजारों लोगों का पेट भी पालती है। इसी के सहारे आज हजारों परिवार पल रहे हैं। शारदा के पेटे में इन दिनों जगह-जगह लोग खीरा, ककड़ी, तरबूज, खरबूजा, कद्दू, तोरई, लौकी आदि की खेती कर अपने बच्चों का पेट पाल रहे हैं। शारदा नदी के तटवर्ती लोग पानी कम हो जाने पर तलहटी में लतावर्गीय फसलों की बुवाई करते हैं। फसल तैयार होने पर उसे बेचकर अपने परिवार के लिए रोजी-रोटी की व्यवस्था करते हैं। इन दिनों शारदा नदी में सैकड़ों एकड़ एरिया में लोगों ने पालेज लगाई है। ऐसा एक बार नहीं बल्कि हर साल होता है। विकराल रूप धारण करने वाली शारदा समय आने पर न जाने कितने लोगों को रोटी देती है। इसलिए शारदा को मां का दर्जा दिया जाता है।


शारदा नदी की तलहटी में की जा रही खरबूजा व तरबूज की खेती। अमृत विचार

### बिजली की आंख मिचौली व लो वोल्टेज से नागरिक परेशान

**पलिया कलां, अमृत विचार :** मई माह के अंतिम सप्ताह में आग उगल रही भीषण गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। ऊपर से बिजली की लगातार जारी आंख मिचौली एवं लो वोल्टेज की समस्या से पलिया नगर के लोग बेहद परेशान हैं। सुबह से शरीर को झुलसा देने वाली इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। भारी उमस के बीच दिन भर में बार-बार हो रही बिजली की आवाजाही लोगों को बेहद परेशान कर रही है। घरों में लगे अन्य विद्युत उपकरण फ्रिज, कूलर, टीवी, वाशिंग मशीन आदि ठीक ढंग से काम ही नहीं करते। नगर के मोहल्ला रंगरेजान, पठान एक, दो, किसान दो, बरवंड़ा व बाजार एक में लो वोल्टेज की समस्या अधिक गंभीर है। उधर तहसील क्षेत्र के कई ग्रामों में बिजली का और अधिक हाल बेहाल है, जिससे खेतों में खड़ी इन दिनों जायद की फसलें सूखने लगी हैं।

# माध्यमिक स्कूलों में समर कैंप 5 से

▸▸ पांच दिवसीय कैंप में बच्चों की निखारी जाएगी प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा विभाग ने अपने छात्र-छात्राओं को पठन पाठन कराने के साथ एक जिम्मेदार युवा बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत माध्यमिक स्कूलों में इस बार समर कैंप आयोजित होगें। इसमें छात्रों को तकनीकी पढ़ाई के साथ मनोरंजन का मौका भी मिलेगा। सात दिवसीय कैंप में छात्रों को पर्यावरण संरक्षण से लेकर पौधरोपण के लिए जागरूक किया जाएगा। नई शिक्षा नीति के तहत माध्यमिक स्कूलों में समर कैंप का आयोजन होगा। इसमें छात्रों को अपने हुनर को निखारने का अवसर मिलेगा। समर कैंप की शुरूआत पांच जून से और समापन सात दिन बाद 11 जून को होगा। इन सात दिनों में छात्र छात्राओं को स्वस्थ्य जीवन शैली से लेकर पर्यावरण संरक्षण से लेकर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके लिए राज्य परियोजना निदेशक कंचन वर्मा ने आदेश के साथ समर कैंप में प्रतिदिन कराई जाने वाली गतिविधियों की सूची तक जारी की है, जिसके अनुसार छात्रों को पौष्टिक और संतुलित खान पान अपनाने से लेकर इलेक्ट्रानिक कचरा कम करना, पानी एवं बिजली से लेकर कूड़ा कम करने के बारे में जागरूक कर इसके बारे में विधिवत जानकारी दी जाएगी। विभागीय लोगों के अनुसार समर कैंप का उद्देश्य छात्र छात्राओं की प्रतिभा निखारने के साथ देश व समाज के प्रति एक जिम्मेदार युवा बनाना है।

#### यह होंगी गतिविधियां

| तिथि | निर्धारित गतिविधि |
| --- | --- |
| पांच जून | स्वस्थ्य जीवन शैली |
| छह जून | दीर्घ कालिक खाद्य प्रणाली |
| सात जून | ई-कचरा कम करना |
| आठ जून | कूड़ा कम करना |
| नौ जून | ऊर्जा बचाना |
| 10 जून | पानी बचाना |
| 11 जून | सिंगल यूज प्लास्टिक को न कहना |



माध्यमिक स्कूलों में पांच से 11 जून तक समर कैंप आयोजित होगें। इसका आदेश प्रधानाचार्यो को जारी कर दिया है। इन सात दिनों में बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से लेकर पौधरोपण के अलावा बिजली, पानी बचाने के साथ सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। -डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, डीआईओएस

## एक नजर

### एक वर्ष पूरा होने पर होगा कार्यकर्ताओं का सम्मान

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने बताया कि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद पर एक वर्ष पूरा होने पर उनके कैम्प कार्यालय गौशाला में समारोह का आयोजन 27 मई को किया जाएगा, जिसमें अपराह्न 4 बजे सुंदर कांड पाठ, 6:30 प्रेस वार्ता, 7 बजे कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा।

### फरधान में एक जून से होगा क्रिकेट टूर्नामेंट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** फरधान थाने के सामने खाली पड़े मैदान में फरधान क्रिकेट प्रीमियर लीग का क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन एक जून से होगा। आयोजक एमडी शुक्ला ने बताया कि सभी मैच नाक आउट और 12 ओवर के होंगे।

### किशोरी को ले गया युवक

**उचौलिया, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव से अज्ञात युवक एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर लेकर चला गया। पीड़ित पिता ने गांव के एक युवक पर उसे ले जाने में मदद करने का आरोप लगाया है। ग्रामीण ने बताया कि 21 मई की शाम को उसकी 17 वर्षीय बेटी को एक अज्ञात युवक कहीं लेकर चला गया। उसे शक है कि गांव के मुरारी ने इस कृत्य में मदद की है। काफी तलाश करने पर जब उसका पता नहीं लगा तो उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### मनमीत नगर कॉलेज से पानी की मोटर चोरी

**भीरा, अमृत विचार :** कस्बे के मनमीत नगर कॉलेज में शनिवार की रात घुसे चोर एक हॉर्स पावर की बिजली की पानी मोटर चोरी कर ले गए, जिससे कॉलेज में पानी का संकट पैदा हो गया है। प्राचार्य शैलेंद्र सिंह ने बताया इस बिजली मोटर की चोरी की जानकारी रविवार की सुबह हुई। उन्होंने चोरी की सूचना पुलिस को दी है।

### पिकअप में लाद ले गए भैंस

**सिंगाही, अमृत विचार :** कोतवाली तिकुनिया की पुलिस चौकी बेलरायां के गांव भूलनपुर निवासी दिनेश वर्मा ने बताया कि रोज की तरह शनिवार की रात भी उसकी दो कीमती भैंस घर के बाहर बनी घारी में बंधी थी, जिसे चोर रात में चोरी कर पिकअप में लाद ले गए। पशु मालिक ने दो लोगों को शक के आधार पर नामजद कर कोतवाली तिकुनिया पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

# ज्येष्ठ माह के दूसरे दिन गर्मी ने दिखाये तेवर

## दिन भर चिलचिलाती धूप व गर्म हवाओं से जिलेवासी रहे परेशान, अधिकतम पारा 42 डिग्री के पार पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



धूप से बचने के लिए छाता लगाकर सदर चौराहे से निकलते राहगीर।



गर्म हवाओं से बचने के लिए चेहरे पर कपड़ा लपेटे युवतियां।

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह सबसे ज्यादा गर्मी के लिए जाना जाता है, क्योंकि इस माह में बेतहाशा गर्मी पड़ती है। जेठ माह के शुरू होते ही गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। शनिवार से नौतपा शुरू होने के बाद दिन पर दिन गर्मी बढ़ती जा रही है। रविवार को अधिकतम पारा 42 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। तपंता का अहसास जिलेवासियों को इसकी शुरुआत यानी शुक्रवार से ही होने लगा था, क्योंकि शुक्रवार रात की भीषण गर्मी से लोग चैन की नींद सो तक नहीं सके। शनिवार से लेकर रविवार को भी धूप व गर्मी लोगों को परेशान करनी लगी। इसकी वजह से लोग घरों से निकलने की हिम्मत नहीं कर सके। उधर, जरूरी काम के लिए घर से निकले लोग पूरी एहतियात बरतते दिखाई दिए। पुरुषों से लेकर महिलाएं और युवतियां छाते और स्ट्रॉल से चेहरे को तीखी धूप से बचाती रहीं।

जेठ की दुपहरी चेहरे से लेकर बदन तक झुलसा रही है। इससे दिन पर दिन जिलेवासियों की मुश्किलें बढ़ने लगी हैं। नौतपा का ही असर है कि दिन पर दिन सूर्य की तपिश बढ़ती जा रही है। शनिवार को अधिकतम तापमान 41 और न्यूनतम 29 डिग्री था, जो रविवार को एक डिग्री बढ़कर 42 एवं 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। ऐसे में लोगों को न तो दिन में सुकून मिल पा रहा है और न ही रात में चैन की नींद सो पा रहे हैं। आलम यह है कि लोग पूरी रात गर्मी की मार से बेहाल होकर सुबह का इंतजार करते रहे हैं। रविवार सुबह से रवि का वार शुरू हो गया। जो शाम चार बजे तक जारी रहा। दिन जैसे जैसे दिन चढ़ता गया धूप की तपिश में भी इजाफा होता रहा। दोपहर के समय स्थित यह बन गई कि तेज धूप के साथ गर्म हवाएं हर किसी के लिए मुसीबत बन गई। लोग घरों से निकलने से बचते रहे। जो लोग घरों से निकले भी वह धूप और गर्म हवाओं से बचने के लिए चेहरे से लेकर शरीर को पूरी तरह ढ़क कर निकले।

### पंखे व कूलर तक देने लगे गर्म हवा

इस समय गर्मी का रूख बेहद तल्ख है। लोग इससे निजात पाने के लिए पंखों से लेकर कूलर की हवा से राहत पाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन इनसे निकल रही गर्म हवा से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। ऐसे में राहत सिर्फ उन्हीं को है, जिनके घरों में एयर कंडीशन (एसी) लगा है।

### अधिक लगती है प्यास और हो जाती है सर्दी

ज्येष्ठ माह की गर्मी का आलम यह है कि इन दिनों में एक तो भूख नहीं लगती, दूसरे खाना खाने के बाद वह हजम भी नहीं होता। भोजन से ज्यादा ठंडा पानी पीने की इच्छा रहती है। ऐसे में फ्रिज और बर्फ का ठंडा पानी ज्यादा पीने से सर्दी हो जाती है।

### तेज धूप और गर्म हवाओं से रहे बचकर



डॉ. शिखर बाजपेयी

जिला अस्पताल के जिरियाट्रिक फिजीशियन डॉ. शिखर बाजपेयी बताते हैं कि इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप है और लू भी चल रही है। इनसे बचाव बहुत जरूरी है। बुजुर्गों से लेकर बच्चे, खिलाड़ी एवं धूप में काम करने वाले श्रमिकों के लिए तेज धूप और गर्म हवाएं खतरनाक हैं। पसीना न आना, गर्मलाल एवं शुष्क त्वचा, मितली, सिरदर्द, थकान, चक्कर आना, उल्टियां होना, बेहोशी लगना लू के संकेत हैं। इससे बचने के लिए खूब पानी पीएं और खाली पेट बिल्कुल न रहें। ताजे ठंडे पानी से नहाएं, धूप में निकलने पर सिर को ढके रहें। हल्के रंग के ढीले और पूरी बांह के कपड़े पहनें। बच्चों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़ें, दोपहर 12 से शाम चार बजे के बीच घर से निकलने से बचें, धूप में नंगे पांव न चलें, बहुत अधिक मेहनत वाला कार्य न करें। धूप में जाने पर छाता व धूप के चश्मे का उपयोग करें, धूप में निकलने से पहले कम से कम दो गिलास पानी जरूर पीकर निकलें।

# सम्राट अशोक का अखंड भारत के निर्माण में रहा अहम योगदान



गोला में सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन करते विधायक अमन गिरि।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- कुशवाहा मौर्य संस्थान ने जयंती समारोह में बताया प्रेरणास्रोत

**अमृत विचार :** कुशवाहा मौर्य शाक्य सैनी मानव कल्याण संस्थान ने सम्राट अशोक की जयंती मनाते हुए उन्हें समाज का प्रेरणास्रोत बताया। मुख्य अतिथि ने अखंड भारत के निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर चर्चा की। संस्थान द्वारा निर्माणाधीन सम्राट अशोक भवन लक्ष्मणजती स्थल पर मनाए गये जयंती समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने संस्थान के पदाधिकारियों के साथ दीप प्रज्जवलन कर महान सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण और पूजन कर किया। विधायक ने सम्राट अशोक के गौरवशाली इतिहास को याद दिलाते हुए कहा कि आज भी वे कुशल सम्राट और प्रशासक के रूप में हमारे प्रेरणा स्रोत हैं। संस्थान अध्यक्ष रमेश कुमार मौर्य ने महान सम्राट अशोक मौर्य की जयंती मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला तथा उनकी महानता का वर्णन करते हुए कहा कि अखंड और विस्तृत भारत के योगदान के लिए उनको सदैव याद किया जाएगा। उपाध्यक्ष जनार्दन मौर्य ने संस्था को मजबूत करने पर बल दिया। शिवगोविंद कुशवाहा ने विधायक से संस्थान के भवन के निर्माण में सहयोग की मांग की। उपाध्यक्ष शिवप्रसाद मौर्य ने समाज को आगे ले जाने के लिए संस्थान के भवन निर्माण में अपना सहयोग करने की बात कही। जयंती समारोह में आदर्श कुमार मौर्य, सुनील कुमार मौर्य, जिलाध्यक्ष शिवसागर कुशवाहा, राजेंद्र सिंह कुशवाहा, सुखपाल सिंह कुशवाहा, अनामिका कुशवाहा आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किये। महामंत्री जगवीर सिंह कुशवाहा ने स्वर्गीय विधायक अरविंद गिरि को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उनका स्मरण कर समाज के प्रति उनके योगदान को बताया। संरक्षक रामकुमार मौर्य ने इस संस्थान के इतिहास पर प्रकाश डाला।

# लखीमपुर-गोला हाईवे पर आज रात से नहीं चलेंगे वाहन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



गोला में लखीमपुर रोड की रेलवे क्रासिंग पर सेतु का हो रहा निर्माण।

**अमृत विचार:** पीलीभीत बस्ती हाईवे की गोला एवं फरधान रेलवे क्रासिंग पर सेतु का निर्माण होना है। इसके लिए 27 मई यानी आज रात से तीन जून तक हाईवे पर वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। इन सात दिन तक रोडवेज बसों से लेकर अन्य वाहनों का संचालन गोला और लखीमपुर के बीच सिक्रंद्राबाद होकर होगा। इससे रोडवेज बसों से सफर करने वाले मुसाफिरों को और जेढ़ ढ़ीली करनी होगी, क्योंकि गोला एवं लखीमपुर डिपो प्रशासन ने दस किलोमीटर के फेर को लेकर किराए में 17 रुपये की बढ़ोत्तरी करने का निर्णय लिया है।

रोडवेज बसों से लखीमपुर से गोला आने वाले यात्रियों को मंगलवार से 54 रुपये की जगह टिकट लेने के लिए 71 रुपये अदा करने होंगे। पीलीभीत बस्ती हाईवे पर लखीमपुर और गोला के बीच दो रेलवे क्रासिंग पर सेतु का निर्माण हो रहा है। एक सेतु लखीमपुर फरधान तो दूसरा रजागंज और गोला के बीच बन रहा है। इनका निर्माण अब अंतिम चरण पर है। इन दोनो क्रासिंग पर गाटर रखने का काम होना है। इसके लिए राष्ट्रीय मार्ग खंड (पीडब्ल्यूडी) के अधिशासी अभियंता ने सात दिन के लिए हाईवे पर ब्लॉक मांगा है। 27 मई की आधी रात से तीन जून की मध्य रात्रि तक लखीमपुर और गोला हाईवे पर वाहनों का आना जाना पूरी तरह से बंद रहेगा। इस बीच रोडवेज बसों से लेकर अन्य वाहनों का संचालन लखीमपुर से सिकंद्राबाद के रास्ते गोला के लिए होगा।

### रूट डायवर्जन

सभी प्रकार के वाहन लखीमपुर से मनिकापुर तिराहा से सिकंद्राबाद के रास्ते गोला पहुंचेगे। हालांकि रोडवेज बसों को छोड़कर मोहम्मदी व शाहजहांपुर जाने वाले वाहन सिकंद्राबाद से अमीरनगर होकर मोहम्मदी जा सकेंगे। वहीं मोहम्मदी, शाहजहांपुर से लेकर खुटार, पीलीभीत व दिल्ली जाने वाली रोडवेज बसों को गोला होकर ही जाना होगा।

### किराए में होगी 17 रुपये की बढ़ोत्तरी

हाईवे पर सात दिन ब्लॉक रोडवेज यात्रियों की जेब ढ़ीली कराएगा। इसकी वजह लखीमपुर-गोला के बीच की दूरी में 10 किलोमीटर की बढ़ोतरी होना है। अभी तक लखीमपुर और गोला के बीच की दूरी 39 किलोमीटर थी। इसके लिए मुसाफिरों से 54 रुपये किराया लिया जाता था। मगर, सिकंद्राबाद होकर बसों के आने जाने से यह दूरी 49 किलोमीटर हो जाएगा। हालांकि एमएसटी धारकों पर किराया बढ़ोतरी का कोई असर नहीं पड़ेगा।

# बीएड से युवाओं का हो रहा मोहभंग, घट गए परीक्षार्थी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- नौ जून को मात्र चार केंद्रों पर होगी प्रवेश परीक्षा
- इस वर्ष सिर्फ 1880 युवक युवतियां होंगे शामिल

**अमृत विचार:** बीएड से युवाओं का मोहभंग हो रहा है। इसकी पुष्टि प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या इस बार काफी कम होना है। पिछले साल 4667 युवक युवतियों के लिए 10 केंद्र बनाए गए थे, लेकिन बार की प्रवेश परीक्षा के लिए सिर्फ चार केंद्र बने हैं। इन पर 1880 परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा देंगे।

हर साल की तरह इस बार भी बीएड की प्रवेश परीक्षा के लिए जिले में केंद्र निर्धारित हो गए हैं। मगर, इस बार परीक्षा में शामिल होने वालों की संख्या बेहद कम है। इसकी वजह शिक्षक पद पर भर्ती का नियमित न निकलना और परीक्षा के दौरान पेपर का लीक हो जाना बताया जाता है। शायद यही कारण है कि इस बार जिले में सिर्फ चार केंद्रों पर ही प्रवेश परीक्षा होगी। इसमें 1880 युवक युवतियां शामिल होंगे।

> नौ जून को बीएड की प्रवेश परीक्षा होगी। इसके लिए शहर के चार विद्यालयों पर प्रवेश परीक्षा होगी। इन चार केंद्रों पर कुल 1880 युवक युवतियां प्रवेश परीक्षा देंगे।
>
> -डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, डीआईओएस

परीक्षा की तिथि- नौ जून
शामिल होने वाले परीक्षार्थी- 1880
निर्धारित केंद्र- चार

साल 2023 में बने केंद्र- 10
प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकृत परीक्षार्थी- 4667
परीक्षा में शामिल हुए- 4317

### साल 2024 के लिए निर्धारित परीक्षा केंद्र

| केंद्र | परीक्षार्थी |
|---|---|
| अबुल कलाम आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज | 500 |
| धर्मसभा इंटर कॉलेज | 500 |
| राजकीय कन्या इंटर कॉलेज | 380 |
| गुरु नानक इंटर कॉलेज | 500 |

# खाटू नरेश की निकाली गई भव्य शोभा यात्रा



कस्बा रकेहटी में शोभायात्रा निकालते श्याम भक्त। अमृत विचार

संवाददाता, रकेहटी

**अमृत विचार:** कस्बे के बुढ़वा मंदिर से शनिवार को खाटू श्याम की भव्य निशान शोभायात्रा निकाली गई। श्याम भक्त डीजे पर बज रहे भजनों और ढोल नगाड़ों पर जमकर थिरकते रहे। शोभा यात्रा का आयोजन श्याम मित्र मंडली रकेहटी ने किया।

यह यात्रा निघासन मार्ग पर और कस्बे में निकाली गई। यात्रा में प्रमुख रूप से देवेंद्र चतुर्वेदी, दयाशंकर मौर्य, धर्मेंद्र गुप्ता, अनिल गुप्ता, लक्ष्मी चंद गुप्ता, जीतू गुप्ता, सतीश, हरीश, विनीत, हिमांशु, पुष्पेंद्र राज श्रीवास्तव, गोपी गुप्ता आदि सैकड़ो श्याम भक्त शामिल रहे।

### कलश यात्रा के साथ शतचंडी महायज्ञ शुरू

**निघासन, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत छेदुई पतिया के गांव धोबी पुरवा में शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ रविवार दोपहर दो बजे भूमिपूजन कर मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में करीब डेढ़ हजार महिलाओं ने हिस्सा लिया। कलश यात्रा धोबी पुरवा, टापर पुरवा, पाटिया आदि गांवों में होते हुए सरयू नदी पर पहुंची, जहां से जल लाकर यज्ञ स्थल पर कलशों को स्थापित किया गया। इस दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर सुनील कुमार, कौशल किशोर, अनिल कुमार, सत्य नारायण, उमाकांत, रामसरन, तोता राम, माता प्रसाद, कढ़ीले प्रसाद, उमाशंकर, विकास, सतीश कुमार आदि रहे।

# जागरण में बालाजी के भजनों पर झूमे भक्त

भीरा, संवाददाता



बालाजी के भजन गाता गायक।



जागरण में मौजूद भक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बालाजी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बालाजी महाराज का विशाल जागरण आयोजित हुआ। जिसमें अन्य जनपदों से आए भजन गायकों ने बालाजी के सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किए, जिन पर श्रोता जमकर थिरके।

शनिवार की रात जागरण से पूर्व श्री बालाजी की अखंड ज्योति नगर के प्राचीन हनुमान मंदिर से निकाली गई। बड़ी संख्या में भक्त गाजे बाजे के साथ ज्योति जागरण स्थल पर लेकर पहुंचे, जहां विधिवत पूजन अर्चन के बाद जागरण का शुभारंभ किया गया। नगर के भीरा रेलवे प्रांगण में आयोजित इस विशाल बालाजी के जागरण में बनारस से आए पुनीत पागल, अयोध्या से धर्मेंद्र पांडेय, कानपुर से कश्यप ब्रदर्स के भजन गायकों ने बालाजी के सुंदर-सुंदर भजन गाए। भजनों को सुनकर भारी संख्या में मौजूद भक्त झूम उठे। भजन में पार ना लगोगे श्री राम के बिना, राम ना मिलेंगे हनुमान के बिना, जिनका भरोसा वीर हनुमान उनका बिगड़ता नहीं कोई काम जैसे भजन सुना कर हनुमान जी बालाजी के भक्तों को मंत्र मुक्त कर दिया। इस अवसर पर बालाजी का भव्य दरबार सजाया गया। जिस पर विराजमान बालाजी की पूजा अर्चना भक्तों ने की। रविवार की सुबह जागरण समाप्ति के बाद नगर के प्राचीन हनुमान मंदिर पर विधिवत हवन पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हनुमान भक्त कमेटी ने किया। जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## अंदर के प्रकाश की ज्योति को प्रज्ज्वलित करता है बुद्ध का ज्ञानः सीमा बौद्ध

**संवाददाता, बरवर, अमृत विचार :** नगर पंचायत बरवर के अंबेडकर पार्क में पांच दिवसीय बौद्ध कथा का समापन धूमधाम के साथ हुआ। कथा का आयोजन डॉ. भीमराव अंबेडकर यशोधरा बुद्ध विहार सेवा समिति मोहल्ला गांधीनगर बरवर ने किया। दो पालियों में आयोजित कथा में लखीमपुर की कथा वाचक सीमा बौद्ध ने भगवान बुद्ध के जीवन चरित्र व उनसे जुड़ी घटनाओं एवं प्रसंगों का वाचन किया। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का दर्शन जीवन जीने की कला सिखाता है। उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांत और आदर्श युवा पीढ़ी और नौनिहालों के प्रारंभिक जीवन का स्तर सुधारने के लिए बेहद सहायक है। भगवान बुद्ध के जीवन से ज्ञान प्राप्त कर व्यक्ति अपने अंदर के प्रकाश की ज्योति को प्रज्वलित कर सकता है। इस मौके पर प्रभु दयाल, शोभित गौतम, वीर बहादुर गौतम, हिमांशु गौतम, सचिन गौतम, संदीप, नीरज, विकास, दीपू, रंजीत, अनूप, अमित, प्रभू दयाल, नवीन कुमार, रामपाल अर्कवंशी आदि रहे।



बरवर में आयोजित बुद्ध कथा में कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

**मौका** इंस्पायर स्कॉलरशिप योजना की पांच साल में मिलेगी धनराशि, केंद्र सरकार की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की है योजना

# मेधावियों को 80 हजार की छात्रवृत्ति पाने का अवसर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** इंटरमीडिएट उत्तीर्ण मेधावियों के पास पांच साल तक 80 हजार रुपये पाने का सुनहरा अवसर है। यह राशि छात्रवृत्ति के रूप में इंस्पायर स्कॉलरशिप योजना के तहत मिलेगी। इसके लिए सभी बोर्ड के माध्यमिक विद्यालयों से 12वीं उत्तीर्ण करने वाले मेधावी पात्र होगें। केंद्र सरकार, विज्ञान के क्षेत्र में अपना कॅरिअर बनाने वाले मेधावियों को छात्रवृत्ति के रूप में आर्थिक सहायता मुहैया कराएगी।

मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि इंटर उत्तीर्ण करने वाले वह मेधावी जो रिसर्च और इनोवेशन (अनुसंधान और नवाचार) में रुचि रखते हैं, उनको इंस्पॉयर (इनोवेशन इन साइंस परस्यूट फॉर इंस्पॉयर्ड रिसर्च) स्कॉलरशिप योजना के तहत 80 हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी। इसके लिए, छात्र छात्राओं की उम्र 17 से 22 वर्ष हो और 12वीं में उसने कुल अंकों के साथ एक प्रतिशत मेधावी छात्रों में से एक हो। छात्रवृत्ति का उद्देश्य विज्ञान व तकनीक में रुचि रखने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहयोग करना है। प्राकृतिक एवं बुनियादी विज्ञान में स्नातक, परास्नातक डिग्री प्राप्त करने वालों को हर माह 5000 की आर्थिक मदद मिलेगी। वहीं, मान्यता प्राप्त रिसर्च सेंटर से

### स्नातक व परास्नातक पर लिए जाने वाले मुख्य विषय

फिजिक्स, केमेस्ट्री, बायोकेमिस्ट्री, मैथ्स, जूलॉजी, बायोलॉजी, स्टेटिस्टिक्स, जियोलॉजी, एस्ट्रोनॉमी, इलेक्ट्रानिक्स, बॉटनी, एंथ्रोपोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, जियोफिजिक्स, एटमोस्फियरिक साइंस, ओशनिक साइंस, एस्ट्रोफिजिक्स, इकोलॉजी, मरीन बायोलॉजी, जेनेटिक्स, बायोफिजिक्स।

### ऑनलाइन होगा आवेदन

स्कॉलरशिप के लिए online-inspire.gov.in पर आवेदन करना होगा। इस पर छात्रों को नए यूजर के रूप में पंजीकरण करना होगा। इसके बाद रजिस्टर्ड ईमेल पर यूजर आईडी और पासवर्ड आएगा। फिर यूजर आईडी से लॉगिन कर आवेदन करना होगा। इनकी सूची इंस्पायर स्कॉलरशिप के पोर्टल एवं इंस्पायर प्रोग्राम की वेबसाइट पर प्रदर्शित होगी।

### यह है नियम

इस छात्रवृत्ति के लिए छात्रों को एक वर्ष के भीतर प्राकृतिक एवं बुनियादी विज्ञान (बीएससी व बीएस और एकीकृत एमएससी व एमएस) कोर्स में दाखिला लेना आवश्यक है। इसके अलावा वह उम्मीदवार जो आईआईटी जेईई की टॉप 10,000 रैंक और प्राकृतिक व एआईईईई व सीबीएसई एआईपीएम और नीट में शीर्ष 20,000 रैंक प्राप्त करने के बाद प्राकृतिक और बुनियादी विज्ञान में दाखिला ले रहे हैं। वहीं वह छात्र छात्राएं भी इसके लिए पात्र होंगे, जिन्होंने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च, डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी, सेंटर फॉर बेसिक साइंसेस यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई में नेचुरल या फिर बेसिक साइंस में बीएससी एवं एमएससी डिग्री के लिए प्रवेश लिया है। यह छात्रवृत्ति पांच साल तक या फिर कोर्स पूरा होने तक छात्रों को मिलती है।

### बजरंग दल ने बैठक कर भरी हुंकार

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** भारतीय बजरंग दल के प्रदेश सचिव अशोक जोशी के नेतृत्व में ब्लॉक बांकेगंज के ग्राम जटपुरा में बजरंग दल की हुई बैठक में हुंकार भरते हुए मंदिरों के पास मांस की दुकानें हटाए जाने, हिन्दुत्व की रक्षा करने की बात रखते हुए हनुमान चालीसा का पाठ करने पर बल दिया गया। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए पप्पू मौर्य का ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। भारतीय बजरंग दल की बैठक में प्रदेश सचिव अशोक जोशी ने संगठन के बारे में जानकारी दी। कस्बे में बालाजी मंदिर के निकट लगने वाली मांस की दुकानों को बंद कराए जाने की मांग उठाई है। जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा ने कहा कि हिन्दू धर्म में बाधक बनने वाले को सबक सिखाने के लिए ही भारतीय बजरंग दल की स्थापना हुई है इसलिए समय है कि हिन्दू जाग्रत हो और हिन्दू संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए संगठित होना आज सबसे बड़ी आवश्यकता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि हम **पंकज सिंह प्रियदर्शी पुत्र रविन्द्र सिंह एवं पूजा सिंह पत्नी पंकज सिंह प्रियदर्शी, निवासी-सेक्टर K-808बी, आशियाना, लखनऊ,** मो0- 8795488888, हमारे मकान की एलाटमेंट लेटर, रजिस्ट्री दिनांक 01.12.2014 को बही सं0-1, जिल्द सं0-18238, पृष्ठ सं0-261 से300 पर क्रमांक-26113 रजिस्ट्रीकृत किया गया था एवं करेक्शन डीड नम्बर-01, जिल्द नम्बर 118 के पृष्ठ 23 में नम्बर 7783 आ0फा0 बुक- 01, जिल्द नम्बर 130 के पृष्ठ 401 से 408 दिनांक-15.11.2000 उपनिबन्धक कार्यालय में पंजीकृत है, एवं अन्य कई मूल महत्वपूर्ण कागजात भी चोरी हो गये हैं। चोरी की एफ0आई0आर0 थाने में 01.06.2017 को दर्ज है। उपरोक्त मकान से सम्बन्धित किसी को आपत्ति हो तो अगले 15 दिनों में सूचना दे।

**Notice**
I, Mohammad Afzalur Rahman, son of Basharat Ali, resident of 245 Moh. Numaish Purva Distt. Hardoi, My name Afazalur Rehman is mentioned in the passport of my daughter Humaira Fatima. Whereas my real name is Mohammad Afzalur Rahman which should be considered and understood correctly.

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **लीलावती पुत्री वीरेन्द्र कुमार, निवासी- C-48 महाराजापुरम, केसरी खेरा, कृष्णा नगर, लखनऊ,** मेरा जी.एन.एम. की परीक्षा वर्ष 2017 जिसका रोल नम्बर- 141706546 का डिप्लोमा वास्तव में खो गया है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### क्रिकेट की ट्रायल प्रतियोगिता 28 को

**उन्नाव।** यूपीसीए (उप्र क्रिकेट एसोसिएशन) की सहमति से डीसीए (जिला क्रिकेट एसोसिएशन) के बैनर तले सत्र 2024-25 के लिए खिलाड़ियों का चयन करने को 28 मई को ट्रायल प्रतियोगिता आयोजित होगी। एसोसिएशन के सचिव पीके मिश्रा ने बताया कि अंडर-16 खिलाड़ियों की टीम गठन के लिए ट्रायल आयोजित किया जा रहा है। इसलिए पंजीकृत सभी खिलाड़ियों को ट्रायल में शामिल होने के लिए करोवन मोड़ के पास स्थित निखत स्टेडियम पहुंचना होगा। ट्रायल प्रतियोगिता सुबह छह बजे से शुरू होगी, जिसमें पंजीकृत सभी 36 खिलाड़ी अपनी-अपनी प्रतिभा को साबित करेंगे। खेल के आधार पर ही चयन समिति खिलाड़ियों को हरी झंडी देगी।

### बंटवारे को लेकर बहू ने सास को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के भिटवा गांव में रहने वाली महिला ने अपनी सास से हिस्सा मांगा। जिस पर उसने देने से मना कर दिया। इस दौरान उसने सास की पिटाई कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। भिटवा गांव निवासी कुषमा ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसके छह बेटे और एक बेटी है। जिसमें चार बेटों की शादी कर दी है। उसने बताया कि उसे अभी तीन की शादी करनी है। जिसके लिये रुपये पैसे जोड़ रही है। आरोप है कि उसकी बहू पिंकी मकान में हिस्सा मांग रही है। जिस पर उसने सभी की शादी होने के बाद हिस्सा देने की बात कही। इस पर पिंकी ने उसे मारा पीटा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बहू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### गुमशुदा बच्चे को किया परिजनों के सुपुर्द

**उन्नाव।** घर से लापता हुए 12 वर्षीय बच्चे को सोहरामऊ पुलिस तलाश कर उसे पर सकुशल तलाश की परिजनों के सुपुर्द किया। बता दे शनिवार दोपहर करीब तीन बजे रामप्रताप पुत्र राम जियावन निवासी ग्राम लच्छीपुर थाना सोहरामऊ में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका बेटा आयुष (12) बिना बताये कही चला गया है। सोहरामऊ पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की और दरोगा मो. असलम ने फोर्स के साथ बच्चे को सकुशल बरामद कर बच्चे को उनके माता-पिता को सुपुर्द किया।

### किशोर लापता

**पुरवा।** नगर के मिर्री चौराहा निवासी शिवलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका 13 वर्षीय पौत्र कक्षा 7 का छात्र है। शनिवार दोपहर करीब दो बजे से घर से बिना बताए कहीं चला गया है। काफी देर तक उसके घर में न दिखने पर परिजनों ने खोजबीन की लेकिन, कुछ पता नहीं चला। पीड़ित बाबा ने पौत्र के लापता होने की सूचना देने पर पुलिस ने शनिवार शाम गुमशुदगी दर्ज कर ली। कोतवाली प्रभारी कुवर बहादुर सिंह ने बताया कि 13 वर्षीय छात्र की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश की जा रही है।

# गंगा में स्नान कर रहे कानपुर के पांच युवक डूबे, एक की जान गई

## देर शाम गोताखोरों ने गंगा से निकाला शव, सूचना पर परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर के पांच युवक रविवार दोपहर बाइक से गंगा नहाने के लिये गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चंदन घाट पर पहुंचे। जहां नहाने के दौरान पांचों डूबने लगे। यह देख तट पर मौजूद लोगों ने चार युवक को बचा लिया और सकुशल उन्हें बाहर निकाला। वहीं एक युवक गहरे पानी में जाने के कारण डूब गया। सूचना पर पहुंची जाजमऊ चौकी पुलिस ने गोताखोरों को बुलवाया। जहां देर शाम उसका शव गंगा से बाहर निकाला गया। शव देख परिजनों में कोहराम मच गया।


धीरज शर्मा।


गंगा के किनारे मौजूद पुलिस व लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

कानपुर नगर के बर्रा थाना क्षेत्र के जरौली फेस टू निवासी दुर्गा प्रसाद का 21 वर्षीय बेटा धीरज शर्मा प्राइवेट नौकरी करता है। रविवार दोपहर वह अपने साथी चकेरी थाना क्षेत्र के काशीराम कॉलोनी रामादेवी निवासी शिवा, विवेक, सुमित और अमन के साथ गंगा नहाने के लिये गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चंदन घाट पर बाइक से पहुंचे। जहां बाइक खड़ी कर सभी गंगा नहाने लगे। इस दौरान धीरज गहरे पानी में चला गया। जिससे वह डूबने लगा। यह देख उसके साथी उसने बचाने के लिये दौड़े। जिस पर सभी डूबने लगे। पांचों युवकों को डूबता देखा तट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। जिस पर तट पर मौजूद लोग दौड़े। जहां शिवा, विवेक, सुमित और अमन को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। वहीं धीरज गहरे पानी में जाने के कारण उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। इसकी जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई।

सूचना पर जाजमऊ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने धीरज के परिजनों को डूबने की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने शुक्लागंज से गोताखोरों को बुलाया। जहां गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत कर शाम करीब साढ़े छह बजे धीरज का शव गंगा से बाहर निकलवाया। शव देख परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं मृतक के तीन भाई और दो बहनें हैं। भाई की मौत पर सभी का रो रो का बुरा हाल हो गया।

## प्रसव के बाद अस्पताल में हुई महिला की मौत

**उन्नाव।** सदर कोतवाली अंतर्गत एक निजी अस्पताल पर इलाज में लापरवाही के आरोप लगे है। यहां प्रसव के बाद महिला की मौत होने से नाराज परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगा शव रख जमकर हंगामा काटा।


रजनी।

अचलगंज थानाक्षेत्र के गांव बाबाखेड़ा निवासी रजनी (22) पत्नी रामनरेश पाल को प्रसव पीड़ा होने पर शनिवार सुबह परिजनों ने इंद्रा नगर नहर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। दोपहर में उसने आपरेशन से बेटी को जन्म दिया। पति ने बताया कि अस्पताल ने उससे इसके लिए 50 हजार रुपए जमा कराए थे। रविवार रात आठ बजे उसकी मौत हो गई। इससे नाराज परिजनों ने अस्पताल के बाहर शव रख जमकर हंगामा काटा।

## बेटे के सम्मान के लिए पिता ने स्कूल के खिलाफ खोला मोर्चा

संवाददाता सफीपुर, उन्नाव

- बीएसए को भेजा पत्र, भेदभाव का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित सनडीसन पब्लिक इंटर कालेज के एक छात्र के अभिभावक ने बीएसए व बीईओ को पत्र भेजकर बच्चे के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। अभिभावक ने अपने मेधावी बेटे को पात्रता के बावजूद सम्मानित न किए जाने की जांच करा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग है।

तहसील मुख्यालय के सरांय खुर्रम में पिछले तमाम वर्षों से संचालित हो रहा विद्यालय किसी न किसी बात को लेकर हमेशा चर्चा में बना रहता है। अब ताजा मामला विद्यालय में कक्षा तीन के छात्र नौ वर्षीय तेजस को परीक्षा में 98.6 फीसदी प्राप्तांक मिलने के बाद भी सम्मानित न किए जाने का सामने आया है। कस्बे के मोहल्ला राहतगंज बाजार निवासी रामानुज के मुताबिक उसका बेटा काफी मेधावी है। इसलिए हमेशा परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त होते है। अभिभावक के मुताबिक परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने के बाद भी सम्मानित न किए जाने को लेकर वह अवसाद में है। शिकायती पत्र में विद्यालय प्रबंधन पर मनमाना शिक्षण शुल्क वसूलने सहित अन्य आरोप भी मढ़े गए है। साथ ही बेटे के अधिकार की लड़ाई शुरू करने को लेकर लगातार धमकियां भी दी जा रही हैं। साथ ही बच्चे को विद्यालय से निष्कासित करने की आशंका भी सता रही है, जिससे उसका भविष्य संकट में है। उल्लेखनीय है कि कुछ वर्षों पूर्व बच्चों को हांथ में रक्षा सूत्र व तिलक लगाने से रोकने के आरोप लगे थे। वहीं प्रवेश से लेकर यूनीफार्म उपलब्ध कराने के एवज में मनमानी वसूली का आरोप भी लगता रहता है। बीईओ अनीता शाह ने मामला संज्ञान में होने की जानकारी दी है। कहा जल्दी ही नोटिस जारी कर विद्यालय प्रबंधन से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। उचित जवाब न मिलने पर इस संबंध में उच्चाधिकारियों पत्र भेजकर अग्रिम आदेश लेकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में महिला श्रमिक की मौत परिजनों ने शव रखकर मांगा मुआवजा

संवादाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत सड़क हादसे में घायल हुई निर्माणाधीन विश्वविद्यालय की महिला श्रमिक की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस पर परिजनों ने ग्रामीणों के साथ विश्वविद्यालय के बाहर शव रख मुआवजे की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। ठेकेदार को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े लोग चार घंटे तक हंगामा काटते रहे। एसएचओ में उन्हें आर्थिक मदद सहित अन्य सुविधाएं दिलाने का भरोसा दिलाया तब नाराज लोग शांत हुए।


रेखा।


परिजनों को समझाते कोतवाल अवनीश सिंह। अमृत विचार

### तीन बच्चे हुए अनाथ

रेखा के पति सुरेश की डेढ़ साल पहले मौत हो चुकी है। इसके बाद से वह बच्चों का पेट पालने के लिए मजदूरी करती थी। हादसे में उसकी मौत होने के बाद उसकी बेटी अनुष्का (8), चेरी (7) व बेटा मनप्रीत (6) अनाथ हो गए। विश्वविद्यालय का निर्माण करा रहे प्रवीण कुमार ने बताया कि हादसे की सूचना हुई थी। हादसा कैंपस में नहीं हाईवे पर हुआ है। मृतका का अंतिम संस्कार वह अपने खर्च से कराएंगे।

बता दें कि लखनऊ-कानपुर हाईवे पर नवाबगंज कस्बा के पास निर्माणाधीन चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में असोहा थानाक्षेत्र के नरसिंहपुर गांव निवासी रेखा (35) पत्नी मजदूरी करती थी। शनिवार शाम काम खत्म कर घर लौटने के लिए हाइवे पार कर रही थी। तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। घायल हालत में उसे सीएचसी लाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया था। लेकिन परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए थे। जहां रविवार को उसकी सांसे थम गईं। रिश्तेदार शव लेकर विश्वविद्यालय गेट पर पहुंचे और वहीं रखकर मुआवजे की मांग करने लगे। शव रख जाम लगाने की सूचना पर एसएचओ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन परिजन ठेकेदार को बुलाने पर अड़ गए। एसएचओ ने ठेकेदार से फोन पर बात की। बाद में 50 हजार मुआवजा और सरकारी सहायता दिलाए जाने के आश्वासन के बाद सभी शांत हुए और शाम सात बजे शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। एसएचओ अवनीश सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को समझाया गया है। मुआवजे के साथ सरकारी सहायता मिलने पर वह शांत हो गए।

# किशोरी समेत चार ने फंदे से लटक कर दी जान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** अलग-अलग कोतवाली क्षेत्र में किशोरी समेत चार ने फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर संबंधित कोतवाली की पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। इनमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। वहीं घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है।

**केस-1:** हसनगंज। कोतवाली के गांव कुरौली निवासी नाजरीन (16) पुत्री स्व. जाकिर ने इसी साल इंटर की परीक्षा पास की थी। वह पढ़ने में तेज थी और आगे पढ़ाई की तैयारी कर रही थी। शनिवार देरशाम वह अपने कमरे में दुपट्टे का फंदा बनाकर कुंडे से लटक गई। छोटी बहन सानिया ने दरवाजा बंद देख खिड़की से झांककर देखा तो बदहवास हो गई। दिवंगत किशोरी की मां नूरजहां ने बताया कि बेटी नाजरीन की शनिवार शाम खाना बनाने को लेकर छोटी बहन सानिया से कहासुनी हुई थी। इससे वह नाराज थी। लेकिन उसे यह नहीं पता था कि बेटी ऐसा कदम उठा लेगी। मृतका के पिता की बीमारी से मौत हो चुकी है। वह पांच भाई-बहनों में चौथे नंबर की थी। उसकी मौत से मां सहित अन्य परिजन बेहाल रहे।



- हसनगंज में किशोरी, बीघापुर कोतवाली क्षेत्र में दो युवकों व सफीपुर में मानसिक बीमार ने की खुदकशी

### कारोबारी के इकलौते बेटे ने लगा ली फांसी

**केस 02**

बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के शास्त्रीनगर मोहल्ला निवासी अनुराग शुक्ला उर्फ रिंकू (30) कपड़े का व्यापार करता था। उसके पिता शिवशंकर उर्फ मुन्नी आंबेडकर नगर मोहल्ले में कपड़े की दुकान किए हैं। शनिवार को दोनों अपनी-अपनी दुकान पर थे। रात करीब आठ बजे पिता दुकान बंद कर घर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने पर भी दरवाजा नहीं खुला तो उन्होंने धक्का देकर खोलने का प्रयास किया लेकिन, सफल नहीं हुए। खिड़की से झांककर देखा तो बेटे का शव गमछे से फंदे से लटक रहा था। इकलौते बेटे का शव देख वे बेहाल हो गए। शोर सुन पड़ोसी पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई पुलिस ने जांच कर शव फंदे से नीचे उतरवाया। पिता ने बताया कि उसकी पत्नी की मौत हो चुकी है। शादी के बाद उसकी पत्नी से नहीं पटती थी तो पत्नी से उसने तलाक ले लिया था। घर पर पिता पुत्र ही रहते थे। उसने यह कदम क्यों उठाया इसकी जानकारी पिता नहीं दे सके। एसओ राजपाल ने बताया कि पिता-पुत्र ही घर पर रहते थे। परिजन आत्महत्या की वजह नहीं बता सके। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।


अनुराग शुक्ला उर्फ रिंकू।

### होटल कर्मी ने फांसी लगाई, मौत

**केस 03**

पुरवा कोतवाली अंतर्गत धौरहरा गांव निवासी कमल साहू (45) बीघापुर रेलवे स्टेशन के पास कैंची मोड़ पर अचलगंज थानाक्षेत्र के नौबस्ता गांव निवासी अपने बहनोई रामदेवी साहू के होटल में काम करता था। शराब का लती होने से उसका अपने बहनोई से आएदिन विवाद भी होता था। रविवार दोपहर उसका शव होटल से 500 मीटर दूर उन्नाव-लालगंज हाईवे किनारे बाग में लगे नीम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका मिला। जानकारी पर बहन-बहनोई पहुंचे और शव देख बिलख उठे। युवक दो भाई थे। छोटे भाई की करीब चार साल पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। शराब का लती होने से पत्नी ने उसे तलाक दे दिया था। परिवार में और कोई न होने से वह अपने बहन-बहनोई के साथ रहता था। एसओ राजपाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### मानसिक बीमार अधेड़ ने दी जान

**केस 04**

सफीपुर। कोतवाल अंतर्गत सफीपुर ग्रामीण क्षेत्र के मजरा जगदीशखेड़ा गांव निवासी मलखे (55) पुत्र बाबूलाल खेती कर जीविका चलाता था। अत्यधिक नशा करने से वह मानसिक बीमार हो गया था। परिजनों ने उसका इलाज भी कराया। लेकिन फायदा नहीं हुआ। परिजन उसे मेंहदीपुर बालाजी मंदिर ले गए और झाड़फूंक भी कराई। लेकिन, उसे विशेष लाभ नहीं हुआ। बीते तीन साल से वह घर पर ही था। रविवार सुबह बेटा अंकित मजदूरी करने चला गया। पत्नी कुसुमा किसी काम से बाहर गई थी। सुबह करीब 11 बजे जब वह घर लौटी तो पति का शव रस्सी के फंदे लटका देख उसके होश उड़ गए। चीख सुन पड़ोसी पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसएचओ श्याम नारायण सिंह ने बताया कि पत्नी कुसुमा ने मानसिक बीमार होने की बात कही है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कनपटी में तमंचा लगा कर ई-रिक्शा और नकदी लूटी

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** उन्नाव के लोकइया खेड़ा निवासी एक ई रिक्शा चालक शनिवार रात शुक्लागंज सवारी छोड़कर लौट रहा था, तभी सहजनी के पास उसे बदमाशों ने रोक लिया और सहजनी शंकरपुर मार्ग पर ले गये। उसके और साथी आ गये। जहां उसकी कनपटी में तमंचा लगा कर नकदी और ई रिक्शा लूट लिया व उसे बांध कर फेंक दिया। पुलिस ने रविवार को हाजीपुर क्षेत्र से ई रिक्शा बरामद किया।

सरोसी के सोथरा निवासी इरफान का ई रिक्शा लोकइया खेड़ा उन्नाव निवासी धर्मेन्द्र पासवान का बेटा प्रेम उर्फ लकी चलाता है। उसने बताया कि शनिवार रात करीब आठ बजे वह शुक्लागंज सवारी छोड़ने आया था, सवारियों को छोड़ने के बाद वापस जा रहा था, तभी सहजनी के पास एक युवक मिला और उसने गेंहू की बोरियां ले जाने की बात कहते हुये उसे सहजनी शंकरपुर मार्ग की ओर ले गया। आरोप है कि बनी गांव के पास दो-तीन साथी और आ गये। जहां एक ने उसकी कपनटी में तमंचा लगा दिया। जिसके बाद जेब में पड़े पांच सौ की नकदी छीन ली। इतना ही नहीं उसे मारा पीटा और हाथ पांव बांध कर फेंक दिया।

# चोरों ने उड़ाया सामान, लोगों का हंगामा

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के चंपापुरवा मोहल्ले में रविवार रात चोर एक घर में घुस गये। जहां चोरों ने घर से सामान पार कर दिया। सुबह सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये। जहां क्षेत्रीय लोगों ने चोर को पहचान लिया और उसके घर पहुंचे। जहां हंगामा काटने लगे। इस दौरान चोरी गया सामान उसके घर से बरामद हुआ। जिसकी शिकायत पुलिस से की है।

चंपापुरवा निवासी अजय कश्यप उर्फ छोटू ने बताया कि रविवार रात वह परिवार के साथ छत पर सो रहे थे, तभी रात लगभग तीन बजे चोर उसके घर में घुस गये। जहां चोरों ने कमरे में लगा एलसीडी, मोबाइल समेत अन्य सामान पार कर दिया। सुबह जानकारी होने पर पड़ोस में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसमें राजीव नगर का एक युवक पहचान में आ गया। जिस पर क्षेत्रीय लोग उसके घर पर पहुंचे और चोर को पकड़ लिया। जिसके बाद हंगामा काटने लगे। इस दौरान घर के अंदर चोरी गई एलसीडी दिखाई पड़ी। जिस पर आरोपी मौके से भाग निकला। आरोपी के परिजनों ने एलसीडी निकाल कर वापस की। घटना की जानकारी छोटू ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस चोर का पता लगा रही है।


आरोपी के घर से बरामद चोरी की एलईडी दिखाता पीड़ित। अमृत विचार

## चोरी के मोबाइल के साथ पकड़ा

**शुक्लागंज, उन्नाव।** एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान रविवार सुबह गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने एक मोबाइल चोर को चोरी के सात मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। जहां पुलिस ने उसके खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि रविवार सुबह एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान ऋषि नगर केबिन के पास पुलिस को संदिग्ध युवक दिखाई पड़ा। जिस पर पुलिस ने उसे रोक लिया और उसकी तलाशी ली। जहां उसके पास से पुलिस ने सात मोबाइल बरामद किये। पूछताछ में उसने सभी मोबाइल चोरी के बताये।

## सार-संक्षेप


मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

### स्वास्थ्य मेले में पहुंचे 56 मरीज, दी गईं दवाएं

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास से मरीज मेले में पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सचान, डा. रश्मि वर्मा ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। प्रभारी ने बताया कि पीएचसी में 56 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस दौरान अमित कुशवाहा, सिद्धार्थ बाजपेई, अवनीश मिश्रा समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### मच्छरों पर वार को लेकर अंबिकापुरम में चला अभियान

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गर्मी में वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर पालिका गंगाघाट की ओर से हर रविवार मच्छरों पर वार अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये रविवार को वार्ड 11 अंबिकापुरम में पालिका कर्मियों की फौज पहुंची। जहां सफाई कर्मियों ने वृहद स्तर पर साफ सफाई कर एंटी लार्वा का छिड़काव किया। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर पालिका हर रविवार मच्छरों पर वार अभियान चला रही है। उसी को देखते हुये रविवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला के नेतृत्व में पालिका के सफाई कर्मी वार्ड 11 अंबिकापुरम में पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने वार्ड की सभी गलियों में साफ सफाई की। इसके अलावा नालियों से सिल्ट साफ की। जिसके बाद मच्छरों के लार्वा न पनप सकें। इसके लिये एंटी लार्वा का छिड़काव कराया। ईओ ने बताया कि इसी तरह अभियान चलाकर सभी वार्डों में साफ सफाई कराई जायेगी। जिससे मच्छरों के लार्वा न पनप सके और वेक्टर जनित बीमारियों को रोका जा सके।


अंबिकापुरम में सफाई करते पालिका कर्मी।

**मौसम की मार** — नौतपा लगने के बाद पड़ रही भीषण गर्मी, तरल पदार्थ लस्सी, नींबू पानी, आम के पना की दुकानों में उमड़ रही भीड़

# तल्ख हुईं सूरज की किरणें, लू के थपेड़ों ने लोगों को किया बेहाल

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** मई माह में नौतपा नक्षत्र लगने के बाद पड़ रही भीषण गर्मी में आमजन बेहाल हैं। जिसके चते दोपहर में मुख्य मार्गों पर चौराहों पर सन्नाटा देखने को मिल रहा है। वहीं जरूरी काम को आने जाने वाले लोग मुंह ढक कर निकले। वहीं लू के थपेड़ों के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

रविवार को सुबह सात बजे से ही सूरज तल्ख रहा। जिससे आने जाने वाले लोग परेशान दिखे। दोपहर के समय चल रही लू के थपेड़ों से राहगीर बिलबिला उठे। जिसके चलते दोपहर में प्रमुख मार्गों और चौराहों पर सन्नाटा देखने को मिला। वहीं अत्यधिक तापमान को होने से हीट वेव लू की संभावना व्यक्त की जा रही है। जिससे आने जाने वाले लोग दोपहर के समय न के बराबर निकल रहे हैं। वहीं जरूरी काम को आने जाने वाले लोग सिर पर अंगौछा रखकर निकले। वहीं अधिक गर्मी होने के कारण तरल पदार्थ जैसे छास, लस्सी, नींबू पानी, आम के पना की दुकानों में लोगों की भीड़ देखने को मिली। वहीं जूस की दुकानों पर भी देर रात तक मैंगो शेक, बनना शेक पीने के लिये लोगों की भारी भीड़ रही। वहीं अधिक गर्मी पड़ने के कारण फोरलेन पर पालिका प्रशासन की ओर से अभी तक पीने के पानी के लिये कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जिस कारण शुद्ध पानी के लिये लोगों को इधर उधर भटना पड़ रहा है। वहीं अन्ना जानवरों के लिये भी पालिका की ओर नांद नहीं रखवाई गई है। जिससे भीषण गर्मी में पानी के लिये अन्ना मवेशी भी परेशान दिखे।


गर्मी से बचने के लिए सिर ढंक कर जातीं महिलाएं। अमृत विचार

### चरमराई नगर की विद्युत व्यवस्था, लोग हुए परेशान

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार को नगर में हुये ताबड़तोड़ फाल्टों के कारण नगर की बिजली व्यवस्था चरमराई रही। छुट्टी का दिन होने के कारण बिजली न आने पर घरों में मौजूद लोग बिलबिला उठे। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं फाल्टों की मरम्मत करने के लिये बिजली कर्मियों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। अली नगर मोहल्ले में रविवार सुबह 7 बजे ओवरलोड होने के कारण 100 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंक गया। क्षेत्र की बिजली गुल रही। इसकी जानकारी विभाग को दी गई। जिस पर शाम करीब चार बजे नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। इसी तरह आर्य नगर में सुबह सात बजे तार टूटने के कारण सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही। सुबह करीब दस बजे मरम्मत होने के बाद आपूर्ति चालू हो सकी। वहीं अंबिकापुरम मोहल्ले में सुबह छह बजे एचटी लाइन टूटने के कारण नौ बजे तक दो सौ घरों की बिजली बंद रही। मोहल्ले में ही रखा 400 केवीए के ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ने से दोपहर बारह बजे से तीन बजे तक सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही। ताबड़तोड़ फाल्टों के कारण नगर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई रही।


ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

# एसी बस सड़क के किनारे खंती में गिरी, आठ यात्री हुए घायल

## दही थाना अंतर्गत ओराहर मोड़ के पास हुआ हादसा

संवाददाता बिछिया उन्नाव

**अमृत विचार।** दही थानांतर्गत दही-पुरवा मार्ग पर ओरहर गांव मोड़ के पास नई दिल्ली से रायबरेली जा रही बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जाकर पलट गई। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने बस से यात्रियों को बाहर निकलवाया। इसके बाद आठ घायलों को बिछिया सीएचसी पहुंचाया।

बता दें कि बुलंद शहर जिले के सवारा निवासी चालक शकील (45) व खलासी शाहरुख (30) पुत्र मकसूर अली एसी बस से सवारी लेकर नई दिल्ली से रायबरेली जिले के बछरावां जा रहे थे। रविवार सुबह पांच बजे सामने से आ रहे कंटेनर से बचने में बस दही थानाक्षेत्र के ओरहर मोड़ पर अनियंत्रित होकर खंती में जाकर पलट गई। हादसे के वक्त बस में मौजूद 25 सवारियों में चीख पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण दौड़े और बस का शीशा तोड़कर लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया। सूचना पर पुलिस भी पहुंची और आठ घायलों को एंबुलेस से बिछिया सीएचसी पहुंचाया। वहीं अन्य यात्रियों को पुलिस ने दूसरे साधनों से उनके गंतव्य को भेजा। एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि बस पलट गई थी। चालक व क्लीनर सहित आठ लोग घायल हुए हैं। जिन्हें बिछिया सीएससी भेजा गया है। जहां से उन्हें इलाज के बाद घर भेज दिया गया।


खंती में पलटी बस व मौजूद लोग। अमृत विचार

### ये हुए घायल

- हादसे में राकेश (38) पुत्र दुखी मौर्या निवासी महराजगंज बछरावां, अशोक (25) पुत्र जगराम निवासी अमेठी, नंद कुमार (32) पुत्र रामबहादुर निवासी सरेहटा अमेठी, सियावती (28) पत्नी सुखदेव निवासी बछरावां, आशुतोष (22) पुत्र बेचालाल निवासी बछरावां, प्रेमा (48) पत्नी झुर्री निवासी अजीतपुर महराजगंज, कमलेशा (40) पत्नी पुत्ती लाल व शकील (45) पुत्र साहिल निवासी बुलंदशहर सरावा घायल हुए। जिन्हें सीएचसी भेजा गया। जहां से सभी को इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

# दरोगा का अर्द्धनग्न अवस्था का वीडियो वायरल, लाइनहाजिर

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- कोलुहा गाढ़ा चौकी इंचार्ज की करतूत से असहज हुईं भागवत सुनने आईं महिलाएं
- अचलगंज थाने से दूसरे दरोगा को सौंपा गया चौकी का चार्ज

**अमृत विचार।** अचलगंज थानांतर्गत कोलुहा गाढ़ा चौकी इंचार्ज का अंडरवियर में कुर्सी पर बैठने का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दरोगा की इस हरकत से चौकी परिसर में बने मंदिर में भागवत सुनने आईं सैकड़ों महिलाएं असहज हो गईं। एसपी ने वीडियो पर संज्ञान लेते हुए दरोगा को लाइन हाजिर कर जांच सीओ बीघापुर को सौंपी है। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

बता दें कि अचलगंज थानाक्षेत्र की कोलुहा गाढ़ा चौकी वहां स्थित चंद्रिका माता मंदिर के प्रांगण में बनी है। इन दिनों मंदिर परिसर में भागवत कथा चल रही है। जिसे सुनने आसपास के गांवों से सैकड़ों महिलाएं भी आतीं हैं। चौकी के इंचार्ज का एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया में वायरल हुआ। जिसमें दरोगा राम निवास यादव चौकी के बरामदे में सिर्फ अंडर वियर पहने बैठे हैं। किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने मामले का संज्ञान लेते हुए दरोगा के वीडियो की जांच बीघापुर सीओ माया राय को देकर रिपोर्ट देने को कहा है और दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया। थाने से दरोगा विनय कुमार को चौकी का कार्यभार दिया गया है। उधर, दरोगा ने अपनी सफाई में कहा कि उन्होंने सुबह कपड़े और तौलिया धुलकर सूखने को डाल दी थी। तभी अचानक लाइट चली गई। इस पर वह कुर्सी में बैठकर लाइट आने का इंतजार करने लगे।

## सार-संक्षेप



गोष्ठी में शामिल अतिथि।

### नारद जयंती पर हुई गोष्ठी

**उन्नाव।** आवास विकास कालोनी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में नारद जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित हुई। इस मौके पर वक्ताओं ने महर्षि नारद को पत्रकारिता का जनक बताया। कहा कि वह देवताओं सहित ऋषियों तक एक-दूसरे के संवाद पहुंचाते थे। वास्तव में प्रिंट व मीडिया संस्थान भी जन-जन तक संवाद व सूचनाएं ही पहुंचाते हैं। संवाद संप्रेषण में सभी ने स्पष्टता के समावेश पर जोर दिया गया। मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार व पूर्व प्राचार्य डा. राम नरेश ने कहा कि पत्रकारिता सहित साहित्य लेखन में स्पष्टता होनी चाहिए। स्वयं की ओर से कुछ जोड़ने व छिपाने के बजाए चीजों को जस का तस समाज तक पहुंचाना पत्रकार व साहित्यकार का सबसे प्रमुख कर्तव्य होता है। विशिष्ट अतिथि उत्कर्ष ने मुख्य वक्ता को कथन का आगे बढ़ाते हुए कहा कि पत्रकार को स्वयं के साथ संस्थान की विश्वसनीयता बनाए रखने को समर्पण भाव से काम करना चाहिए। अध्यक्षता करते हुए राजेश शुक्ल ने कहा विश्वसनीयता ही बाजार में स्थापित रख सकती है। इसलिए पाठकों का भरोसा जीतना चाहिए। वही कार्यक्रम संयोजक अरुण दीक्षित ने इससे पहले सभी का स्वागत किया।

# खेत में पड़ा मिला अधेड़ महिला का झुलसा शव, मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** अचलगंज थानांतर्गत सुपासी गांव निवासी महिला का झुलसा शव खेत के पास पड़ा मिला। परिजनों ने टूटी पड़ी एचटी लाइन की चपेट में आकर मौत होने की बात कह विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया पांच घंटे हंगामा किया। कार्रवाई का भरोसा दिए जाने पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका।


रामबेटी।

सुपासी गांव निवासी रामबेटी (50) पत्नी स्व. कृपाशंकर रविवार सुबह 10 बजे गांव के बाहर स्थित खेत से मिट्टी लेकर लौट रही थी। तभी रास्ते में एचटी लाइन टूटी पड़ी थी। इसमें करंट दौड़ रहा था। रामबेटी का पैर उसी में फंस गया और करंट की चपेट में आकर झुलसने से उसकी मौके पर मौत हो गई। उसके बेटे विक्रम ने बताया कि घटना की सूचना पाते ही बिजली कर्मी पहुंचे और टूटा तार जोड़कर भाग निकले और अब तार की चपेट में आने से हादसा होने से भी इंकार कर रहे हैं। सूचना पर पहुंची बदरका चौकी पुलिस को परिजनों ने शव नहीं उठाने दिया और विद्युत अभियंता को बुलाने की मांग करने लगे। सूचना पर एसओ पहुंचे और कार्रवाई का भरोसा देते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दिवंगत महिला के दो बेटे व दो बेटियों में एक बेटी की शादी हो चुकी है। एसओ संजीव कुमार ने मुआवजा दिलाने व दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया। पांच घंटे बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा गया। एसडीओ रवि यादव ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# पुराने विवाद के चलते अलग रह रहे 33 जोड़ों को मिलाया

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** पुराने विवादों के चलते अलग रह रहे 33 जोड़ों को पुलिस ने आपसी सुलह कराते हुए फिर से एक-दूसरे के साथ रहने को राजी किया। इसके बाद उन्हें खुशी-खुशी उनके घरों को विदा किया गया।

एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर रविवार को पुलिस लाइन व जिले के थाना-कोतवाली में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। जहां परिवार परामर्शदाताओं व महिला हेल्प डेस्क की टीम ने उनकी काउंसलिंग कर उनके विवाद खत्म कराए। इसके तहत परिवार परामर्श केंद्र से 7, महिला थाना से 8, थाना अचलगंज से 5, औरास से 4, गंगाघाट व सोहरामऊ से 3-3 व कोतवाली सदर, सफीपुर व बारासगवर से 1-1 जोड़े को खुशी-खुशी विदा किया गया। इसमें डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति, सलाहकारों में डा. मनीष सिंह सेंगर, रामसनेही यादव, अबसार अली, डा. सगीर अहमद, सहयोगी शिवेंद्र सिंह चौहान, स्वास्तिक मिश्रा, प्रदीप त्रिपाठी व पुलिस टीम से निरीक्षक संतोष कुमारी, दरोगा मधु श्रीवास्तव, महिला हेड कान्स्टेबल मिथिलेश कुमारी, सुरेखा, महिला सिपाही साधना, अंशू रानी, प्रीती, मीनू, अंजुला त्रिपाठी, सोनी मिश्रा, तरुण रानी, पूजा यादव, पूजा शर्मा, लक्ष्मी सिंह, राधिका यादव, रूबी, गिरजा, आकांक्षा, दुर्गेश, ममता सिसौदिया व शिखा यादव का विशेष योगदान रहा।


परिवार परामर्श केंद्र में पुलिस कर्मी व जोड़ा। अमृत विचार

# सड़क हादसों में पांच लोग हुए गंभीर घायल, रेफर

संवाददाता बांगरमऊ, उन्नाव

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के दो अलग-अलग मार्गों पर हुए हादसों में दो महिलाओं सहित पांच लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

क्षेत्र के बांगरमऊ-बरुआघाट मार्ग पर कल्याणी नदी पुल के पास तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार अरविंद (35) पुत्र उमाशंकर निवासी गांव भिखारीपुर कस्बा बांगरमऊ व साइकिल सवार साहबलाल (48) पुत्र राजा व उनकी पत्नी सावित्री निवासी गांव शिवपुरी थाना फतेहपुर चौरासी गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन उन्हें स्थानीय सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके अलावा एक अन्य हादसे में बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव रूरी सादिकपुर निवासी यूसुफ (38) पुत्र मजद्दर व उसकी पत्नी आयशा गंभीर घायल हुए हैं।

### विद्युत पोल गिरने से चार मजदूर घायल, रेफर

अमृत विचार उन्नाव। माखी थानाक्षेत्र के गांव माखी के मजरा गोपीखेड़ा के पास एचटी लाइन का खम्भा पलटने से चार मजदूर गंभीर घायल हो गए। गंगा एक्सप्रेस-वे बनने के चलते खम्भों को ऊंचा किया जा रहा था। जिसमें मजदूर काम कर रहे थे। साथियों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे गंभीर कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया।

# ट्रांसफार्मर फुंकने से 100 घरों के लोग बेहाल

**पुरवा।** मौरावां पावर हाउस के असगरगंज फीडर से मुरैता नवीन गांव को बिजली आपूर्ति होती है। यहां 25 केवीए के ट्रांसफार्मर से गांव के 100 घरेलू कनेक्शन की बिजली आपूर्ति होती है। ग्रामीणों ने कहा कि इस भीषण गर्मी ने बेहाल कर रखा है। ऊपर से दो दिन से ट्रान्सफार्मर जलने से आपूर्ति बाधित है। ऐसे में घरों में लगे बिजली उपकरण शोपीश बने हुए हैं।

जले ट्रांसफार्मर की शिकायत आनलाइन व विद्युत अधिकारियों से की गई लेकिन कोई नतीजा नहीं निकल सका है। एक्सईएन योगेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि शनिवार शाम ट्रांसफार्मर जला था। जेई ने ट्रांसफार्मर की पीआर लगाई है। सोमवार को ट्रांसफार्मर लगेगा।

# जर्जर मार्ग की ओर नहीं है किसी का ध्यान

संवाददाता औरास, उन्नाव

**अमृत विचार।** मोहान मार्ग से अलीपुर मिचलौला मार्ग को जोड़ने वाला डामरीकृत मार्ग खस्ताहाल पड़ा हुआ है। मार्ग पर सड़क कम और गढ्ढे अधिक दिखाई दे रहे हैं। यह अस्पताल, ब्लॉक व थाना को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है।

औरास कस्बा अंतर्गत मोहान मार्ग से अलीपुर-मिचलौला मार्ग को जोड़ने वाला अस्पताल रोड जो कि वर्षों पूर्व डामरीकृत मार्ग का निर्माण मंडी परिषद की ओर से कराया गया था। लेकिन, करीब 2 वर्ष से यह मार्ग खस्ताहाल पड़ा है। इसी मार्ग से होकर एम्बुलेंस डिलीवरी व हादसे आदि से संबंधित मरीजों को ले जाने के साथ करीब तीन दर्जन गावों के लोग भी इसी मार्ग से होकर जाते हैं। इस मार्ग के निर्माण को लेकर जन प्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसका खामियाजा क्षेत्रीय लोग भुगत रहे है। जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचना तक दुर्लभ हो गया है। इसे लेकर पीडब्ल्यूडी एक्सईएन सुबोध शुक्ला ने बताया कि मार्ग मंडी परिषद से बनाया गया है। इसके चलते पीडब्ल्यूडी द्वारा मार्ग निर्माण नहीं कराया जा सकता है। मार्ग के दुरुस्तीकरण न होने से आने-जाने वाले राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।


जर्जर पड़ा मार्ग। अमृत विचार

- मोहान मार्ग से अलीपुर मिचलौला को जोड़ने वाला मार्ग खस्ताहाल

# अवैध असलहों के साथ दो युवकों के फोटो वायरल

संवाददाता बांगरमऊ, उन्नाव

**अमृत विचार।** युवकों द्वारा रील बनाने के चक्कर में असलहों के प्रदर्शन की होड़ मची है। कोतवाली क्षेत्र में दो फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। जिनमें युवक असलहों का प्रदर्शन करते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने फोटो में दिख रहे युवकों की तलाश शुरू कर दी है।

सोशल मीडिया में असलहों के साथ दो युवकों क फोटो तेजी से वायरल हो रही हैं। हालांकि ऐसे किसी भी वायरल फोटो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। वायरल फोटो आमजन में चर्चा का विषय बनी हुई है। एक वायरल फोटो में युवक विदेशी पिस्टल के साथ हाईवे पर रील बनाता दिख रहा है। पहचान करने वाले लोगों द्वारा युवक को गंजमुरादाबाद कस्बे का निवासी होने का दावा कर रहे हैं। जबकि, दूसरी फोटो में एक युवक देशी पिस्तौल के साथ दिख रहा है। जानकारों द्वारा इस फोटो में दिख रहा युवक कोतवाली क्षेत्र के गांव भिखारीपुर रुल्ल का बताया जा रहा है।


असलहों के साथ दिख रहे युवक।

# पेयजल, विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- मंडलायुक्त ने पत्र जारी कर चिकित्सालयों में दो बेड आरक्षित रखने को कहा

**अमृत विचार।** मंडलायुक्त रोशन जैकब ने डीएम व सीडीओ को पत्र जारी कर लगातार बढ़ती गर्मी के मद्देनजर जरूरी सुविधाओं के उचित प्रबंधन के निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के साथ सभी को मांग के मुताबिक पेयजल उपलब्ध कराने पर जोर दिया है। सार्वजनिक स्थलों रेलवे व बस स्टेशनों सहित कचहरी परिसर में पेयजल सुविधा के लिए प्याऊ संचालित कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

नौतपा नक्षत्र के चलते शनिवार से मौसम के मिजाज अधिक तल्ख हुए हैं। शनिवार को ही जारी आदेश में मंडलायुक्त ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को गर्मी से आम जनमानस को राहत दिलाने के लिए जरूरी सुविधाओं के प्रबंधन पर जोर देने को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि पेयजल लाइनों सहित हैंड पंप के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसके लिए यांत्रिक दोष से बंद चल रहे नलकूपों व हैंड पंपों को जल्दी से जल्दी ठीक कराया जाए। निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए क्षेत्रवार टीमें गठित कर फाल्ट की सूचना मिलते ही शीघ्र मरम्मत कराना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने भीड़ वाले सार्वजनिक स्थलों खासकर रेलवे व बस स्टेशन, मुख्य बाजारों और न्यायालय परिसरों में पेयजल सुविधा सुनिश्चित कराने के लिए प्याऊ संचालन पर जोर दिया है, जिससे सभी को प्यास बुझाने के लिए आवश्यकतानुसार पीने का पानी उपलब्ध कराया जा सके। हीट वेव से बचाव के लिए लोगों को अधिक से अधिक जागरूक बनाया जाए, जिससे सभी को एहतियाती उपायों की जानकारी मिल सके। सभी चिकित्सालयों (पीएचसी, सीएचसी व जिला अस्पताल) में कम से कम दो बेड आरक्षित करते हुए संबंधित कक्षों में शीतलता बनाए रखने के प्रबंध किए जाएं। एचआरआई मामलों के शीघ्र प्रबंधन को एंबुलेंस में आइस बैग व ठंढ़े पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। आवश्यक औषधियों व उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित रहनी चाहिए। साथ ही चिकित्सालयों में पर्याप्त शीतल जल रहना चाहिए। इसी तरह मौसम की मार को देखते हुए पशु-पक्षियों को भी सुविधाएं मुहैया कराने को निर्देशित किया गया है।

कामयाबी | जिले के 16 ब्लाक क्षेत्र के पांच दर्जन विद्यालयों में नियमित कराया जाता है योगाभ्यास

# परिषदीय विद्यालय धीरे-धीरे हर घर पहुंचा रहे योगासन

अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग आहिस्ते-आहिस्ते घर-घर योग पहुंचाने की मुहिम चला रहा है। जिले में यह जिम्मेदारी कटरी पीपरखेड़ा कंपोजिट विद्यालय की शिक्षिका मिशन शिक्षण संवाद की एडमिन एसआरजी शिक्षिका डा. रचना सिंह संभाल रही हैं। हालांकि अभी 50-55 परिषदीय विद्यालयों में ही योगाभ्यास कराया जा रहा है। लेकिन, जिले के सभी 16 ब्लाक क्षेत्रों में मिशन ने दखल कायम करने में सफलता पाई है। एसआरजी के मुताबिक योग के लाभ को देखते हुए भविष्य में निश्चित तौर पर भावी पीढ़ी के जरिए स्वस्थ व स्फूर्तिवान बनाए रखने वाली यह प्राचीन भारतीय विधा को सभी परिवार स्वीकार्यता प्रदान करेंगे।

विभाग ने अभी मिशन शिक्षण संवाद को भले ही एच्छिक बना रखा है, लेकिन योग दिवस को वैश्विक मान्यता दिलाने में कामयाब केंद्र सरकार कभी भी विद्यालयों में इसे जरूरी करने का आदेश जारी कर सकती है। योगा को स्वस्थ जीवन के विज्ञान के रूप में स्वीकार करने वालों की जिले सहित प्रदेश व देश में बड़ी जमात है। एसआरजी शिक्षक मिशन की स्थानीय एडमिन के मुताबिक योग बच्चों को शारीरिक व मानसिक तौर पर स्वस्थ्य रखकर उनके अंदर सकारात्मकता बढ़ाता है।

यही कारण है कि एक बार योग शुरू करने वाला फायदों की वजह से निरंतरता के साथ इससे जुड़ जाता है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी ब्लाक के किसी न किसी विद्यालय में विद्यालय दिवस पर नियमित रूप से योग कक्षाएं संचालित हो रही हैं। हालांकि पिछले करीब पांच-छह वर्षों में तकरीबन पांच दर्जन विद्यालयों में ही नियमित योग कराया जा रहा है।


विद्यालय दिवस पर योगाभ्यास करतीं परिषदीय विद्यालय की छात्राएं। अमृत विचार

### बोले लोग


नगर के कंपोजिट विद्यालय हाकिमटोला की शिक्षिका रंजना कुमारी ने कहा कि 50 की उम्र पहुंचते-पहुंचते सभी को जोड़ों का दर्द होने लगता है, जबकि योग के माध्यम से यह दिक्कत कम होने लगती है।


फतेहपुर चौरासी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय पैसरा की शिक्षिका प्रियंका गुप्ता का कहना है कि कोविड काल में योगा उपयोगी साबित हो चुका है। इसलिए कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए सभी को योगा करना चाहिए।


नगर के डायट कैंपस में संचालित कंपोजिट विद्यालय की शिक्षिका पूनम मिश्रा ने कहा कि रोजाना योग करने वाले बच्चे अधिक स्फूर्तिवान होते हैं। इसलिए सभी को योग कराने के लिए सरकार गंभीर है।


नवाबगंज ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय तोमरनखेड़ा की शिक्षिका हिमांशी यादव का कहना है कि योगा सभी आयु वर्ग के लोग कर सकते हैं। अधिक उम्र के बजाए शुरुआत से करने वाले अधिक स्वस्थ्य रहते हैं।

### इस तरह काम करता है ग्रुप


मिशन शिक्षण संवाद की एडमिन डा. रचना सिंह ने बताया कि एसआरजी ग्रुप में शामिल सभी विद्यालय रोज योग कराते हुए एक-एक फोटो उपलब्ध कराते हैं। संकल्ति होने वाले चित्रों को व्हाट्स के माध्यम से राज्य स्तरीय ग्रुप के साथ साक्षा किए जाते हैं, जिसके आधार पर कमियां दूर कराने के सुझाव प्राप्त होते रहते है।


सफीपुर ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रायपुर मुड़हा की शिक्षिका कमलदीप कौर का कहना है कि स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मस्तिष्क होता है। निश्चित तौर पर योगा मनुष्य को स्वस्थ्य रखता है।

# घायल पुरोहित की हैलट में इलाज के दौरान मौत

संवाददाता पुरवा, उन्नाव

- 22 मई को डंपर की टक्कर से हुए थे गंभीर घायल
- मिर्री चौराहा के पास हुआ था हादसा

**अमृत विचार।** डंपर की टक्कर लगने से बाइक सवार 58 वर्षीय पुरोहित वृद्ध की चौथे दिन हैलट अस्पताल कानपुर में इजाज के दौरान मौत हो गयी। उसकी मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

कोतवाली क्षेत्र के धौरहरा निवासी 58 वर्षीय करुणा शंकर तिवारी पुरोहित का काम करते थे। वे 22 मई को पूजा पाठ कराने बाइक से पुरवा आए थे। जहां कस्बे के मिर्री चौराहा के पास गिट्टी लादकर आ रहे डंपर की बाइक में टक्कर लगने से आर्चाय सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए थे।

लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजन उनको सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने पहले जिला अस्पताल फिर वहां से हैलट अस्पताल कानपुर भेज दिया था। जहां उपचार के दौरान रविवार सुबह करुणा शंकर ने दम तोड़ दिया। मृतक की पत्नी ममता व चार पुत्रों में राजेश, गिरजेश, सर्वेश व अखिलेश का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि डंपर को कब्जे में लिया गया है। मौत की सूचना मिली है।






# चार घंटे में ही दबोचे गए कैश लूट कर भाग रहे चारों बदमाश

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सण्डीला पुलिस ने आनन-फानन में अपना जाल बिछाते हुए कार सवार ठेकेदार के ऊपर हमला कर उससे सोने की चैन और 47 हजार का कैश लूटने वाले चारों बदमाशों को वारदात होने के चार घंटे के ही एक आम के बाग़ से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से सोने की चैन,20 हज़ार का कैश और एक बाइक बराबर की गई है।

कछौना कोतवाली के कुकुही निवासी ठेकेदार शिवम सिंह शनिवार को अपने दोस्त विकास शुक्ला के साथ कार से सण्डीला जा रहा था। दो बाइक पर सवार युवक उसका पीछा कर रहे थे। शिवम एक निजी हास्पिटल के पास पहुंचा,उसी बीच बाइक सवारों ने उसे रोक और हमला कर उसके गले से एक लाख 80 हजार कीमत वाली सोने की चैन व कार में रखा 47 हजार कैश लूट कर भाग निकले,उसी बीच शिवम ने वहां पहुंची पुलिस की मदद से एक बदमाश आशीष कश्यप पुत्र नन्हक्कू निवासी ढिकुन्नी थाना अतरौली को वहीं पर दबोच लिया। शिवम की तहरीर पर धारा 394 के तहत केस दर्ज करने के तुरंत बाद पुलिस ने हर तरफ अपना जाल बिछा दिया। एसएचओ सण्डीला विजेंद्र सिंह ने एसआई वीर प्रताप सिंह,हेड कांस्टेबिल राम आसरे,राघवेंद्र सिंह,प्रवीण प्रताप सिंह और कांस्टेबिल आशीष के साथ बदमाशों की तलाश में जुट गए। उसी बीच पता चला कि गदौरा रोड पर हाजी जमील के बाग़ में कुछ लोग छिपे है। जिस पर पुलिस टीम ने तुरंत एक्शन लिया और बाग़ की घेराबंदी कर वहां से यशवर्धन उर्फ सौरभ पुत्र राकेश कुमार, अजीत पुत्र छोटेलाल, अनुज पाण्डेय पुत्र सत्यप्रकाश पाण्डेय निवासी ढिकुन्नी को पकड़ लिया। आशीष वारदात के वक्त ही पकड़ा जा चुका था। पुलिस के मुताबिक बदमाशों के कब्जे से लूटी गई सोने की चैन,47 हज़ार में से 20 हज़ार कैश और वारदात को अंजाम देने में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद की गई है।

### बाग में बैठ कर हो रहा था बंटवारा

हरदोई। लूट को अंजाम देने के बाद बदमाश गदौरा रोड पर आम के बाग में बैठ कर आपस में बंटवारा करने के बाद पहले से ही उनका कहीं भागने का प्लान तैयार हो चुका था,लेकिन उससे पहले ही वहां पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया।

### आखिर इतनी जल्दी फुर्र हो गए 27 हज़ार!

हरदोई। ठेकेदार शिवम सिंह ने अपनी तहरीर में 47 हज़ार कैश होने की बात कहीं थी,लेकिन पकड़े गए बदमाशों के पास से सिर्फ 20 हज़ार रुपये ही बरामद हुए। बाकी 27 हज़ार कहां है ? इसका पता लगाया जा रहा है। लोगों को इस बात की हैरत है कि वारदात के सिर्फ चार घंटे में ही बदमाश पकड़ लिए गए,लेकिन इतनी जल्दी 27 हज़ार रुपये कहां गायब हो गए। पुलिस इसका पता लगा रही है।

## एक नजर

### धोखाधड़ी करने वालों के विरुद्ध जांच कर कार्यवाही की मांग

माधौगंज, हरदोई। थाना क्षेत्र के ग्राम सहिजना निवासी अभिषेक कुमार ने पुलिस अधीक्षक को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि कुछ दिन पहले किसी व्यक्ति की कॉल आई। उसने खुद को दोस्त होने का हवाला देकर बैंक खाते पर नौ हजार रुपये भेजने की बात कही। कुछ देर बीतने के बाद शातिर ने ओटीपी ले लिया और व्हाट्सएप व गूगल एकाउन्ट खुद चलाकर कई लोगों से रुपए ऐंठना शुरू कर दिया। उधर किसी हिमांशु मौर्या, दीपक व अमन से लगभग 9000 रुपए खाते पर ले मंगा भी लिए है। अब जिन लोगों के पैसे उसके एकाउन्ट नाम पर भेजे है उन्होंने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। पीड़ित ने खुद की आईडी चेक कराई तो उस पर वाजिद नाम आ रहा है। साइबर क्राइम करने वाले जहां से आईडी पोर्ट कराई दुकान का नाम अतुल कम्युनिकेशन मालुम हुआ है।

### सीओ के आदेश पर आगजनी की रिपोर्ट

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आगमपुर में महिला के बाग में रंजिशन आग देने के मामले में सीओ के आदेश के बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध आगजनी करने की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम आगमपुर की पीड़िता जमुना देवी पत्नी कमलेश ने 22 मई को उसके 5 बीघा बाग में पुरानी रंजिश मानते हुए गांव के राम नरेश पुत्र सालिगराम और उसके पुत्र हरी राम पर आग लगा देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया था। कोई कार्यवाही न होने पर पीड़िता ने सीओ अनुज मिश्रा से न्याय की गुहार लगाई थी। सीओ श्री मिश्रा के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

# दूसरे दिन भी मंडी में पड़ा रहा किसानों का गेहूं

## किसानों का इंतजार करते रहे क्रय केंद्र प्रभारी, उप जिलाधिकारी की व्यापारियों से हुई वार्ता रही बेनतीजा

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** किसानों का गेहूं जबरदस्ती क्रय केंद्रों पर तुलवाने से नाराज व्यापारियों ने रविवार को दूसरे दिन भी कार्य बंद रखा। किसानों का गेहूं दूसरे दिन भी बाजार में पड़ा रहा। एसडीएम ने व्यापारियों से 30 मिनट बैठकर मंडी कार्यालय में बातचीत की, लेकिन बातचीत बेनतीजा रही। एसडीएम झल्लाकर उठीं और चली गई। एसडीएम बार-बार व्यापारियों से कह रही थी कि आप सरकार के सहयोग का ध्यान रखिए, लेकिन व्यापारी किसानों के ऊपर अपनी बात डाल रहे थे कि जब किसान माल बेचने को तैयार नहीं है तो हम किसी का माल जबरदस्ती क्रय केंद्र पर नहीं बिकवा सकते हैं। क्रय केंद्र के रेट 2275 से ज्यादा किसानों को आढ़तियों से मिल रहा है। आढ़ती 2375 में गेहूं क्रय कर रहे हैं, इसलिए गेहूं क्रय केंद्रों पर पूरी तरह से सन्नाटा पसरा हुआ है।


मंडी कार्यालय में व्यापारियों से बात करती एसडीएम पूनम भास्कर।

मंडी सचिव अमित कुमार ने शनिवार को एक फरमान जारी कर दिया था कि अगर किसी भी व्यापारी ने किसानों का गेहूं क्रय किया तो उसके लाइसेंस सस्पेंड कर दिए जाएंगे। धमकी से नाराज व्यापारियों और किसानों ने मंडी परिसर में हंगामा काट दिया। हंगामा काटने के बाद बड़ी संख्या में मंडी परिषद में फोर्स बल पहुंचा। हरदोई से व्यापारी नेता पहुंचे और मामला रफा-दफा हुआ। शाम को कुछ व्यापारियों ने अपना गेहूं क्रय केंद्रों पर तुलवा दिया, लेकिन उसके बाद आज दूसरे दिन व्यापारियों और किसानों ने पूरी तरह से हड़ताल रखी। क्रय केंद्र के प्रभारी किसानों के गेहूं का इंतजार करते रहे। किसी भी किसान ने गेहूं क्रय केंद्र पर ले जाना मुनासिब नहीं समझा। व्यापारी किसानों का नुकसान नहीं चाहते हैं इसलिए व्यापारी और किसान एक राय हो गए। नतीजा यह हुआ कि आज पूरे दिन व्यापारियों ने काम नहीं किया और व्यापारी एकत्रित होकर रणनीति बनाते रहे। जैसे ही इस बात की भनक एसडीएम सुश्री पूनम भास्कर को लगी। उन्होंने मंडी सचिव के कार्यालय पहुंचकर व्यापारियों को बुलाया और उनसे बातचीत की। एसडीएम ने कहा कि सभी लोग सरकार का सहयोग करने के लिए थोड़ा बहुत गेहूं गृह केंद्रों पर बिक्री करवा दें ताकि क्रय केंद्रों का लक्ष्य पूरा हो सके। इस पर व्यापारियों ने कहा कि वह किसानों पर दबाव नहीं बना सकते हैं।

### प्रशासन ने व्यापारियों पर बनाया दबाव

**हरदोई, अमृत विचार।** सरकारी खरीद केंद्र से ज्यादा निजी व्यापारी व्यापारियों को गेहूं का मूल्य दे रहे हैं। इस वजह से सरकारी केंद्रों पर सन्नाटा छाया हुआ है । सरकारी केंद्र पर कर्मचारियों की मनमानी के कारण किसान वहां अपना गेहूं पहले से ही नहीं बेच रहा था। जिले में गेहूं की खरीद न होने से प्रशासन ने अब व्यापारियों पर दबाव बनाना शुरू किया है। व्यापारियों को किसानों का गेहूं खरीदने से मना किया गया है। इसके विरोध में जिले की सभी मंडियों में किसान व व्यापारी विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकारी खरीद केंद्रों पर कर्मचारी की तानाशाही व कम मूल्य मिलने के कारण जिले में किसानों ने सरकारी केंद्रों पर गेहूं की बिक्री नहीं की । जिले में सरकारी केंद्रों पर गेहूं की खरीद न होने से अधिकारी हड़बड़ा गए हैं। चुनाव में लगे अधिकारी अब फुर्सत पाने के बाद गेहूं की खरीद बढ़ाने में लगे हुए हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद जब सरकारी केंद्रों पर गेहूं नहीं पहुंचा तब प्रशासन ने व्यापारियों को निजी आढ़तों पर गेहूं खरीदने से रोक दिया। प्रशासन की बात न मानने पर व्यापारियों के लाइसेंस निलंबित करने व उनकी एफआईआर करने की धमकी दी गई इससे व्यापारी और भी ज्यादा आक्रोशित हो गए। जिला मुख्यालय , शाहाबाद तथा माधौगंज मंडियों पर किसानों तथा व्यापारियों ने प्रशासन की इस गलत नीति का विरोध करना शुरू कर दिया है।

### लाइसेंस जमा कर दी व्यापार बंद करने की धमकी

**हरदोई, अमृत विचार।** नवीन गल्ला मण्डी के व्यापारियों ने दो टूक कह दिया कि गेहूं खरीद को ले कर अगर मण्डी सचिव ने व्यापारियों पर दबाव बनाते हुए उनका उत्पीड़न बंद नहीं किया तो सारे व्यापारी अपना-अपना लाइसेंस जमा कर व्यापार बंद करने का फैसला लेने के लिए मजबूर होंगे। व्यापार मण्डल के अध्यक्ष श्यामा कुमार गुप्ता उर्फ टीटू का कहना है कि सरकारी भाव 2275 है,जबकि मण्डी में 24 सौ का भाव चल रहा है। किसान घाटे में अपना गेहूं बेंचने से साफ मना कर रहें है। महामंत्री संजय गुप्ता व हरिश्याम गुप्ता उर्फ पीलू,वरिष्ठ उपाध्यक्ष कौशिक गुप्ता,कनिष्ठ उपाध्यक्ष रावेंद्र गुप्ता, वरिष्ठ मंत्री रजनीश गुप्ता, कनिष्ठ मंत्री ऋषि गुप्ता व कोषाध्यक्ष सूरज गुप्ता का कहना है कि अगर मण्डी सचिव ने अपना रवैया नहीं बदला तो सारे व्यापारी अपना-अपना लाइसेंस जमा कर व्यापार बंद करने का फैसला लेने के लिए मजबूर होंगे।

### ब्लॉक इकाई की मासिक बैठक

**हरदोई, अमृत विचार।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की अहिरोरी ब्लाक की मासिक बैठक में निर्भीक और निडर हो कर पत्रकारिता करने की सीख दी गई। एसोसिएशन के प्रदेश सचिव जितेंद्र सिंह बॉबी के मार्गदर्शन में रविवार को अहिरोरी ब्लाक इकाई की मासिक बैठक एसोसिएशन के बघौली चौराहा स्थित कार्यालय पर हुई। बैठक में संगठन को और मज़बूत बनाने पर ज़ोर दिया गया। साथ ही पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। संरक्षक सोमेंद्र गुप्ता ने कहा कि संगठन की मज़बूती के लिए एक दूसरे का साथ होना ज़रूरी है,इसलिए सभी संगठित होकर कार्य करें। डा. नीरज तिवारी ने निर्भीक और लीडर होकर पत्रकारिता करने को कहा, ब्लाक अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा ने कहा कि सभी साथी निर्भीक और निडर बन कर ईमानदारी से कार्य करें,संगठन हर समय उनके साथ खड़ा है। बैठक में उपाध्यक्ष रवि सिंह, कोषाध्यक्ष आर्यन सिंघानिया व मंत्री राहुल सिंह सहित सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मंडी गेट पर गुस्साए किसानों का प्रदर्शन

संवाददाता, माधौगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** रविवार के दिन सरकारी केंद्रों पर गेहूं फसल बिक्री करने के दबाव को लेकर किसान बिफर गए। गुस्साए दर्जनों किसानों ने कृषि उत्पादन मंडी गेट के पास धरना प्रदर्शन किया। देशराज कश्यप, दिलीप कुमार,श्याम कुमार, रामकुमार, सुनील, मनोज,बीरु आदि किसानों का कहना है कि आढ़तियों के माध्यम से उनकी फसल के दाम 2380 रूपए मिल रहा है तो फिर सरकारी खरीद केंद्रों पर 2275 रुपए प्रति कुंतल बेंचने से उनका नुकसान होगा। या तो खुली बाजार में फसल बिक्री के लिए आदेश किया जाए या फिर सरकारी केंद्रों पर भाव में बढोत्तरी की जाए। उधर किसानों के प्रदर्शन को लेकर व्यापारियों की दुकानों पर गेहूं के ढेर लगे दिखाई दिए। व्यापारियों की मानें तो जो बाजार भाव चल रहा है उसके हिसाब से सरकारी केंद्रों पर किसानों का नुकसान होगा। पूरे दिन खरीद बिक्री दोनों कार्य बंद चल रहे हैं। कई ट्रैक्टर ट्राली किसान वापस कर ले गये।


प्रदर्शन करते किसान। अमृत विचार

मौके पर पहुंचे मंडी सचिव दिलीप कुमार वर्मा ने प्रदर्शन कर रहे किसानों को शान्त कराया। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश हैं कि उच्च अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। किसानों का कहना कि महंगे बीज, खाद, जुताई, इंजन मशीन से सिंचाई में लगभग दो रुपए प्रति घण्टे का खर्च आता है। वहीं निजी ट्यूबवेलों की सिंचाई लगभग सौ रुपए प्रति घण्टे आती है, जिससे कभी-कभी लागत निकलना दुर्लभ हो जाती है।

### कार ने ऑटो में मारी टक्कर, एक जखमी

**हरदोई, अमृत विचार।** तेज़ रफ्तार मारुति कार ने ऑटो में ज़ोरदार टक्कर मार दी,जिससे उस पर सवार युवक बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। इसका पता होते ही वहां पहुंची यूपी-112 की पीआरवी टीम ने उसे एम्बुलेंस-108 से कछौना सीएचसी पहुंचाया,जहां उसका इलाज चल रहा है। रविवार को बघौली थाने के माधौगंज रोड पर बन्नापुर में ठेका देशी शराब के सामने बघौली की तरफ से तेज़ रफ्तार में जा रही मारुति कार ने दूसरी तरफ से आ रहे ऑटो रिक्शे में सीधी टक्कर मार दी, जिससे ऑटो पर सवार 35 वर्षीय हरीराम पुत्र बेंचेलाल निवासी पालपुर बैरागी खेड़ा बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। टीम ने ज़ख्मी हुए हरीराम को कछौना सीएचसी भिजवाया,जहां उसकी हालत नाज़ुक बनी हुई है।

# पोल्ट्री फॉर्म हाउस में रह रही किशोरी की जहर से हुई मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** कन्नौज की रहने वाली किशोरी अपने परिवार वालों के साथ पोल्ट्री फॉर्म हाउस में रह कर मज़दूरी करती थी। वहीं उसकी एका-एक तबियत बिगड़ गई। किशोरी को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,जहां उसकी मौत हो गई। डाक्टरों के मुताबिक उसकी मौत ज़हर खाने से हुई। उधर पोल्ट्री फॉर्म के मालिकान पुलिस सूचना न भेजने के लिए दबाव बनाने लगे और फिर शव उठा ले गए।

बताया गया है कि कन्नौज ज़िले के इस्माइल पुर थाना गुरसराय गंज निवासी छोटेलाल अपने परिवार के साथ जियो गांव के पोल्ट्री फॉर्म हाउस में रह कर वहीं मज़दूरी करता था। रविवार की सुबह उसकी 15 वर्षीय पुत्री रिंकी की तबियत बिगड़ गई और मुंह से झाग निकलने लगी। उसे ऐसी हालत में देख कर आनन-फानन में मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,जहां उसकी मौत हो गई। छोटे लाल की चार बेटियां में बड़ी बेटी प्रियंका की शादी हो चुकी है,उससे छोटी रिंकी थी और रिंकी से छोटी रेनू और पायल के अलावा एक बेटा चंदन है। रिंकी ने ऐसा किस मजबूरी में किया ? इस बारे में कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है। कुछ का कहना है कि उसके मां-बाप दबाव के चलते कुछ बोल नहीं पा रहें है।

## सार-संक्षेप

### अवैध अस्पताल चलाने वाला भेजा गया जेल


विपिन वर्मा

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। गिगियानी मोहल्ले में 17 मई को नोडल अधिकारी द्वारा औचक छापेमारी करके लाइफ केयर क्लिनिक के संचालक विपिन वर्मा के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। पुलिस ने रविवार को बेझा चौराहे से गिरफ्तार का जेल भेज दिया गया है। 17 मई को सीएचसी के अधीक्षक और नोडल अधिकारी प्रवीण दीक्षित ने गिगियानी स्थित लाइफ केयर क्लिनिक पर औचक छापेमारी की। छापेमारी के दौरान विपिन वर्मा अस्पताल से नदारद मिला। मौके पर अस्पताल का रजिस्ट्रेशन नहीं पाया गया। बड़ी मात्रा में दवाइयां और मरीज के पर्चे बरामद हुए। अस्पताल में कुछ प्रतिबंध नशीली दवाएं भी बरामद हुई थी। इस संबंध में नोडल अधिकारी प्रवीण दीक्षित ने शाहाबाद कोतवाली में एनडीपीएस और धोखाधड़ी के अंतर्गत केस दर्ज कराया था। रविवार को जामा मस्जिद चौकी इंचार्ज अंगद सिंह और विपिन कुमार ने बेझा चौराहे से आरोपी अस्पताल संचालक विपिन वर्मा को गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया।

### अभ्यास और वैराग्य से वश में होगा मन : डा. ईश्वर चंद्र


विचार गोष्ठी को संबोधित करते संस्था सदस्य। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार।** संवेदना संस्था ने रविवार को सीएसएन पीजी कालेज के सभागार में मानव जीवन और मन विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें आध्यात्मिक व मनोवैज्ञानिक विद्वानों ने अपने विचार रखे। गोष्ठी में बोलते हुए संस्था अध्यक्ष डा. ईश्चर चंद्र वर्मा ने कहा कि मनुष्य का अपने मन के साथ गहन आभ्यंतरिक संबंध है। मस्तिष्क, मन और बुद्धि में आधारभूत अंतर है। इसलिए कहा गया है कि जैसा खाएंगे अन्न वैसा बनेगा मन। अभ्यास और वैराग्य से ही मन को वश में किया जा सकता है। आचार्य शिव शरण सिंह चौहान ने कहा कि मन को नियंत्रण करने के लिए यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। गोष्ठी में सुरेनाथ नाथ अग्निहोत्री, डा. एसके सिंह, गिरीश चंद्र बाजपेई ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। विचार गोष्ठी के पश्चात कवि गोष्ठी में जनपद के कवि विकास कुमार सिंह, चंद्र प्रकाश द्विवेदी, डा. बैरिस्टर सिंह यादव सहित कई कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम के संयोजक डा. नरेश चंद्र रहे। इस मौके पर संस्था का त्रैमासिक अधिवेशन भी हुआ। जिसमें डा. सुरेश अग्निहोत्री, उदय कुमार सिंह, अशोक कुमार बाजपेई, गंगासरन मिश्र, अरविंद कुमार, महेश मिश्र, कुमुदिनी देवी सहित अनेक विद्वान मौजूद रहे।

### डग्गामार वाहनों पर सरकार की चेतावनियां हुई बेअसर


वाहन के पीछे लटक कर यात्रा करते लोग। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार।** शायद ही कोई दिन ऐसा होता हो, जब मार्ग दुर्घटना में कोई न कोई हताहत न होता हो। मार्ग दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। इसके बावजूद लोग बेखौफ होकर परिवहन नियमों की धज्जियां उड़ाने में लगे हुए हैं। सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद डग्गामार वाहनों पर न तो रोक लग पा रही है और न ही उस पर चलने वाले खुद को खतरे में डालने से बाज आ रहे हैं। लगातार जिले में मार्ग दुर्घटनाओं का क्रम जारी है। शुक्रवार को ही मल्लावां क्षेत्र में मोपेड पर सवार तीन लोगों की जिंदगियां मार्ग दुर्घटना में समाप्त हो गई। मार्ग दुर्घटनाएं शायद किसी दिन न होती हो। गलत तरीके से वाहनों को चलाना खतरनाक तरीकों से उन पर सवार होना इन घटनाओं को और भी बढ़ा रहे हैं। अपनी आमदनी के चक्कर में डग्गामार वाहन सवारियों को वाहनों के बाहर लटका कर चल देते हैं। यही नहीं जल्दी पहुंचने के प्रयास में लोग अपनी जान की परवाह किए बिना गलत तरीकों से वाहनों पर सवारी करते हैं। समय-समय पर शासन सुरक्षित यातायात के लिए तमाम अभियान चलाता रहता है। इसके बावजूद लोग सुरक्षित यातायात के नियमों की लगातार अवहेलना करने में पीछे नहीं रह रहे हैं।

# 24 घंटे चले रेस्क्यू के बाद हाथ आया नहर में डूबे युवक का शव

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शारदा नहर के पानी के साथ बहे दूसरे दोस्त के शव को 24 घंटे चले रेस्क्यू के दौरान रविवार की दोपहर कुल्लही शारदा पुल के पास से बरामद कर लिया गया।

शनिवार की दोपहर को पिहानी कोतवाली के चठिया बुज़ुर्ग के दोस्त अनिल,ब्रजेश, प्रांशू,सुमित,शिवम व रजनीश एक साथ शारदा नहर में नहाने के लिए रामपुर देहलिया पहुंचे। सभी नहर में नहा रहे थे,उसी बीच पानी का बहाव तेज़ होने से सारे दोस्त उसमें फंस गए,बाकी तो किसीतरह बच कर बाहर आ गए,लेकिन अनिल और ब्रजेश को पानी अपने साथ बहा ले गया था। एसएचओ पिहानी धर्मदास सिद्धार्थ और उनकी टीम ने रेस्क्यू करते हुए अनिल के शव को बरामद कर लिया,लेकिन ब्रजेश की तलाश के लिए पुलिस की चार टीमें बनाई गई। शनिवार की दोपहर से शुरु हुआ ऑपरेशन रेस्क्यू रविवार की दोपहर तक चलता रहा। तकरीबन 24 घंटे बाद ब्रजेश का शव शारदा नहर के कुल्लही पुल के पास से बरामद किया गया। एसएचओ श्री सिद्धार्थ ने बताया कि शव की तलाश में सारी रात पुलिस की टीमें पड़ोसी ज़िलों लखीमपुर,पीलीभीत, बाराबंकी, सीतापुर व लखनऊ से निकली शारदा नहर को खंगालने में जुटी रहीं।

### नकली जेवर बेचने व चोरी करने के आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला चौक में ज्वेलर्स सोनू रस्तोगी पुत्र राम भरोसे रस्तोगी ने बताया कि एक महिला उनकी दुकान पर आई थी वह कान के झाले और चांदी की पायल बेचने के लिए बोली। उसने नाक के फूल दिखाने को कहा। सोनू ने नाक के दस फूल दिखाए तो महिला द्वारा एक फूल चोरी कर लिया गया। शक होने पर उन्होंने बेचने वाले झाले और पायल को चेक करवाया तो झाले नकली निकले, पायल भी गिलट की निकली। महिला ने पुलिस को अपना नाम गिरिजा देवी उर्फ पूजा पुत्री रामआसरे निवासी पूरा बंडा थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर बताया। तलाशी में एक जोड़ी नकली झाले ,एक जोड़ी पायल व नाक का फूल बरामद हुआ।

# शहीद व्यापारियों को किया गया याद

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री अजय टंडन,जिला अध्यक्ष विमलेश दीक्षित, युवा प्रदेश मंत्री विभु गुप्ता,नगर अध्यक्ष कैलाश गुप्ता ने कहा कि देश आजाद होने के बाद बता दिया कि कहने वाला सुनने वाला कोई नहीं था। जो भी सरकारें आई सभी ने व्यापारियों पर काले कानून थोपकर उनका शासन-प्रशासन से उत्पीड़न किया जाता रहा तथा व्यापारियों पर गुन्डा टैक्स, अवैध वसूली, लूट, हत्याएं आदि हो रही थीं। इन गम्भीर समस्याओं व उत्पीडन के खिलाफ वर्ष 1973 में वाराणसी में लाला विशंभर दयाल अग्रवाल व पं श्याम बिहारी मिश्रा के नेतृत्व में व्यापार मन्डल का गठन कर पूरे प्रदेश से संगठन में व्यापारियों को जोड़ा गया जिलाध्यक्ष श्री दीक्षित ने कहा प्रदेश के कई जिलों के व्यापार मन्डल के पदाधिकारियों ने व्यापारियों के मान सम्मान एवं उनके व्यापारिक हितों के रक्षार्थ विरोधियों से कड़ा संघर्ष करते हुऐ अपने प्राणों की आहूति दे दी। अनन्त अग्रवाल ने कहा कि 26 मई 1979 को लखनऊ के हमारे व्यापारी स्व हरिशचन्द अग्रवाल ने व्यापार मन्डल के आन्दोलन में अपने प्राणों की आहूति दे दी गई संघर्ष में प्रदेश के कई व्यापारी हरी शंकर अग्रवाल, नित्यानन्द कौशिक, अशोक कुमार खण्डेलवाल, कमल जैन, अजय गुप्ता, मुन्ने मियां, अशोक राय, राकेश पवार, शिव सिह, गोपाल पोद्दार ने अपने प्राणों को आहूति दी थी।


शहीद व्यापारियों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए। अमृत विचार

## आयोजन

छात्र-छात्राओं ने समर कैंप में जमकर की मौज-मस्ती, बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति देकर सम्मानित किए गए प्रतिभागी

# समर कैम्प का समापन, छात्र-छात्राओं ने दिखाया पराक्रम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ग्रीष्मकालीन छुट्टी का छात्र-छात्राओं को बेसब्री से इंतजार रहता है। स्कूल की ग्रीष्मकालीन छुट्टियों से पहले स्कूल में होने वाले समर कैंप का भी छात्र-छात्राओं को उतनी ही बेसब्री से इंतजार रहता है। जब स्कूल में छात्र छात्राएं समर कैंप में जमकर खेलकूद व मस्ती कर सकते हैं। शहर के सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में छात्र-छात्राओं ने समर कैंप में जमकर मस्ती की। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के खेलों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग लिया। सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में चल रहे समर कैंप का समापन हो गया।


समर कैंप में प्रमाण पत्र से सम्मानित स्कूली बच्चे। अमृत विचार

इस मौके पर हरदोई नगर पालिका के अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा मधुर मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे थे जिन्हें स्कूल के वाइस प्रिंसिपल द्वारा पुष्प गुच्छ व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समर कैंप में बच्चों द्वारा खेल में किए गए बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाओं की भी मौजूदगी रही।

### 16 से 24 मई तक चला समर कैम्प

हरदोई। सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में समर कैंप में छात्र छात्राओं ने समर कैंप में जमकर मस्ती की। छात्र छात्राओं ने एथलेटिक्,स क्रिकेट, शतरंज, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, नृत्य ,संगीत, ओरिगामी, जुंबा में बढ़कर प्रतिभा क्या और अपने हुनर को प्रदर्शित किया। कक्षा 5 से लेकर 12 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग लिया था 16 से लेकर 24 मई तक चले समर कैंप का आयोजन शारीरिक शिक्षा एवं कला विभाग द्वारा किया गया था। प्रत्येक दिन 100 से अधिक छात्राओं ने समर कैंप में प्रतिभा किया। नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को खेलकूद भी आवश्यक होता है। इस आयोजन के लिए स्कूल के प्रबंधक राकेश पाल, अध्यक्ष श्री नारायण चटर्जी, स्कूल की प्रधानाचार्य मौसमी चटर्जी, निदेशक मंडल अंकित अरुण, सोनम आनंद का बहुत बड़ा योगदान रहा है। स्कूल की प्रिंसिपल मौसमी चटर्जी ने कहा कि बच्चों ने हर वर्ग में अपना बेहतर प्रदर्शन दिया है। इस मौके पर सेंट जेवियर्स प्राइमरी से शारीरिक शिक्षा वर्ग से साक्षी सिंह, सेंट जेवियर्स है स्कूल से शारीरिक शिक्षा वर्ग से देवेश शुक्ला, शान अहमद, विनय, सागर ,अर्जुन ,जीपी बिष्ट, नृत्य वर्ग से शिक्षक गौरव सिंह कला वर्ग से नीलम यादव नितिन गुप्ता समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### ट्रॉली से टकरा कर बाइक सवार की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** टड़ियावां थाने के खपरा मजरा खांडा खेड़ा निवासी 25 वर्षीय मुनीम पुत्र गंगू शनिवार की रात में अपने घर से बाइक लेकर खांडा खेड़ा जाने के लिए निकला। वह जैसे ही गांव के बाहर निकला,उसी बीच उसकी बाइक वहां रास्तें में खड़ी ट्राली से टकरा गई, जिससे मुनीम बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। आनन-फानन में उसे एम्बुलेंस-108 से अहिरोरी सीएचसी पहुंचाया जा रहा था,उसी बीच उसकी रास्तें में ही मौत हो गई। मुनीम की शादी हो चुकी थी,उसके दो बच्चे है। पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी। घर-परिवार की सारी ज़िम्मेदारी मुनीम के ही ऊपर थी।उसका एक छोटा भाई है,जो मुम्बई में रह कर काम करता है।

# फुल ड्रेस और उपकरणों के साथ दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मतगणना और उसके बाद आगामी त्योहारो के मद्देनजर रविवार को बावन में दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ पुलिस ने मॉक ड्रिल की। फुल ड्रेस और उपकरणों से लैस पुलिस फोर्स को बड़ी संख्या के साथ निकला देख कुछ देर के लिए लोग सकते में आ गए। बावन और उसके आस पास के गांव में चर्चा होने लगी कि कहीं कोई बवाल तो नहीं हो गया। बाद में जब उन्हें पता चला कि यह पुलिस बल की ओर से पूर्वाभ्यास है तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

इस ड्रिल का नेतृत्व एसपी केशवचन्द गोस्वामी कर रहे थे। एडिशनल एसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रकाश सिंह व सीओ सिटी अंकित मिश्रा के अलावा, एलआईयू प्रभारी शिरीष शर्मा सहित कई थानों की पुलिस फोर्स पूरे गांव को अलर्ट करती दिखाई दी। इस दौरान मतगणना, आगामी त्योहारों व किसी भी आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए नियंत्रण उपकरणों के साथ दंगा नियंत्रण के लिए अभ्यास किया गया। इस अभ्यास में पुलिस बल को आंसू गैस, पैलेट गन, रबर बुलेट गन, एंटी रायट गन आदि दंगा नियंत्रण उपकरणों का अभ्यास कराया गया। साथ ही विभिन्न टीमें बनाकर दंगा नियंत्रण के लिए अमल में लाए जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों एवं टैक्टिस का क्रमवार अभ्यास किया गया। एसपी ने सभी पुलिस कर्मियों को बताया कि सदैव मानसिक एवं शारीरिक रूप से तत्पर रहें एवं दंगा नियंत्रण के समस्त उपकरण सक्रिय दशा में सदैव अपने साथ रखें, जिससे कि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटा जा सके। एसपी ने उन्हें आगाह किया कि किसी भी सूचना पर जब वह मौके पर पहुंचे तो हमेशा सतर्क रहें। गश्त के दौरान फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस भी साथ रही।


पूर्वाभ्यास में जवानों को निर्देश देते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

## एक नजर

### ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार घायल

**कोथावां, हरदोई, अमृत विचार।** कोथावां से सण्डीला की तरफ जा रहे बाइक सवार को सण्डीला की तरफ से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। बताते चलें कि प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेम श्रीवास्तव पुत्र बैजनाथ निवासी ग्राम नयापुरवा बेनीगंज अपनी मोटर साइकिल से शाहपुर जा रहे थे कि कोथावां से आगे लोटस हास्पिटल के पास सण्डीला की तरफ से आ रहे अनियंत्रित ट्रक संख्या यू.पी. 34 टी 9623 ने टक्कर मार दी जिससे प्रेम श्रीवास्तव गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए एम्बुलेंस से सीएचसी कोथावां ले जाया गया, हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रिफर कर दिया। वहीं ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया, पुलिस ने ट्रक को कब्जे मे ले लिया है।

### नकदी व डेढ़ लाख के जेवरात लेकर किशोरी फरार

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव से 14 वर्षीय किशोरी पांच हजार रुपए की नगदी और डेढ़ लाख रुपए कीमत के जेवरात लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर प्रेमी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पाली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीती 21 मई की रात को उसकी 14 वर्षीय पुत्री को गौरव पुत्र संतोष सिंह निवासी ग्राम अज्ञात भगा ले गया। उसकी पुत्री साथ में पांच हजार रुपए की नगदी और डेढ़ लाख रुपए कीमत के जेवरात भी ले गई है। उसने नाते रिश्तेदारी में काफी खोजबीन की, पर उसकी पुत्री का कोई सुराग नहीं लगा। पाली थाने के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# तेज धूप से बाजारों में पसरा रहा सन्नाटा

## बढ़ता तापमान आम जनता पर पड़ रहा भारी, सुबह दस बजे के बाद बाजारों में नहीं दिखती भीड़

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** तेज धूप और तपन के कारण बाजार सन्नाटे में तब्दील हो गए हैं। नगर के व्यस्ततम बाजारों में भी सड़कों पर इक्का-दुक्का लोग देखे जा रहे हैं। दुकानदार ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। गर्मी का लगातार बढ़ रहा तापमान नागरिकों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। सबसे ज्यादा मजदूरी पेशा लोगों को परेशानियों का सामना उठाना पड़ रहा है। सुबह 10 बजे तक तो बाजार में ठीक-ठाक भीड़भाड़ दिखती है, लेकिन उसके बाद बाजारों में सन्नाटे जैसी स्थिति दिखाई देने लगती है। दोपहर एक बजे से और तीन बजे तक बाजार में पूरी तरह से सन्नाटा छा जाता है।

नगर की पुरानी सब्जी मंडी, घंटाघर, सदर बाजार, सराफा बाजार बस स्टैंड अल्हापुर तिराहा आदि व्यस्ततम बाजारों में भी सन्नाटा छा गया है। 10 बजे के बाद लोग गर्म हवाएं और तपन के कारण घरों में दुबक जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोग भीषण गर्मी और तपन के कारण वे ही बाजार आने से परहेज कर रहे हैं। क्योंकि अब गांव-गांव सब्जी की बाजारें लगने लगी हैं, वैसे ग्रामीण क्षेत्र के लोग सब्जी आदि खरीदने के लिए शहर आते थे लेकिन अब ऐसा भी नहीं। ग्रामीण क्षेत्र की आवाजाही कम हो जाने की वजह से बाजारों की रौनक पहले से ही उड़ी थी लेकिन तेज धूप और तपन ने आग में घी का काम किया। समस्त बाजार पूरी तरह से सन्नाटे में तब्दील हैं। दुकानदार दुकानों पर खाली बैठे हुए ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं।


तेज धूप के कारण पुरानी गल्ला मंडी में सन्नाटा। अमृत विचार


धूप से बचाव करती महिलाएं।

### 44 डिग्री पर पहुंचा जिले का तापमान

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले में लगातार तापमान का बढ़ना जारी है। रविवार को तापमान बढ़ कर 44 डिग्री पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा। छह किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली गर्म हवाओं ने सड़कों पर दोपहर में सन्नाटा छा दिया। रविवार को जहां बाजारों में रौनक बढ़ जाती थी, वहीं तपन ने लोगों को कैद कर दिया। जरूरी काम वाले ही बाहर दिखाई दे रहे। नौतपा का असर दिनों दिन जिले में दिखाई देने लगा है। गर्मी व धूप का आलम यह है कि सूर्योदय के कुछ घंटे के बाद ही तेज धूप निकल आती है। सुबह नौ बजे से ही तापमान तेजी पकड़ना शुरू कर देता है। गर्मी का आलम यह है कि जिले में 44 डिग्री सेल्सियस तापमान रविवार को दर्ज किया गया। छह किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली लू ने सड़कों पर सन्नाटा कर दिया। गर्मी का आलम यह है कि शाम सात बजे तक लोगों को गर्म हवाओं के थपेड़े झेलने पड़ रहे हैं। लगातार गर्मी के बढ़ रहे प्रभाव के चलते बिजली की मांग बढ़ती चली जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को जानवरों को पानी पिलाने व नहलाने की समस्या दिनों-दिन बढ़ रही है। गांव में सरकार के तमाम निर्देशों के बावजूद अभी भी तालाब व पोखर भरे नहीं हैं। बढ़ रही गर्मी के कारण लोग नहरों व ट्यूबवेलों में नहाकर खुद को ठंडा रख रहे हैं। नहर नहाने के कारण गत दिवस पिहानी थाना क्षेत्र अंतर्गत दो युवकों की पानी में डूब कर मौत हो गई।


ट्यूबवेल में नहाते लोग।

## सार-संक्षेप

### ग्रापए आज जिला चिकित्सालय में मरीजों को बांटेगी फल

**हरदोई, अमृत विचार।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बालेश्वर गुप्ता की पुण्य तिथि पर सोमवार को जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए जाएंगे। इससे पूर्व एसोसिएशन के जिला कार्यालय पर स्व. गुप्ता की पुण्य तिथि मनाई जाएगी।

### राम को मनाने वन पहुंचे भरत व अयोध्या की जनता

**हरदोई, अमृत विचार।** लालेश्वर धाम लालपालपुर में चल रही रामकथा में कथा मर्मज्ञ रामानुजाचार्य ने कथा के छठें दिन अयोध्या की भाव विह्वल जनता का दृश्य प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या वासियों के प्राण राम में बसते थे। कथा प्रसंग में कथा मर्मज्ञ ने कहा कि भरत के समान भाई आज तक नहीं हुआ। भरत अवध का राज्य व वैभव ठुकराकर राम को वापस लेने के लिए वन को गए। उनके वापस न आने पर उनकी चरण पादुकाएं लाकर पंचवटी में संन्यासियों की भांति रहकर अयोध्या के प्रजा की सेवा की। कथा में भरत के चरित्र को सुनकर श्रोता अपने आंशुओं को नहीं रोक पाए। इस मौके पर सोमेंद्र अग्रवाल, विनोद शुक्ला, राकेश कुशवाहा, वीर सिंह, नरेंद्र गुप्ता सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे।


श्रीराम कथा सुनाते कथावाचक।

### आए दिन लग रहे जाम से लोग परेशान


पीपल चौराहे पर लगा जाम। अमृत विचार

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** नगर के पीपल चौराहे पर हर दिन लगने वाले जाम से लोग परेशान हैं। कोई समय पर दफ्तर नहीं पहुंच पा रहा है, तो कोई स्कूल। जिम्मेदार भी इस समस्या से निजात दिलाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। जाम की बड़ी वजह बनी पटरियों पर खड़ी बेतरती गाड़ियां ई रिक्शा व दुकानदारों की ओर से किया गया अतिक्रमण बताया जा रहा है। अस्थायी दुकान सड़क की पटरियों पर लगा रखी है। अतिक्रमण हटाने के लिए नगर पालिका व स्थानीय पुलिस की ओर से कोई अभियान नहीं चलाया जाता है। बाजार में ओवरलोड वाहन घुसने से भी जाम की समस्या बन जाती है। कारण, अभियान के दौरान लोग अतिक्रमण कर लगी दुकानें तो हटा लेते हैं, लेकिन बाद में फिर से वहीं दुकानें खोल लेते हैं। ऐसे में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है। इस संबंध में जब अधिशासी अधिकारी से से बात हुई तो उन्होंने बताया कि जल्द ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा।

### प्रतिबंधित पेड़ काटने का आरोपी गिरफ्तार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** वन विभाग देवा की टीम ने प्रतिबंधित शीशम के पेड़ को काटते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ केस दर्ज किया है। वन विभाग देवा की टीम ने कुर्सी थाना क्षेत्र के कामीपुर गांव में प्रतिबंधित शीशम का एक पेड़ का अवैध कटान करते रामभजन पुत्र चन्द्रिका निवासी कामीपुर थाना कुर्सी को गिरफ्तार किया है। वन क्षेत्राधिकारी देवा मयंक सिंह ने उसके विरुद्ध देवा रेंज में वन अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया है। कार्यवाही दल में प्रशांत कुमार, कौशल सिंह समेत कई वनकर्मी शामिल रहे।

### रक्तदान कर 15 को हरिद्वार रवाना होंगे किसान


बैठक करते भाकियू के पदाधिकारी। अमृत विचार

**हैदरगढ़ बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन ब्लॉक इकाई हैदरगढ़ टिकैत की संगठन विस्तार के क्रम में ग्राम फतेहगंज में कमलेश कुमार के नेतृत्व में संगठन विस्तार की पंचायत हुई। इसमें जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, तहसील अध्यक्ष अशोक सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष डॉ हरी रामपाल, ब्लॉक महासचिव राजेश कुमार यादव की उपस्थिति में संगठन विस्तार कर लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर दर्जनों किसानों ने सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार, संत प्रसाद, बद्री प्रसाद, देवी प्रसाद, दिनेश समेत तमाम किसान उपस्थित रहे। सभी किसानों को जानकारी दी गई व 16, 17 व 18 जून को हरिद्वार में महापंचायत में सभी किसान अपने ग्राम अध्यक्ष के नेतृत्व में पहुंचे। वहीं 15 तारीख को रक्तदान के बाद जिला मुख्यलय से सभी किसान हरिद्वार के लिए रवाना होंगे।

### भाजपा बूथ अध्यक्ष पर कब्जेदारी का आरोप

**रामनगर बाराबंकी, अमृत विचार :** भाजपा बूथ अध्यक्ष द्वारा प्रशासनिक दबाव बनाकर आबादी की भूमि पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम पंचायत तेलवारी निवासी ज्ञानेंद्र प्रताप उर्फ रिंकू ने जिले के अधिकारियों को दिए गए पत्र में कहा कि के भाजपा बूथ अध्यक्ष दबंग किस्म के व्यक्ति हैं। शनिवार को उपरोक्त लोग एक राय होकर पहुंचे और मौके पर मौजूद उसकी मां को धमकी देते हुए घर के उत्तर में आबादी की भूमि जिस पर आजादी के पहले से काबिज़ हूं उस पर दबंगई के बल पर कब्जा करने लगे। विरोध करने पर सभाजीत ने विधायक को फोन करने के बाद शासन प्रशासन को अपने पक्ष में बताकर जबरन कब्जा करने की बात कही। इतने में पुलिस बल के साथ, कानून गो, हल्का लेखपाल मौके पर पहुंचे और पीड़ित पर ही दबाव बनाकर मुकदमे में फसाने व जेल भेजने की धमकियां देने लगे।

### गैर प्रांत के चार तस्करों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गैर प्रांत के चार आरोपियों के खिलाफ देवा पुलिस ने गैंगस्टर के तहत केस दर्ज किया है। यह केस देवा कोतवाल अनिल कुमार पांडे ने दर्ज कराया है। कोतवाल ने बताया कि सहाबुद्दीन आलम उर्फ अमन निवासी सोनपुरा थाना तरहसी जनपद पलामू झारखंड सुसंगठित आपराधिक गैंग का सरगना है। यह अपने गैंग के सदस्य शम्मी आलम, अशफाक आलम और जाहिद मियां उर्फ जाहिर के साथ मादक पदार्थों की तस्करी जैसे आपराधिक कृत्य कर युवा वर्ग को नशे की लत में डालकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करता है। गिरोह के सदस्यों के खिलाफ पूर्व में एनडीपीएस एक्ट के तहत देवा थाने में अभियोग दर्ज है। इनके विरुद्ध गैंग चार्ट जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार को प्रस्तुत किया गया था।

# आइसक्रीम के नाम पर जहर परोस रहे हैं निर्माता

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** पैसे की चाहत आदमी पर इस कदर हाबी हो गई है कि अब आदमी जनजीवन से भी खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहा हैं। यहां के कुछ आइसक्रीम विक्रेता गर्मी और तपन का फायदा उठाकर केमिकल युक्त आइसक्रीम की बिक्री धड़ल्ले के साथ कर रहे हैं, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है और खासकर बच्चे आइसक्रीम खाकर बीमार हो रहे हैं।

मंडी नवीन मंडी स्थल के सामने एक आइसक्रीम विक्रेता धड़ल्ले से केमिकल, सकरीन और पाउडर से आइसक्रीम का निर्माण करके बाजार में बेंच रहा है, जिससे लोग बीमारी का शिकार हो रहे हैं। नवीन मंडल स्थल के निकट एक कारखाना स्थित है। शहर से लेकर गांव-गांव इस कारखाने का ब्रांड बेचा जा रहा है। इस आइसक्रीम का निर्माण लाल कलर, सकरीन, साटरी और सस्ता दूध पाउडर नोवा से किया जा रहा है। आइसक्रीम के निर्माण में प्रयोग की जाने वाली यह सारी सामग्री हानिकारक है और जानलेवा भी। लाल कलर और सकरीन तो स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक मानी जाती है ऊपर से सस्ते किस्म का दूध पाउडर नोवा भी नुकसान देह है। लेकिन अधिकारियों की मिली भगत के चलते मौत के सौदागरों का यह गोरख धंधा खूब फल फूल रहा है। सुबह से लेकर शाम तक इस आइसक्रीम फैक्ट्री में आइसक्रीम का निर्माण किया जाता है। फिर गांव गांव, गली गली बिक्री किया जाता है। इसका सेवन करने के बाद महिलाएं, पुरुष और बड़ी संख्या में बच्चे बीमारी का शिकार हो रहे हैं, लेकिन अधिकारियों के पास इन आइसक्रीम निर्माताओं के यहां औचक छापेमारी करके इनकी निर्माण सामग्री की जांच करने का समय नहीं है।

### क्या कह रहे हैं जिम्मेदार ?

खाद्य निरीक्षक खुशीराम का कहना समय-समय पर आइसक्रीम फैक्ट्रियों पर औचक छापेमारी करके सैंपलिंग की कार्रवाई की जाती है। चुनाव में व्यस्तता होने की वजह से थोड़ा विलंब हुआ है फिर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

# महिला को मारपीट कर घर से भगाने का आरोप

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** ग्राम मेहंदीपुर निवासी जासमीन पुत्री रज्जाक ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र बताया कि ससुराली पक्ष के उसके पति सलमान, सास नसीमा, ससुर जमील, ननद सीमा, सलमा दहेज से संतुष्ट नहीं हुए और आए दिन दहेज में बुलट मोटरसाइकिल, एक सोने की चैन, एक लाख रुपए नगद की मांग कर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से सभी लोग परेशान करने लगे। एक वर्ष पूर्व मारपीट कर घर से भगा दिया और जान से मारने की धमकी भी दी।

तीन तलाक की भी धमकी दी। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जांच शुरू कर दी है।

# कामीपुर विद्यालय मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में शामिल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शासन ने विकास खंड कछौना की ग्राम सभा कामीपुर में स्थित संविलियन विद्यालय को मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय में चयनित कर लिया है, जिससे विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं का माहौल बनेगा।

शैक्षिक गतिविधियों के लिए जिले में मॉडल विद्यालय बनेगा, सरकार की मंशा है, परिषदीय स्कूलों का कायाकल्प हो, वहां की बुनियादी सुविधाएं बेहतर हो, स्मॉर्ट क्लासेस हो, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को एक अच्छा विद्यालय मिल सके। जहां पर नौनिहाल शिक्षा ग्रहण कर उनका सर्वांगीण विकास हो, वह भविष्य में एक अच्छे नागरिक बन सके। इस तरह के स्कूलों के खुलने से देश का भविष्य सुनहरा होगा। सरकार के प्रयास से सरकारी स्कूलों की सीरत बदल रही है, विद्यालय के भवन का कायाकल्प किया जाएगा। बुनियादी सुविधाएं खेलने का मैदान, पीने का स्वच्छ पानी, विद्युतीकरण की सुविधा, छात्र-छात्राओं व दिव्यांगजनों के अलग-अलग शौचालय, डिजिटल क्लासेस, आधुनिक लाइब्रेरी, किचन आदि सुविधाएं बेहतर होगी। शिक्षा मात्र औपचारिक नहीं वास्तविक संस्कार है। जिससे देश के भविष्य का निर्माण होता है।

# सिसवारा, कोढवा समेत दो अन्य टीमों ने जीते मैच

देवा बाराबंकी

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम सिसवारा में चल रहे लाइन बाग क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को चार लीग मैच खेले गए। पहला मुकाबला सिसवारा व टीकापुर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीकापुर की टीम निर्धारित ओवर में केवल 49 रन ही बना सकी। जवाब में उतरी सिसवारा की टीम ने पुनीत मिश्रा के 30 रन की बदौलत चार ओवर में ही मैच जीत लिया।

दूसरा मैच कोढवा बनाम बैसुवा के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बैसुवा की टीम 66 रन ही बना सकी। जवाब में कोढवा की टीम ने पांच ओवर ही मैच जीत लिया। दीपक यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरा मैच अनवरी बेहटा व कल्लुपुर के बीच खेला गया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए कल्लुपुर की टीम ने 92 रन बनाए। जवाब में उतरी अनवरी बेहटा की टीम केवल 75 रन ही बना सकी। चौथा मैच कल्लुपुर व पांचवा मैच सायपुर ने जीता। इस मौके पर उमेश पाल, राहुल यादव, धीरज यादव, हरीमोहन मिश्रा उपस्थित रहे।

# पेड़ से नीचे गिर अधेड़ की मौत

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, अमृत विचार:** आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़े एक अधेड़ की हाईटेंशन तार की चपेट में आकर नीचे बनी पुलिया पर गिरने से मौत हो गई। भिटरिया निवासी राजेंद्र वर्मा (42) पुत्र स्व. नान्हू रविवार सुबह लगभग 6 बजे पेड़ पर चढ़ कर आम तोड़ रहा था। उसी दौरान बगल से गुजरी 11 हजार हाईटेंशन तार की चपेट में आकर नीचे बनी पुलिया पर गिर गया और उसकी मौत हो गई। एसआई अशोक कुमार का कहना है कि राजेंद्र की पेड़ के नीचे गुमटी रखी थी औऱ वह गुमटी की टीन पेड़ पर चढ़ कर सही कर रहा था। उसी दौरान पेड़ की टहनी टूटने से वह ब्लॉक की बनी पुलिया पर गया जिससे उसकी मौत हो गई।

# जानवर चराने गया युवक नदी में डूबा

**हादसा**

- पिहानी कोतवाली के बिलालपुर के पास से निकली है गोमती नदी
- नहाने गए युवक की गोमती नदी में डूबकर मौत

टड़ियावां, हरदोई

**अमृत विचार।** युवक बिलालपुर के पास गोमती नदी के किनारे अपने जानवर चरा रहा था, उसी बीच वह उसी में नहाने लगा। उसके बाद से वह गायब हो गया। नदी के किनारे उसके कपड़े, चप्पल और डंडा रखा देख कर किसी को कुछ समझते देर नहीं लगी, उसकी तलाश में गोताखोरों को लगाया गया, काफी देर बाद उसका शव बरामद हो सका।


यूनुस फाइल फोटो

टड़ियावां थाने के गोपामऊ के मोहल्ला मटेहना निवासी 25 वर्षीय यूनुस रोज़ की तरह शनिवार को पिहानी कोतवाली के बिलालपुर से निकली गोमती नदी के किनारे अपने जानवर चराने गया हुआ था। कुछ ग्रामीणों ने उसके घरवालों को बताया कि यूनुस के कपड़े, चप्पल और डंडा नदी के किनारे रखा है, लेकिन उसका कुछ अता-पता नहीं। इतना सुनते ही उसके घर वाले वहा.पहुंच गए। ग्रामीणों ने गोताखोरों के साथ उसकी तलाश शुरु कर दी। उसके काफी देर बाद यूनुस का शव नदी से बरामद किया गया।

### पानी में डूबा हुआ शव हुआ बरामद, नहीं हुई शिनाख्त

**हरदोई, अमृत विचार।** शारदा नहर के बगल में एक तालाब में बुज़ुर्ग का शव देखा गया। वहां के चौकीदार ने पुलिस को सूचना दी। बनियान और धोती के अलावा प्लास्टिक के जूते पहने हुए उस बुज़ुर्ग की शिनाख्त नहीं हो सकी। पिहानी कोतवाली के कुरसंडा के चौकीदार नसीम पुत्र हबीब खां ने पुलिस को सूचना दी कि गांव में शारदा नहर के किनारे एक तालाब में 65 वर्षीय बुज़ुर्ग का शव पड़ा हुआ है। बड़ी मूंछों वाले उस बुज़ुर्ग ने सफेद जेब दार बनियान, सफेद धोती और सफेद लंगोट के साथ प्लास्टिक के लाल जूते पहन रखे थे। माना जा रहा है वह अचानक तालाब में गिर गया होगा, वहीं कुछ लोग उसके साथ कोई अनहोनी होना बता रहें है।

**हेल्थ** साढ़े आठ लाख से ज्यादा बन चुकी है आईडी

# आभा आईडी बनाने में बिलग्राम सीएचसी आगे

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिले में स्वास्थ्य विभाग घर-घर पहुंचकर आभा आईडी बनाने का कार्य कर रहा है। आभा आईडी बनाने में सीएचसी बिलग्राम नंबर एक पर है। जिले को आभा आईडी बनाने को लेकर 51 लाख टारगेट मिला हुआ है, जबकि अब तक साढ़े आठ लाख से ज्यादा आभा आईडी बनाई जा चुकी है।

इसके तहत ब्लॉक स्तर पर आशा के जरिए आभा आईडी बनाई जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम, कछौना, कोथावां क्षेत्र में आभा आईडी बनाने की रफ्तार तेज है जिन सीएचसी की रफ्तार कम है उनपर सीएमओ डॉ रोहताश कुमार ने नाराजगी जताई है। साथ ही आभा आईडी बनाने में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। बताया गया है कि शासन के निर्देश पर प्रत्येक व्यक्ति का स्वास्थ्य खाता यानी आभा आईडी बनवाया जा रहा है। इसके लिए आशा कार्यकर्ताओं को लगाया गया है। उन्हें सर्वे के आधार पर ई-कवच पर आभा आईडी बननी है। सीएमओ डॉ रोहताश कुमार ने बताया कि आभा आईडी बनाने के सम्बन्ध में आशा कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि प्रतिदिन आभा आईडी अवश्य बनाया जाए, ताकि शत-प्रतिशत लोगों की आभा आईडी बन सके। सीएचसी इन्चार्ज बिलग्राम डॉ राजेन्द्र कुमार ने बताया कि सभी संगिनी को निर्देश दिए गए हैं कि क्षेत्र में भ्रमण के दौरान आशाओं को आभा आईडी बनाने में सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने आधार कार्ड में अपना मोबाइल नंबर अपडेट करवाएं, ताकि जल्द से जल्द आभा आईडी बनाई जा सके। सीएमओ डॉ रोहताश कुमार ने कहा कि अगर लोग अपनी और अपने परिवार की आभा आईडी बनवाएं। इसके बहुत फायदे हैं, जैसे अस्पताल से मिलने वाली पर्ची, रिपोर्ट व अन्य दस्तावेज इस आभा आईडी में ही सुरक्षित रहेंगे।

### क्या है आभा आईडी

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत केंद्र सरकार की ओर से हाल ही में लांच किए गए आभा कार्ड में हर व्यक्ति का अपना स्वास्थ्य खाता तैयार होगा। इसमें व्यक्ति के स्वास्थ्य का सारा रिकार्डा उपलब्ध रहेगा। भविष्य में इस आभा आईडी से देश के सभी अस्पतालों के तहत मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं को जोड़ा जा रहा है। आभा आईडी के जरिये अस्पताल में पर्ची बनाना, लैब की रिपोर्ट और स्वास्थ्य संबंधी सभी जानकारियां सब कुछ उपलब्ध होंगे।

# पुत्र से विवाद के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में पिता की मौत

सिद्धौर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** प्रधान पिता व पुत्र के बीच किसी बात को लेकर हुए झगड़े के बाद अचानक प्रधान पिता की हालत बिगड़ गई। आनन फानन में उन्हें सीएचसी कोठी ले जाया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस जांच में जुट गई है।

प्रकरण ग्राम पंचायत नकटा सहेरिया का है। इस गांव के प्रधान उदय प्रकाश वर्मा उर्फ जुगनू का अपने पुत्र धर्मेंद्र कुमार के बीच रविवार सुबह घर पर किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इसके चंद घंटे बाद प्रधान उदय प्रकाश की संदिग्ध अवस्था में हालत बिगड़ गई। पुत्र धर्मेंद्र ने प्रधान पिता को सीएचसी कोठी पहुंचाया। जहां पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. संजीव कुमार ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। संदिग्ध अवस्था में मौत के बाद किसी ने पुलिस को सूचना नहीं दी। दो घंटे में ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने मामले की जांच शुरू की है। उन्होंने बताया कि प्रधान की मौत किस हालत में हुई इसकी जांच की जा रही है।

## एक नजर

### नदी में उतराता मिला अज्ञात युवक का शव

**सीतापुर, अमृत विचार।** तंबौर थाना क्षेत्र में शारदा नदी के किनारे एक अज्ञात युवक का शव उतराता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव की पहचान कराने के काफी प्रयास किये, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक का शव तीन चार दिन पुराना मालूम पड़ता है जिसकी उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। जो काला शर्ट काली बनियान व सफेद पैंट पहने हुए है। पंचनामा भरवाकर शव को सील कर पीएम के लिये भेजा गया।

### चोरी के पांच मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार।** स्वॉट व थाना मछरेहटा की संयुक्त पुलिस टीम ने एक चोर को पकड़ लिया जिसके पास से चोरी के पांच एंड्रॉयड फोन बरामद किये गये। मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र में दुकान से मोबाइल फोन चोरी करने के संबंध में पंजीकृत मुकदमों में प्रकाश में आये आरोपी रोहित पुत्र राजेश कुमार निवासी ग्राम तकिया बाजार कस्बा व थाना मछरेहटा को मिश्रित रोड स्थित नहर पुलिया से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से चोरी किये गये कुल पांच अदद मोबाइल फोन एण्ड्रॉयड बरामद हुए हैं। आरोपी ने घटना में संलिप्तता स्वीकार की है। आरोपी के अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर प्राप्त साक्ष्यों/तथ्यों के आधार पर निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

### स्व. हरिश्चंद्र अग्रवाल की स्मृति में मनाया प्रेरणा दिवस

**सीतापुर, अमृत विचार।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मिश्रिख के तत्वावधान में व्यापारी स्व. हरिश्चंद्र अग्रवाल की स्मृति में रविवार को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। मिश्रिख के धर्मशाला चौराहा पर स्थित कल्लूमल उदयराम धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष हरि प्रसाद वर्मा, वरिष्ठ नगर उपाध्यक्ष राहुल स्वर्णकार, नगर उपाध्यक्ष नियत अली, नगर उपाध्यक्ष डा. सागर, कोषाध्यक्ष मुन्ना लाल वैश्य, अनिल वर्मा, श्याम सुन्दर रस्तोगी, अवधेश शुक्ला, मड़ीशंकर गुप्ता, जय शंकर गुप्ता, मनीष वैश्य, संदीप वैश्य आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# 12 अर्थियां उठीं तो रोया पूरा गांव, हादसे को याद कर सहमे श्रद्धालु

**शाहजहांपुर में सड़क हादसा : गांव से रह-रहकर गूंजती रहीं मृतकों के परिजनों की चीखें, हर शख्स की आंखों में दिखे आंसू**

**हृदयविदारक**

- टकटकी लगाकर बस से अपनों के सकुशल उतरने का इंतजार करते रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर





हादसे में अपनों को खोने वाले रोते-बिलखते परिवारीजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शाहजहांपुर में हुए सड़क हादसे में 12 मौतों से कमलापुर का एक गांव चीत्कारों में तब्दील हो गया। गांव में हर तरफ अपनों के खोने के गम में लोगों का रो-रो कर गला रुंध जा रहा था। पानी की एक बूंद गले में जाते ही महिलाएं दहाड़ा मारकर अपनों के वापस करने की माता रानी से गुहार लगाकर फिर बेहोश हो जा रही थी। बड़ा जटहा और छोटा जटहा के रहने वाले करीब 80 लोगों में सकुशल घर पहुंचे 47 लोगों ने अपनों को जो आपबीती सुनाई, उसे सुनकर ग्रामीण सहम उठते थे। सड़क पर मौत बनकर सामने आ रहे गिट्टी से भरे डंपर को देखकर भी बस के छत और सामने बैठे लोगो को हटने का मौका तक नहीं मिल सका।

हादसे के बाद जिला प्रशासन के अफसर रविवार सुबह से ही गांव पहुंचकर हालत पर नजर बनाये रखे। बताते चले की कमलापुर थाना इलाके के ग्राम बड़ा जटहा के करीब 80 लोग बच्चों सहित बस से पूर्णागिरि धाम दर्शन के लिए शनिवार शाम निकले थे। रास्ते में खुटार के पास शुक्ला ढाबे के समीप बस को रोककर यात्री चाय नाश्ते के लिए रुके थे। दुर्घटना में मामूली रूप से चोटिल सकुशल घर पहुंचे यात्रियों ने बताया कि अचानक डम्पर तेजी से बस के समीप आकर पलट गया। इस हादसे में 4 बच्चों और 4 महिलाओं सहित कुल 12 लोग मौत के गाल में समा गये। इसके साथ महिलाओं और बच्चों सहित 12 गंभीर घायलों का इलाज बरेली और लखनऊ सहित



सुधांशु।



मीना।



प्रमोद कुमार।



अजीत। (फाइल फोटो)

शाहजहांपुर के अस्पतालों में चल रहा है। हादसे के बाद सकुशल बचे यात्री रविवार सुबह अपने अपने साधनों से गांव पहुंचना शुरू हुए तो लोग बस में टकटकी लगाकर अपनों के उतरने का इंतजार करते हुए नजर आए। मौतों की सूचना गांव पहुंचते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। अंतिम दर्शन के लिए जब शव गांव पहुंचे तो पूरा गांव रो रहा था। बीजेपी सांसद से लेकर बीजेपी विधायक के साथ जिला प्रशासन के अफसरों ने पहुंचकर परिवारीजनों को ढांढ़स बंधाया।

### बेटे को फेंककर खुद मौत को लगाया गले

शाहजहांपुर में हुए हादसे में बचकर निकले बड़ा जटहा निवासी ऋतुराज ने मां सीमा को बताया कि वह अपने पिता प्रमोद के साथ खाना खा रहा था। बस के बाहर बैठे प्रमोद ने जब डंपर को तेजी से बस की तरफ आते देखा तो अपने 10 वर्षीय बेटे ऋतुराज को बचाने के उद्देश्य से उसे बस से दूर फेंक दिया और स्वयं हादसे का शिकार होकर मौत को गले लगा लिया। बेटे ऋतुराज घायल होने के बाद मां को फोन पर हादसे की जानकारी दी। घर के आंगन में पति के शव पर पत्नी सीमा फूटकर रो रही थी। जबकि बेटे ऋतुराज का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत, 1 घायल

मछरेहटा निवासी गंगाराम अपनी पत्नी सुमन देवी और 8 वर्षीय बेटे आदित्य के साथ बड़ा जटहा निवासी अपने जीजा रामगोपाल और 20 वर्षीय पुत्री रोहिणी के साथ पूर्णागिरि धाम गये थे। हादसे में गंगाराम गंभीर घायल हुए है जबकि उनकी पत्नी सुमन देवी और बेटा आदित्य सहित जीजा रामगोपाल और उसकी पुत्री रोहिणी की मौत हो गई। एक ही परिवार में चार मौतों से कोहराम मचा हुआ है।



बसों के माध्यम से गांव पहुंचे हादसे में सकुशल बचे लोग। अमृत विचार

### एक गांव से एक साथ निकलीं 9 अर्थियां

शाहजहांपुर सड़क हादसे में मारे गये 12 लोगों के शव अलग-अलग जगहों पर उनके परिजनों को प्रशासन ने सुपुर्द करवाया। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ा जटहा गांव में महिलाओं और बच्चों सहित 9 अर्थियां एक साथ घरों से उठी और खेतों में मां-बेटे और पिता-पुत्री के शवों का अंतिम संस्कार किया गया। इसके साथ ही कुल 12 शवों को रविवार शाम तक अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### पिता घायल, मां और बेटे की दुर्घटना में मौत

बड़ा जटहा निवासी रामदास अपनी पत्नी मीना और 7 वर्षीय बेटे सुधांशु के साथ पूर्णागिरि धाम के लिए निकले थे। बताया जाता है कि यात्रा में 6 साल की बेटी भी साथ जाने वाली थी लेकिन वह अपनी नानी के साथ ननिहाल जाने की जिद करने पर नानी उसे अपने साथ ले गई थी। हादसे में रामदास की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है जबकि पत्नी मीना और बेटे सुधांशु की मौत हो गई है। दोनो के शवों को देखकर 6 साल की बेटी अपने मां और भाई के खोने के गम में आँगन में शवों को हिलाकर उठाने की आवाज लगा रही थी।

### 600 रुपये प्रति व्यक्ति था बस का किराया

पूर्णागिरि धाम जा रहे यात्रियों को बस को ले जाने वाले रूपेस और धोनई ने प्रति व्यक्ति 600 सौ रूपये का किराया तय किया था। बताया जाता है कि यह दोनों व्यक्ति प्रत्येक वर्ष ही धामों पर बसों को ले जाते थे। इसी के चलते बड़ी संख्या में गांवों के लोग एक साथ पूर्णागिरि धाम चलने को निकले थे।



हादसे वाले गांव में परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे भाजपा सांसद कौशल किशोर और विधायक मनीष रावत। अमृत विचार

### भाजपा सांसद और विधायक पहुंचे गांव

**सीतापुर।** हृदयविदारक घटना की जानकारी के बाद रविवार दोपहर मोहनलालगंज सीट से सांसद कौशल किशोर और सिधौली सीट से भाजपा विधायक मनीष रावत भी शोकाकुल गांव पहुंचकर लोगों को सांत्वना दी। गांव में मची चीख पुकार के बीच सिधौली विधायक भी अपनी आंखों के आंसू को रोक नहीं पाए। भाजपा विधायक और सांसद गांव में करीब एक घंटे तक रूककर अफसरों से स्थिति का जायजा लेते रहे।

# पानी की टंकी के पास पहुंचा मगरमच्छ



वन विभाग टीम की पकड़ में आया मगरमच्छ। अमृत विचार

- वन विभाग की टीम ने पकड़कर शारदा नदी में छोड़ा

**भदफर, सीतापुर, अमृत विचार।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेखनापुर के मजरा दोनवा में पानी की निर्माणाधीन टंकी के निकट एक विशालकाय मगरमच्छ दिखने से हड़कंप मच गया। भारी संख्या में ग्रामीण जमा हो गये। ऐसे में सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मगरमच्छ को पकड़कर शारदा नदी में छोड़ दिया।

रविवार सुबह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दोनवा में बन रही पानी की टंकी के निकट ग्रामीणों ने एक विशालकाय मगरमच्छ देखा। जिसकी खबर फैलते ही काफी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गये। ऐसे में ग्रामीणों ने पुलिस व वन विभाग को मगरमच्छ के बारे में सूचना दी। जिस पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से विशालकाय मगरमच्छ को पकड़कर शारदा नदी में छोड़ दिया। वन दरोगा अरविंद गिरि व ओमप्रकाश ने बताया कि मगरमच्छ लगभग दो वर्ष का है और पास में बह रही उल्ल नदी से निकलकर शिकार की तलाश में पानी की टंकी के पास आ गया था, जिसे ग्रामीणों के सहयोग से पकड़कर शारदा नदी में छोड़ दिया गया है। इस मौके पर वन विभाग के वाचर गजराज, रमेश, लालाराम, इतवारी लाल, और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# बाघ ने किया भैंस का शिकार, गांव में दहशत

संवाददाता, महोली, सीतापुर

**विभाग बेपरवाह**

- सीतारामपुर से नदी पार कर इमलिया घाट जंगल पहुंच गई थी भैंस
- आबादी की ओर बढ़ रहा है बाघ कांबिंग के नाम पर मजाक

**अमृत विचार।** कठिना नदी के किनारे बसे रुस्तमनगर-कोल्हौरा गांव में बाघ ने भैंस का शिकार कर इलाके में दहशत फैला दी है। लोग काम करने के लिए खेतों में जाने से कतरा रहे हैं तो महिलाएं शौच जाने से डर रही हैं। मवेशी और बच्चों की सुरक्षा को लेकर रतजगा कर रहे ग्रामीणों का जीवन मुश्किल हो रहा लेकिन वन विभाग पूरी तरह बेपरवाह है। कांबिंग के नाम पर टीम मजाक कर रही है। ग्रामीणों का वन विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मामला कोतवाली क्षेत्र के रुस्तमनगर कोल्हौरा गांव का है।

यहां गांव के दक्षिण कठिना नदी बह रही है। नदी के उस पार सीतारामपुर गांव बसा है। नदी के पश्चिम और पूरब-उत्तर घना जंगल है। इस जंगल में करीब एक वर्ष से बाघ के कुनबे ने डेरा डाल रखा है। शनिवार की शाम सीतारामपुर गांव से नदी उतर कर घास चरने के लिए जंगल में दाखिल हुई राम भरोसे की भैंस पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। खेत में काम कर रहे किसानों की नजर जब भैंस गर्दन पकड़ घसीट रहे बाघ पर पड़ी तो वह चीख-पुकार कर गांव की ओर भाग खड़े हुए। इससे पहले भी बाघ कई पालतू जानवरों को अपना शिकार बना चुका है। सूचना के बाद विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कांबिंग के नाम पर मजाक कर वापस लौट गई। वन विभाग का यह रवैया ग्रामीणों में आक्रोश भर रहा है। रविवार को ग्राउंड जीरो पर पहुंची अमृत विचार की टीम से ग्रामीणों ने अपना दर्द साझा किया। उन्होंने बताया कि बाघों से बचने और अपने बच्चों और मवेशियों को बचाने की सारी जिम्मेदारी हम ग्रामीणों पर ही है। वन विभाग पर हमें रत्ती भर भरोसा नहीं है। वह आकर यहां फोटो खिंचवाते हैं और वापस चले जाते हैं। उनकी यह बेपरवाही किसी दिन बड़ी अनहोनी का कारण बनेगी।

बीते करीब आठ माह में बाघों का यह कुनबा छुट्टा और पालतू सहित करीब आधा सैकड़ा मवेशियों का शिकार कर चुका है। खेतों में काम करने वाले अधिकांश ग्रामीणों का बाघ से आमना-सामना भी हो चुका है। उनका दावा है कि यहां दो बाघ और उसके दो बच्चे भी मौजूद हैं। बाघ के कुनबे की चहलकदमी नदी के किनारे से लेकर आबादी के नजदीक रहती है। लेकिन गनीमत इस बात की है कि उसने अभी तक किसी इंसान पर हमला नहीं किया है।



सुरक्षा के लिए हाथ में फरसा लेकर मवेशी चराते ग्रामीण। अमृत विचार

### गंभीर होते अफसर तो पकड़ा जाता बाघ

वन विभाग के आला अफसरों की बेपरवाही के चलते बाघ को पकड़ा नहीं जा सका। ग्रामीणों के आक्रोश को शांत करने के लिए इलाके में कई बार पिंजरा लगाने का खेल किया गया, लेकिन बाघ को पकड़ना तो दूर बाघ पिंजरे के नजदीक तक नही फटका। मौके पर पहुंचे टाइगर एक्सपर्ट ने जब बाघों की चहलकदमी के बाद के पगचिह्न और पिंजरे की लोकेशन देखी तो उन्होंने बताया कि पिंजरे की लोकेशन गलत है। यही हाल ट्रैप कैमरों का भी रहा। ग्रामीणों में भावी सुरक्षा का भाव भरने और विभाग द्वारा की जा रही कड़ी मशक्कत का दिखावा करने के इरादे से लगाए गए ट्रैप कैमरे भी विभाग की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सके। हैरत की बात यह है कि यह परेशानी सिर्फ रुस्तम नगर-कोल्हौरा गांव की नहीं बल्कि आस-पास के करीब आधा दर्जन गांवों की है। फिर भी वन विभाग के अफसर चेत नहीं रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### हनुमानजी का झंडा फाड़कर फेंकने का आरोप

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** हरगांव थाना क्षेत्र के सरांवा ग्राम पंचायत के मजरा कोरैय्या निवासी रज्जन तिवारी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया कि गांव के बाजार के पास कुआं में लगे पीपल के पेड़ पर हनुमान जी का झंडा लगा था। जहां ग्रामीणों द्वारा पूजा पाठ किया जाता था। अम्बहिया गांव निवासी विपक्षी जगमोहन, रामहेत, राहुल ने हनुमान जी का झंडा फाड़कर फेंक दिया और पीपल के पेड़ पर नीला झंडा लगा दिया है। हरगांव थाना क्षेत्र की सरांवा ग्राम पंचायत में बौद्ध कथा को लेकर कई वर्षों से विवाद चला आ रहा है। जिसमे मारपीट भी हो चुकी है, यदि पुलिस इस मामले को गंभीरता से नहीं लेती है तो विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इस मामले में थाना प्रभारी हरगांव अरविन्द कुमार पांडे ने बताया कि उक्त मामला न्यायालय में विचाराधीन है दोनों पक्षों को यथास्थिति बनाए रखने की हिदायत दी गई है, राजस्व टीम बुलाकर मामले की जांच करायी जाएगी।

### चोर उठा ले गये ढाई लाख के गहने और हजारों की नकदी



चोरी के बाद खुला बक्सा। अमृत विचार

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र रामपुर मथुरा के रमनगरा गांव में छत के सहारे चोर घर में घुस गये और लाखों के गहने व हजारों की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सुबह घरवालों को चोरी की जानकारी हुई। थाना क्षेत्र रामपुर मथुरा के ग्राम पंचायत रमनगरा निवासी रज्जू शुक्ला की छत से बीती रात चोर घर में दाखिल हो गये और गोदरेज की अलमारी का लॉक तोड़कर और उसमें रखे 2.5 लाख के सोने के गहने और 20 हजार रुपए नगद पर हाथ साफ कर दिया। गृहस्वामी रज्जू शुक्ला ने बताया कि वे अपने कमरे में सोए हुए थे, उनकी पत्नी-बच्चों के साथ अलग कमरे में सोई हुई थी। इसी बीच चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। गृह स्वामी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

### दुकानों के सामने लगे हैं कूड़े के ढेर



दुकानों के सामने लगा कूड़ा-कचरा। अमृत विचार

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** हरगांव नगर पंचायत में सीतापुर-लखीमपुर मार्ग व मुख्य चौराहे पर कन्या प्राथमिक विद्यालय हरगांव सहित वीरेन्द्र किराना स्टोर, गुप्ता किराना स्टोर, राही गेस्ट हाउस के सामने काफी दिनों पहले नगर पंचायत कर्मचारियों ने नाली की सफाई की थी और कूड़ा कचरा निकालकर डाल दिया गया था। जो काफी दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक जस का तस पड़ा हुआ है। ऐसे में अगर बरसात हो जाती है तो बदबू फैलेगी। साथ ही संक्रमण का खतरा भी बढ़ जायेगा। दुकानदारों ने बताया कि कूड़ा करकट नाले से निकालकर काफी दिन पहले लगा दिया गया था। आज तक इसे कोई उठाने ही नहीं आया है। काफी जगहों पर नालियों की सफाई भी नहीं की गयी है। नगर पंचायत कार्यालय मे अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों से कई बार कहा जा चुका है, लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है। इस संबंध मे अधिशाषी अधिकारी श्रीष मिश्र से बात करने की कोशिश की गयी तो नम्बर स्विच आफ होने से उनका पक्ष नहीं मिल सका।

**गड़बड़झाला** | फर्जी हाजिरी लगाकर सरकारी धन का किया जा रहा दुरुपयोग, काम की तलाश में भटक रहे वास्तविक मजदूर

# 53 की लगी हाजिरी, काम करते मिले पांच मजदूर

**रामपुर मथुरा, अमृत विचार।** विकासखंड के जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता की वजह से केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना जमीनी धरातल पर उतरने से पहले ही भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ रही है। जिसके चलते जो वास्तविक मजदूर हैं, उनको काम मिलना मुश्किल हो गया है। ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव व महिला मेट द्वारा मनरेगा पोर्टल पर मास्टर रोल में फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है। जिन मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लगाईं जा रही है, वह मजदूर साइट पर नहीं रहते हैं, अन्य लोगों को खड़ा कर फोटो खींच अपलोड कर दिया जा रहा है। इस तरह मनरेगा मजदूरों के हक पर डाका डाल जिम्मेदारों द्वारा मनरेगा मजदूरों को दर दर भटकने पर मजबूर किया जा रहा है।



मामला रामपुर मथुरा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत बरियारपुर का हैं। जहां पर मनरेगा योजना के अंतर्गत चकमर्ग मरम्मत का कार्य चल रहा है। यहां पर 53 मजदूरों की हाजिरी मस्टररोल में लगी हुई हैं, लेकिन मौके पर 5 मजदूर ही काम करते मिले। इससे स्पष्ट होता है कि किस तरह मनरेगा योजना में जमीनी धरातल पर भ्रष्टाचार हो रहा है। आरोप है कि ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव व महिला मेट द्वारा फर्जी हाजिरी लगाकर सरकारी धन की लूट की जा रही है। ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव व महिला मेट द्वारा इस योजना में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

> ग्राम प्रधान, सचिव व महिला मेट मनरेगा योजना में मास्टर रोल पर फर्जी हाजिरी नहीं लगाई जा सकती है, क्योंकि अब मनरेगा पोर्टल पर मजदूरों की हाजिरी के साथ साथ फोटो भी अपलोड करनी होती है, अगर बरियारपुर गांव में ऐसा हो रहा है तो मैं स्वयं मौके पर जांच करूंगा और संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।
>
> –**संदीप कुमार**, खंड विकास अधिकारी

बरियारपुर गांव सहित विकासखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मनरेगा योजना में हो रही भ्रष्टाचार की अगर जांच करवाई जाए तो कई परत दर परत खुलकर सामने आ सकती हैं। जो साइट पर कभी नहीं जाते हैं, उनके नाम से साइट पर कार्य करते हुए आनलाइन मास्टरोल में हाजिरी लगाई जा रही है। इससे स्पष्ट होता है कि रामपुर मथुरा विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में किस तरह मनरेगा योजना में जमीनी धरातल पर भ्रष्टाचार हो रहा है और सरकारी पैसे का जमकर बंदरबांट हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि रोजगार सेवक द्वारा फर्जी मनरेगा मजदूर जो कभी काम पर नहीं आते उनकी हाजिरी लगाकर उनके खाते में पैसा भेजकर पैसा निकलवाकर ले लिया जाता है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि वास्तविक जो मजदूर हैं वह काम की तलाश में दर-दर भटकने पर मजबूर रहते हैं और उन्हें खाने के भी लाले पड़े रहते हैं। इस तरह मनरेगा योजना में मनरेगा मजदूरों के हक पर डाका डाल जिम्मेदार मलाई खा रहे हैं।

# ओवरलोडिंग से ट्रांसफार्मर खराब

**पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार।** कस्बे में राजकीय नलकूप संख्या सात पर रखा ट्रांसफार्मर शनिवार दोपहर बाद ओवरलोडिंग की वजह से खराब हो गया। कस्बे के राजकीय नलकूप संख्या सात पर रखे सौ केवीए ट्रांसफार्मर से ब्लाक थाना प्राइवेट क्लीनिक सहित कस्बे के करीब तीन सौ उपभोक्ताओं को बिजली कनेक्शन दिया गया है। ट्रांसफार्मर पर क्षमता से अधिक लोड होने के कारण ग्रामीणों ने कई बार अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर रखवाने की मांग करते आये हैं, लेकिन विद्युत विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। उपभोक्ता संजय सिंह, जनार्दन सिंह, संतोष शुक्ला, हरिचंद सिंह ने अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर रखवाने की मांग की। विद्युत उपकेंद्र पिसावां के अवर अभियंता राजेश गौतम ने बताया कि ट्रांसफार्मर आ गया है, शाम तक बिजली मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि हमें जानकारी नहीं है कि नलकूप व उपभोक्ताओं को कनेक्शन दिए जाने का एक ही ट्रांसफार्मर है।

एकं हन्यान्न वा हन्यादिषुर्मुक्तो धनुष्मता।
बुद्धिर्बुद्धिमतोत्सृष्टा हन्याद् राष्ट्रम सराजकम्।।

किसी धनुर्धर वीर के द्वारा छोड़ा हुआ बाण संभव है किसी एक को मारे या न भी मारे। मगर बुद्धिमान द्वारा प्रयुक्त की हुई बुद्धि राजा के साथ-साथ संपूर्ण राष्ट्र का विनाश कर सकती है।

## संपादकीय

# जलवायु परिवर्तन की चुनौती

पूरा देश इस समय भीषण गर्मी से जूझ रहा है। इससे लोगों के स्वास्थ्य और उत्पादकता पर गंभीर खतरा हो सकता है। आगामी दिनों में लू का जोखिम और बढ़ने की आशंका है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तापमान 45 डिग्री के करीब पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक अगले पांच दिन तक रात के पारे में कोई बदलाव के आसार नहीं है। रात का तापमान विशेष रूप से खतरनाक होता है। हर साल तापमान के रिकॉर्ड ध्वस्त हो रहे हैं। मौसम के बदलाव ने आम लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। देश के 150 प्रमुख जलाशयों में जल भंडारण पिछले सप्ताह पांच वर्षों में सबसे निचले स्तर पर आ गया। इससे कई राज्यों में पानी की कमी बढ़ गई और जल विद्युत उत्पादन पर असर पड़ा है। विश्व बैंक के एक अध्ययन के मुताबिक, देश का करीब 75 फीसदी कार्यबल कृषि और निर्माण क्षेत्र में गर्मी का सीधे सामना करने वाले श्रम पर निर्भर करता है।

आंकड़ों के मुताबिक 2030 तक गर्मी के प्रकोप से जुड़ी उत्पादकता में गिरावट की वजह से दुनिया भर में कुल होने वाली नौकरियों के नुकसान में अकेले भारत का योगदान करीब 43 फीसदी तक हो सकता है। वास्तव में आज पूरी तरह से जलवायु परिवर्तन हो चुका है और इसका खामियाजा इंसान को भुगतना पड़ रहा है। शहरीकरण और औद्योगिकीकरण के कारण लोगों के जीवन जीने के तौर-तरीकों में काफी परिवर्तन आया है। विश्व भर की सड़कों पर वाहनों की संख्या काफी अधिक हो गई है। जीवन शैली में परिवर्तन ने खतरनाक गैसों के उत्सर्जन में काफी अधिक योगदान दिया है। यदि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में उल्लेखनीय रूप से कमी नहीं की गई, तो सदी के मध्य तक अधिकांश क्षेत्रों में दैनिक उच्च और निम्न तापमान में कम से कम 5 डिग्री फ़ॉरेनहाइट की वृद्धि होगी, जो सदी के अंत तक 10 डिग्री फॉरनेहाइट तक बढ़ जाएगी। वर्तमान में जलवायु परिवर्तन वैश्विक समाज के समक्ष मौजूद सबसे बड़ी चुनौती है एवं इससे निपटना वर्तमान समय की बड़ी आवश्यकता बन गई है। जलवायु परिवर्तन के कुछ प्रभावों को वर्तमान में भी महसूस किया जा सकता है। पृथ्वी के तापमान में वृद्धि होने से हिमनद पिघल रहे हैं और महासागरों का जल स्तर बढ़ता जा रहा है। आधुनिक युग में जैसे-जैसे मानवीय गतिविधियां बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में भी वृद्धि हो रही है जिसके कारण तापमान में वृद्धि हो रही है। यानि यह समय जलवायु परिवर्तन की दिशा में गंभीरता से विचार करने का है।

# शरीर और मन : परिवेश और आनुवंशिकता


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मनुष्य की संरचना में दो घटक बड़े स्पष्ट हैं एक देह या शरीर और दूसरा अंत:करण। अंत:करण अर्थात् मन, बुद्धि, चित्त अहंकार। देह और मन, इन दोनों की संरचना में दो तत्व हैं, एक परिवेश है और दूसरा आनुवंशिकता है। मनुष्य की शारीरिक संरचना में उसका रंग रूप देह-यष्टि परिवेश से प्रभावित होती है।

मनुष्य ने जब धरती और बीज के संबंध में सोचा तब सारा ब्रह्मांड उसकी दृष्टि में था और जब उसने उत्पत्ति और विकास के संबंध में सोचा तब भी धरती और बीज के बिंब उसकी आंखों में थे। जब उसने प्रकृति के संबंध में सोचा, तब जीवन के बिंब उसके पास थे और इसी प्रकार जब जीवन के संबंध में सोचा तब प्रकृति के बिंब उसके पास थे। इस प्रकार निरंतर प्रक्रिया में मनुष्य के चिंतन और ज्ञान का विकास हुआ। मनुष्य के मन पर भी उसके परिवेश का जो चित्र अंकित होता है, वह उसकी समग्र अभिव्यक्ति संपदा (शब्द, उपमा, प्रतीक, कहावत, मुहावरों आदि) में बिबिंत होता है और भाषा की संरचना में इन बिंबों की अनिवार्य भूमिका होती है।

विचार मनुष्य का बल है,वैभव है,लेकिन यदि वही विचार मनुष्य के लिए कैदखाना बन जाए,तब? लेकिन अपरिमित बल के साथ ही मनुष्य में निर्बलता भी है कि वह विचारधाराओं को अपने लिए जेल खाना बना लेता है,कट्टर बन जाता है। विचार को लेकर लड़ने लगता है। वह भूल जाता है कि कोई भी विचार आखिरी लकीर नहीं है। विचारधाराएं मनुष्य के लिए हैं,मनुष्य विचारधाराओं के लिए नहीं हैं। ये समस्त ज्ञान विज्ञान विचार दर्शन कला संगीत मनुष्य जीवन रूपी वृक्ष के फल हैं। वृक्ष पर फल बार-बार आते हैं,फल तथा ऋतु का संबंध है। ऋतु बदलती है,नए फल आ जाते हैं। युग बदलता है,विचार बदल जाते हैं।

जीवन का विस्तार बहुत व्यापक है,वह किसी एक ही विचारधारा से न कभी पहले चल सका है,न आज चल रहा है और न आगे कभी चलेगा। इसलिए विचारधाराओं से भी पहला काम मनुष्य का अध्ययन है,पहला काम मनुष्य की पहचान है। हम सोचते हैं कि मनुष्य का क्या जानना,हम मनुष्य ही तो हैं। हां,ठीक बात है,हम मनुष्य हैं,मनुष्य की विराटता में एक इकाई। मनुष्य में बुनियादी समानता हैं,निश्चित ही हैं,किंतु विचित्रता भी हैं। इतनी विचित्रता कि उनको हम जितना भी जानते हैं,उतनी ही विचित्रता सामने आ जाती है। दिशा और काल में मनुष्य का कितना विस्तार है? क्या इस विस्तार की कल्पना भी हम कर सकते हैं? मनुष्य को जानने की बहुत सी पद्धतियां हैं,एक पद्धति ने मनुष्य को परिवेश और आनुवंशिकता के आधार पर जानने का प्रयास किया है।

मनुष्य की संरचना में दो घटक बड़े स्पष्ट हैं एक देह या शरीर और दूसरा अंतःकरण। अंतःकरण अर्थात् मन, बुद्धि, चित्त अहंकार। देह और मन,इन दोनों की संरचना में दो तत्व हैं,एक परिवेश है और दूसरा आनुवंशिकता है। मनुष्य की शारीरिक संरचना में उसका रंग रूप देह-यष्टि परिवेश से प्रभावित होती है। अफ्रीका का आदमी,अमेरिका का आदमी या फ्रांस का आदमी एक जैसे रंग रूप देह-यष्टि के नहीं होते। चीन के आदमी का कद,रंग,उसकी आंखें, उसकी खोपड़ी,उसके हाथ पैर अलग-अलग रूप-रंग और आकृति के होते हैं। फिर समुद्र के पास रहने वाला आदमी पर्वतों के पास रहने वाले आदमी से भिन्न होता है। एक की छाती अधिक मजबूत है और दूसरे की टांगें अधिक मजबूत हैं। यह भिन्नता प्राकृतिक-भौगोलिक परिवेश के कारण होती है। देह तत्व को प्रभावित करने वाला दूसरा प्रभावशाली तत्व उसकी आनुवंशिकता है।

माता-पिता और उनकी वंश परंपरा आदमी के रूप,नाक-नक्श पर प्रत्यक्ष होती है। किसी बच्चे को तुरंत पहचान लिया जाता है यह उसका बेटा है। अनेक व्याधियां आनुवंशिक होती हैं। बहुत सी लोकोक्तियां आनुवंशिकता पर हैं अब तो आनुवंशिकी (जैनेटिक्स) का विकास हो रहा है,जिस प्रकार माता-पिता और माता-पिता की वंश परंपराओं से हमने अपना शरीर प्राप्त किया है। उसी प्रकार हमारा मन भी उसी वंश परंपरा का दाय है। इसीलिए हमारा मन बीते हुए युगों का एपीटोम है। हमारे अर्द्धचेतन और अचेतन मन में युग-युगांतर की स्मृतियां सो रही हैं। शरीर की तरह हमारा मन भी अविच्छिन्न परंपरा का ही दाय है। जिस प्रकार शरीर पर परिवेश और आनुवंशिकता का प्रभाव होता है,उसी प्रकार मनुष्य की मानसिक संरचना अर्थात् मन पर भी परिवेश और आनुवंशिकता का प्रभाव होता है। मनुष्य की मानसिक संरचना में आनुवंशिकी का प्रभाव बहुत स्पष्ट होता है-नानी की टेव धेवती में आ। मूसे के जाए बिले खोदेंगे। मन पर परिवेश का प्रभाव सांस्कृतिक तत्व के रूप में होता है। बालक का जन्म शून्य में नहीं होता,सांस्कृतिक-परिवेश में होता है। बालक उस परिवेश से ही बोली और भाषा ग्रहण करता है तथा बोली और भाषा की तरह ही सांस्कृतिक तत्व ग्रहण करता रहता है।

प्रत्येक सांस्कृतिक परिवेश की विचार-प्रणाली होती है, आचार प्रणाली होती है, विश्वास-प्रणाली होती है, सौंदर्यचेतना होती है। प्रत्येक सांस्कृतिक परिवेश में सैकड़ों अवधारणाएं प्रचलित होती हैं। मनुष्य के चित्त का आधार पाकर वे अवधारणाएं भौतिक शक्ति जैसी बन जाती हैं। इसलिए बालक का मन अपने सांस्कृतिक परिवेश से रचा-पचा होता है। इस प्रकार मनुष्य की आंतरिक और बाहरी संरचना में परिवेश और आनुवंशिकता दोनों तत्व निर्णायक और प्रभावकारी होते हैं। जिस आनुवंशिकता से बालक को शरीर प्राप्त हुआ है,उसी आनुवंशिकता से उसे मन भी प्राप्त हुआ है। मन की प्रवृत्ति के रूप में जो तत्व है,वह भी वंश परंपरा से प्राप्त है। उसकी मानसिक संरचना में अतीत जीवन की स्मृतियों का कोश है।

आनुवंशिकता के कारण ही मनुष्य के मन को युगंधर या बीते युगों की स्मृतियों का ऐपीटोम कहा जाता है। समस्त युग उसके अवचेतन में समाए हुए हैं। यह ऐपीटोम केवल इस जीवन का ही नहीं है,उस वंशानुक्रम के जीवन का है,जो अंततः आदि-पुरुष (माता-पिता) से जुड़ता है। ध्यान रखने की बात यह है कि मनुष्य जीवन केवल वर्तमान से ही संचालित नहीं होता,मनुष्य जीवन के इतिहास की समग्रता अथवा वे स्मृतिकोश भी जीवन को संचालित करते हैं। मनुष्य धरती पर उगते हुए बीज को तभी से देख रहा है,जब से उसने धरती पर जन्म लिया था। धरती से बीज उगना इन अर्थों में साधारण घटना है कि उसे सभी ने देखा है और बार-बार देखा है,परंतु उसकी असाधारणता भी यही है कि उसे सभी ने देखा है,लोक ने भी देखा है, शास्त्र ने भी देखा है,पंडित ने भी देखा है मूढ़ ने भी देखा है,धनी ने भी देखा है और निर्धन ने भी देखा है। किसी ने पास से देखा है तो किसी ने दूर से देखा है,किसी ने प्रत्यक्ष देखा है तो किसी ने परोक्ष रूप से देखा है और इस निरंतर देखने के कारण ज्ञान की निरंतर वृद्धि हुई है।

मनुष्य ने जब धरती और बीज के संबंध में सोचा तब सारा ब्रह्मांड उसकी दृष्टि में था और जब उसने उत्पत्ति और विकास के संबंध में सोचा तब भी धरती और बीज के बिंब उसकी आंखों में थे। जब उसने प्रकृति के संबंध में सोचा,तब जीवन के बिंब उसके पास थे और इसी प्रकार जब जीवन के संबंध में सोचा तब प्रकृति के बिंब उसके पास थे। इस प्रकार निरंतर प्रक्रिया में मनुष्य के चिंतन और ज्ञान का विकास हुआ। मनुष्य के मन पर भी उसके परिवेश का जो चित्र अंकित होता है,वह उसकी समग्र अभिव्यक्ति संपदा (शब्द,उपमा,प्रतीक,कहावत,मुहावरों आदि) में बिबिंत होता है और भाषा की संरचना में इन बिंबों की अनिवार्य भूमिका होती है।

उदाहरण के लिए वृक्ष से पत्ता गिरा। पत् धातु का अर्थ है गिरना,अतः गिरने के कारण पत्र संज्ञा बनी। पत्र शब्द से पत्ता,पत्ती,पन्ही,पात,पतिया शब्द निष्पन्न हुए। पुराने जमाने में पत्रों पर संदेश भी लिखे जाते थे,इसलिए पत्र शब्द का एक नया अर्थ विकसित हुआ चिट्ठी। जीवन में सुख के साथ दुख लगा हुआ है,जो फूलता है वह कुम्हलाता भी है। एक दिन फल लगते हैं और एक दिन पतझड़ भी होता है। यह संसार कांटों की झाड़ी है। संसार के संबंध उसी प्रकार के है,जैसे वृक्ष पर पत्ते उगते हैं,झड़ते हैं और हवा उन्हें दूर उड़ा ले जाती है। इस प्रकार लोकमानस की पूरी चिंतन प्रक्रिया वानस्पतिक बिंबों से ओत-प्रोत है।

## प्रसंगवश

# राजधानी में कानून व्यवस्था


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अभी कुछ दिन पहले लखनऊ में तैनात एक महिला पुलिस उप-अधीक्षक के एकलौते बेटे को दो गुंडे लड़कों द्वारा कार से रौंदने की घटना लोगों को भूली नहीं थी कि अब रिटायर्ड कमिश्नर देवेन्द्र नाथ दुबे के इंदिरानगर स्थित आवास पर दिन दहाड़े दिल दहलाने वाली ताजी घटना फिर हो गई जिसमें 25 मई को उनकी पत्नी की हत्या व घर में डकैती सुबह 7 और 9 बजे के बीच अंजाम दे दी गई,जब वे गोल्फ खेलने घर से बाहर गए थे।

पुलिस की शिथिल कार्य प्रणाली के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। प्रशासन और पुलिस का भय अपराध जगत में रहा ही नहीं। वे घटनाएं करते रहते हैं और उन पर कार्यवाही नहीं होती है। जनवरी-2023 में मेरे साथ आन लाइन ठगी हुई थी। नगर के सुशांत गोल्फ सिटी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई,अखबारों में खबर का कवरेज आया,किंतु पुलिस बदमाशों को नहीं पकड़ सकी। दुबे जी 71 के हैं,मैं 84 का। खबरों में बहुधा आ जाता है कि वरिष्ठ नागरिकों की पुलिस सूची बनाए है ताकि उनकी सुरक्षा का अनुश्रवण कर सके,लेकिन मेरे पास तो कभी कोई पुलिस वाला हाल पूछने आया नहीं और न रिपोर्ट पर कार्यवाही की। जब सर्वप्रथम लखनऊ व नोएडा में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू की गई थी,तभी मैंने इस पद्धति को कम असरदार बताया था। इससे केवल पुलिस का एकाधिकार हो जाता है,मजिस्ट्रेसी मूक दर्शक बन जाती है। ऐसे में अपराध नियंत्रण कम कारगर रहता है।

राजधानी में तो पुलिस भी अपराध में लिप्त देखी गई है। इसी जनवरी (2024) में लखनऊ एटीएस में तैनात एक अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा एक महिला से बलात्कार व तत्परिणामी गर्भाधान और जबरिया गर्भपात कराने,धमकाने का आदि मामला प्रकाश में आया था। गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट तब दर्ज हुई,जब महिला योगी जी के पास खड़ी हो गई। सोचिए,यह पुलिस अपराध नियंत्रण कैसे करेगी? सपा के शासनकाल में पुलिस मंत्रियों की भैंसें ढूंढती थी,अब खुद अपराध करती है। उचित होगा कि मुख्यमंत्री पुलिस कमिश्नर प्रणाली समाप्त कर, कानून व्यवस्था पटरी पर लाने का प्रयास करें।

# बदल चुका है बड़े मंगल का स्वरूप


ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

इस व्यवस्था के बीच भक्तों के जुलूस, नंगे पांव आदि कठिन साधना यात्रा करने वाले लोग गायब हो गए और धीरे-धीरे पांडाल में वितरित होने वाले प्रसाद पर मोहल्ले के लोगों का आधिपत्य बढ़ गया। यद्यपि आज भी राहगीर बड़े चाव से प्रसाद ग्रहण करते नजर आते हैं। अब धीरे-धीरे इस उत्सव के भंडारें में वीआईपी लोगों की एंट्री व सायंकालीन भंडारे का भी चलन जुड़ गया है।

जेठ माह की चिलचिलाती धूप में हर मंगलवार को 'बड़े मंगल' के रूप में मनाया जाना लखनऊ की अनूठी धार्मिक सांस्कृतिक परंपरा का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह उत्सव मुख्यतः मोहल्ला अलीगंज के डंडहिया बाजार स्थित एक प्राचीन मंदिर तथा दूसरे अपेक्षाकृत बाद में निर्मित हनुमानजी के मंदिरों की गाथा को समर्पित है।

जनश्रुति के अनुसार तत्कालीन नवाब मोहम्मद अली शाह की बेगम आलिया/राबिया की कहानी इन दोनों हनुमान मंदिरों से जुड़ी हुई है। संतान प्राप्ति के लिए तमाम प्रयास विफल होने पर शोकग्रस्त बेगम को स्वप्न में प्राचीन मंदिर वाले हनुमानजी ने दर्शन दिए। बेगम आलिया ने मंदिर जाकर हनुमानजी की पूजा अर्चना की और संतान प्राप्ति हेतु मनौती मानी। कालांतर में मुराद पूरी होने पर उन्होंने मंदिर का जीर्णोद्धार कराया और श्रद्धापूर्वक मंदिर के कलश के लिए चंद्रमा की आकृति भेंट की, जो आज भी मंदिर के शीर्ष कलश पर फहरा रही पताकाओं के साथ विराजमान है।

कहते हैं उसी कालखंड में लखनऊ में एक महामारी भी फैली। बेगम आलिया ने लोगों की सेवा सुश्रुषा की व्यवस्था की और खाने-पीने के लिए मंदिर में भंडारा भी चलवाया। बाद में बेगम ने मंदिर के पुजारी से यह अनुरोध किया कि वे कैसरबाग स्थित अपने आवास के पास हनुमानजी को स्थापित करना चाहती हैं। इस प्राचीन हनुमान मंदिर के गर्भगृह में मुख्य प्रतिमा के अलावा हनुमानजी की अतिरिक्त प्रतिमाएं सदा से रही हैं। आज भी इस मंदिर के गर्भगृह में मुख्य प्रतिमा के साथ हनुमानजी की तीन विभिन्न आकार वाली छोटी-बड़ी प्रतिमाएं मौजूद हैं। बेगम की श्रद्धा-भक्ति से प्रभावित होकर पुजारी ने उन्हें गर्भगृह में स्थित एक प्रतिमा ले जाने की अनुमति दे दी। हाथी पर बैठाकर हनुमानजी की वह प्रतिमा कैसरबाग के लिए प्रस्थित हुई,परंतु थोड़ी दूर लगभग एक किलोमीटर चलकर हाथी एक स्थान पर बैठ गया और तमाम प्रयास के बावजूद आगे नहीं बढ़ा।

बेगम आलिया ने यह मानकर कि हनुमानजी यहीं स्थापित होना चाहते हैं,उसी स्थान पर मंदिर का निर्माण कराकर हनुमानजी को स्थापित किया,जो आजकल इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण है। यह भी उल्लेखनीय है कि इन दोनों मंदिरों के शिखर के नीचे अब भारत माता की ट्राइकलर्ड मूर्ति भी शोभायमान है। पिछले लगभग बीस वर्षों में 'बड़ा मंगल' के इस पर्व का स्वरूप काफी कुछ बदल चुका है। प्रारंभ में गोमती नगर क्षेत्र से ध्वजा पताका लिए जयकारा लगाते,गीत गाती महिलाओं व पुरुषों के समूह सड़कों पर अलीगंज की ओर जाते आम तौर पर दिखाई पड़ते थे। कुछ भक्त अपनी मनौती के अनुसार चिलचिलाती धूप में नंगे पांव ही चलते थे। हर सड़क पर दो-चार ऐसे भी लोग दिख जाते थे,जो केवल लेट लेटकर मंदिर तक की कष्टप्रद यात्रा करते थे। मंदिर में उनके प्रवेश व दर्शन का अलग गलियारा होता था। रास्ते में कोई अनाम व्यक्ति प्याऊ का संचालन करता रहता था। उसी दौरान संभवतः 2004 के आसपास स्व. अखिलेश दास ने संगठित रूप से प्याऊ की व्यवस्था प्रारंभ की। इसके पश्चात साल दर साल पहले शर्बत,फिर बुंदिया,बाद में पूड़ी,सब्जी आदि इत्यादि सभी के पंडाल लगने लगे।

इस व्यवस्था के बीच भक्तों के जुलूस,नंगे पांव आदि कठिन साधना यात्रा करने वाले लोग गायब हो गए और धीरे-धीरे पांडाल में वितरित होने वाले प्रसाद पर मोहल्ले के लोगों का आधिपत्य बढ़ गया। यद्यपि आज भी राहगीर बड़े चाव से प्रसाद ग्रहण करते नजर आते हैं। अब धीरे-धीरे इस उत्सव के भंडारें में वीआईपी लोगों की एंट्री व सायंकालीन भंडारे का भी चलन जुड़ गया है। अब यह पर्व लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ साथ प्रदेश के अन्य शहरों में भी लोकप्रिय हो रहा है। मंगलवार के साथ-साथ अब शहर में शनिवार को भी भंडारे के आयोजन बढ़ रहे हैं। भंडारा व प्रसाद ग्रहण करने वालों की संख्या तो बढ़ रही है,पर सड़क पर भक्तों की भीड़ नहीं दिखाई पड़ती है।

## सोशल फोरम

# कौन थे बनाफर


देवेंद्र सिंह
वरिष्ठ लेखक

कनिष्क के शासन काल में बनारस का क्षत्रप बनस्पर था। बाद में बनस्पर महाक्षत्रप भी बना। बनस्पर के वंशज ही बुंदेलखंड में बनाफर कहलाने लगे। इनकी बोली भी बनाफरी कहलाती है।

बुंदेलखंड में आल्हा गायन की परंपरा रही है। आदमी के पास जब खेती-किसानी में कुछ करने को नहीं रहता था तब चौपालों में आल्हा गायन होता था,लेकिन फुर्सत में मैं आल्हा नहीं क्रांति की दास्तान ही पढ़ता हूं। 25 मई को आल्हा का जन्मदिन था कि ऊदल का।

फेसबुक पर पढ़ रहा हूं कि आल्हा ऊदल के जन्मदिन पर बधाइयां। पता नहीं कि किसने उनके जन्म तिथि की खोज की। दोनों का जन्मदिन तो एक ही दिन नहीं हो सकता, क्योंकि आल्हा खंड में सब जगह आल्हा को बड़ा बतलाया गया है। इनको बनाफर कहा गया है। अब ये बनाफर क्या है? जब मैं जालौन के इतिहास पर काम कर रहा था तब बनाफरों के बारे में भी थोड़ा पढ़ने को मिला वह भी किसी ऐसे वैसे का लिखा नहीं। प्रसिद्ध इतिहासकार काशी प्रसाद जयसवाल की पुस्तक अंधकालीन युगीन भारत जिसका अनुवाद रामचंद्र वर्मा ने किया है। वे पेज 76-77 में लिखते हैं कि कनिष्क के शासन काल में बनारस का क्षत्रप बनस्पर था। बाद में बनस्पर महाक्षत्रप भी बना। बनस्पर के वंशज ही बुंदेलखंड में बनाफर कहलाने लगे। इनकी बोली भी बनाफरी कहलाती है।

चंदेलों के समय में अपनी वीरता तथा युद्ध कौशल के कारण ये बहुत प्रसिद्ध थे,पर समाज में उस समय उनको जातिप्रथा में वह स्थान नहीं मिला जिसके ये अधिकारी थे। उरई के माहिल इनके खिलाफ ही रहे। कर्नल टॉड ने अपनी पुस्तक में क्षत्रियों की सूची में 36 कुल लिखे हैं,उसमें यादव, भट्टी, जरिया, जादौं और बनाफर को एक साथ लिखा है और क्षत्रियों में शुमार किया है। **-फेसबुक वॉल से**

# लीडरशिप से जुड़ीं बातें


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

मैंने सुना है कई स्त्रियां अपने पति के हाथों पिटकर भी उससे प्रेम करती हैं। क्या यह हिंसा उन्हें अपने मालिक के शक्तिशाली होने का एहसास दिलाती है? और इस तरह अंतत: वे खुद भी उसकी पत्नी होने के नाते पावरफुल और सुरक्षित महसूस करती हैं। उन ड्राइवरों और इन पत्नियों का यह अजीब व्यवहार हमें बताता है कि क्यों हम एक माचो मैन या ताकतवर नेता को पसंद करते हैं। हमें डेयरिंग पति चाहिए केयरिंग न हो तो चलेगा। ताकतवर सेठ हमें विनम्र बॉस के मुकाबले ज्यादा अच्छा लग सकता है। हमें एक ऐसा नेता चाहिए जिसके पीछे हम छुप सकें।

यह मेरे बिजनेस के शुरुआती दिनों की बात है। वे दिन अब तक जो पढ़ा,सीखा उसकी आजमाइश के दिन थे। रोज पुराने विश्वास टूटते और नए सबक सीखे जाते। बतौर बिजनेसमैन जो काम मेरे जिम्मे थे,उनमें एक खास काम अपनी टीम को लीड करना था। इसलिए लीडरशिप से जुड़ी बातें मैं पढ़ता समझता और असल जिंदगी में उन्हें लागू करने की कोशिश करता। यह उन्हीं दिनों का एक किस्सा है।

मैंने देखा कि कुछ मजदूर मेरी बातों को गंभीरता से नहीं ले रहे। मैं उनकी आंखों में मैं अपने लिए एक किस्म की अवज्ञा का भाव देखता था। मैं समझ नहीं पा रहा था कि विनम्र और दोस्ताना व्यवहार के बावजूद वह क्या है,जो उन्हें मुझे अपना नेता मानने से रोकता है। मेरे ऑफिस के पास ही एक ट्रांसपोर्ट व्यवसायी का ऑफिस था। अपने कर्मचारियों के साथ उनका व्यवहार मुझसे बिल्कुल उलट था। वे अपने ड्राइवरों और क्लीनरों की नियमित रूप से अनुष्ठान पूर्वक पिटाई करते थे। पच्चीस साल पहले के इस दौर में पुलिस कचहरी भी इसे मालिक नौकरों का निजी मामला मानकर इसमें टांग नहीं अड़ाते थे। वैसे भी वे बड़े आदमी थे,थाना,कचहरी,नेतागिरी,हर तरह से सक्षम। मेरा मैनेजमेंट ज्ञान कहता था कि वे एक बुरे एमप्लायर हैं और उनके यहां काम कर रहे लोग उन से असंतुष्ट होंगे,लेकिन अक्सर उनके ड्राइवरों की आपसी बातचीत के जो टुकड़े हवा मेरे कानों तक लाती थी, वह मेरे मैनेजमेंट ज्ञान को ताश के महल की तरह उड़ा ले जाते थे। मेरी समझ के उलट वे ट्रांसपोर्ट व्यवसायी अपने स्टाफ के बीच बहुत लोकप्रिय थे,उनके कर्मचारी आपस में बात करते हमारा सेठ 'शेर' है। कल देखा नहीं फलां आदमी की उसने कैसे पिटाई की। ड्राइवरों का अपना एक समाज था। उस समाज में जिसका सेठ जितना शक्तिशाली और क्रूर हो उसकी उतनी ही इज्जत थी। अपने समाज में इज्जत पाना और एक शक्तिशाली मुखिया के कबीले का हिस्सा होना इतना बड़ा फायदा था कि इसके बदले में कभी-कभार की पिटाई और गाली गलौज बरदाश्त की जा सकती थी। ये तमाम ड्राइवर अपनी निजी जिंदगी में मजलूम थे। पावर लेस थे। एक शक्तिशाली बॉस उन्हें पावरफुल महसूस करवाता था। वे उससे प्रेम करते थे।

मैंने सुना है कई स्त्रियां अपने पति के हाथों पिटकर भी उससे प्रेम करती हैं। क्या यह हिंसा उन्हें अपने मालिक के शक्तिशाली होने का एहसास दिलाती है? और इस तरह अंततः वे खुद भी उसकी पत्नी होने के नाते पावरफुल और सुरक्षित महसूस करती हैं। उन ड्राइवरों और इन पत्नियों का यह अजीब व्यवहार हमें बताता है कि क्यों हम एक माचो मैन या ताकतवर नेता को पसंद करते हैं। हमें डेयरिंग पति चाहिए केयरिंग न हो तो चलेगा। ताकतवर सेठ हमें विनम्र बॉस के मुकाबले ज्यादा अच्छा लग सकता है।

हमें एक ऐसा नेता चाहिए जिसके पीछे हम छुप सकें। अपनी निजी जिंदगी में हम जितने कमजोर होंगे एक ताकतवर लीडर की चाहना उतनी अधिक होगी। हम सब कभी बच्चे थे। हमें हमारे पिता सुरक्षित महसूस करवाते थे। फिर उम्र बड़ी हो गई, पिताजी नहीं रहे,पर हमारे भीतर का वह डरा सहमा बच्चा बड़ा नहीं हुआ। हम अब भी एक ताकतवर पिता खोजते हैं,जो हमें सुरक्षित महसूस करवाए। चाहे वह ऑफिस का बॉस हो समाज का अध्यक्ष या देश का नेता।

# ऐसा बेजान चुनाव कभी नहीं देखा


बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

देखें 4 जून को जनता जनार्दन किसका राज्याभिषेक और किसको वनवास देती है, लेकिन इतना तो तय है कि मुद्दाविहीन इस चुनाव में वरिष्ठ नेताओं ने अपने भाषणों से अपनी गरिमा गिराई है।

मैंने अपने जीवन में ऐसा बेजान चुनाव कभी नहीं देखा। न कहीं प्रचार,न कहीं कोई उत्सव। बस किराए पर लाई गई भीड़ से जनसभा और रोड शो जिसके पास जितना संसाधन,उसकी सभाओं में उतनी भीड़। किराए के इन टट्टुओं के चेहरे पर न तो मुस्कान दिखी न कोई उत्साह,बस एक चिंता रहती थी कि घर वापसी के लिए सवारी मिलेगी या अपने साधन से घर लौटना पड़ेगा अथवा सभा में भोजन और पेयजल मिलेगा भी या इस भीषण गर्मी में खाली पेट रहना पड़ेगा।

पहले के चुनावों में शहर,कस्बों के चौराहों पर चुनाव प्रचार वाले लाउडस्पीकर अनवरत बजते रहे थे,गांवों में रिक्शा,टेंपो,जीप पर बंधे लाउडस्पीकर दहाड़ते रहते और प्रत्याशी के नाम,दल,चुनाव चिन्ह की घोषणा करते रहते थे। चौराहों,चाय की दूकानों पर चुनाव चर्चा चलती रहती थी,जो कभी गाली-गलौज और मारपीट में परिवर्तित हो जाती थी। दीवारें विभिन्न चुनाव चिन्हों से रंगी रहती, होर्डिंग,कटाउट शान से खड़े दिखते थे,लेकिन इस बार यह सब गायब दिखा।

बड़े दलों के चुनाव चिन्ह से तो लोग परिचित हैं, लेकिन छोटे दल या निर्दलीय प्रत्याशी के तो चुनाव चिन्ह ही पता नहीं चल पाए। मतदान अब किसी सैद्धांतिक आधार पर नहीं होने वाला है। इसमें धर्म जाति,धन,शराब,अपराध का रोल बढ़ता जा रहा है। पहले सोचा गया था कि शिक्षा और जागरुकता बढ़ने से चुनाव में इनका दखल कम होगा,दुर्भाग्यवश ऐसा न हो सका। हर दल,क्षेत्र में जाति और धर्म के मतदाताओं की गणना कर तदनुसार टिकट बांट रहा है। सपा तो खुले आम पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) चिल्ला रही है। बसपा को दलित ही दिखता है,भाजपा भी अब पिछड़ों पर अधिक दांव लगा रही है। सवर्ण को कोई दल घास नहीं डाल रहा है,क्योंकि उसके पास मतदाता कम हैं। आप किसी क्षेत्र में चले जाएं,मतदाता की जाति का पता कर बता सकते हैं कि वह किसे मत देगा। जनसंख्या के आधार पर जब जातियों का मूल्यांकन हो रहा है तो फिर जनसंख्या नियंत्रण की बात करना बेमानी है। जिन जातियों ने जनसंख्या नियंत्रण में कुछ योगदान दिया है, वह अब पछता रहे होंगे।

4 जून को देश या उत्तर प्रदेश में किस दल को कितनी सीटें मिलेंगी,कहना मुश्किल है। उत्तर प्रदेश 8-10 सीटें छोड़ दें,शेष सभी सीटों पर कांटे की टक्कर स्पष्ट नजर आ रही है। चुनाव आयोग का सही मतदान प्रतिशत शीघ्र न बताना जनमानस में भ्रम पैदा कर रहा है। प्रजातंत्र में मतदाता का निर्णय सर्वोपरि है। देखें 4 जून को जनता जनार्दन किसका राज्याभिषेक और किसको वनवास देती है,लेकिन इतना तो तय है कि मुद्दाविहीन इस चुनाव में वरिष्ठ नेताओं ने अपने भाषणों से अपनी गरिमा गिराई है।

## एक नजर

### बिजली चोरी पर किसान के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**खरगूपुर, अमृत विचार :** अवैध रूप से कटिया लगाकर विद्युत चोरी के आरोप में किसान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। अवर अभियंता खरगूपुर संतोष कुमार सिंह ने एंटी पॉवर थेफ़्ट थाना गोंडा में दिये प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि उनके द्वारा विद्युत कर्मी धर्मेंद्र तिवारी व शिवाकांत के साथ बिजली चोरी की सूचना पर क्षेत्र में जांच किया जा रहा था तो ग्राम पंचायत हिन्दुनगर बांकी के रौता के पास एक व्यक्ति खंभे से कटिया लगाकर दो हॉर्स पॉवर के मोटर से पानी चला रहा था।आरोपी से बात की तो उसने अपना नाम राजकिशोर निवासी घमंडी पुरवा चौकी परसुरामपुर थाना श्रावस्ती बताया। जांच में पता चला कि वह बिना कनेक्शन के मोटर चलाकर सिंचाई करता है। एंटी पॉवर थाने में आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### छेड़छाड़ व मारपीट करने का लगाया आरोप

**धानेपुर, अमृत विचार :** धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में दोनों पक्षों की ओर से छेड़छाड़ करने व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की गई है, जिस पर पुलिस ने क्रॉस के केस दर्ज किया है। धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 21 वर्षीया युवती के मुताबिक वह पढ़ने लिखने वाली छात्रा है। गांव निवासी विपक्षी दो दिनों से गंदी नजर से उसे घूर रहे थे। तीसरे दिन वह गांव के ही एक व्यक्ति के नींव पर बैठी थी, तभी विपक्षी आये और फिर गंदी नजर से घूरने लगा जब उसने इसका विरोध किया तो आग बबूला विपक्षी ने मारपीट शुरू कर दी और उसके गोपनीय अंगों को भी टच किया। गलत उद्देश्य से धक्का दिया जिससे वह पीठ के बल गिर गई और पीठ में चोटें आई हैं। यही नहीं उसके कपड़े फाड़ने की भी कोशिश की। हो हल्ला पर बचाव में आई उसकी मां को भी धक्का देकर गिरा दिया जिससे उसे चोट आई।

# ओवरलोडिंग से हांफ रहे बिजली उपकेंद्र, रोस्टिंग के सहारे बिजली आपूर्ति

## लाइन ट्रिपिंग और लोकल फॉल्ट ने बढ़ाई मुसीबत, ग्रामीण इलाकों में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति का फरमान बेपटरी, लोगों में पनप रहा आक्रोश

गोंडा कार्यालय


धानेपुर बाजार में केबल दुरुस्त करते बिजलीकर्मी। अमृत विचार


मसकनवा में बिजली के इंतजार में बाहर बैठा परिवार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली आपूर्ति व्यवस्था पूरे जिले में ध्वस्त हो गयी है। कहीं लिए उन ट्रिपिंग तो कहीं लोकल फॉल्ट के नाम पर बिजली कटौती की जा रही है। ओवर लोडिंग से विद्युत उपकेंद्र हांफ रहे हैं और इन उपकेंद्रों से जैसे तैसे रोस्टिंग के सहारे बिजली आपूर्ति की जा रही है। लोड बढ़ने से ट्रांसफार्मर हांफने लगे हैं। इस बदहाल व्यवस्था से बिजली उपभोक्ताओं में आक्रोश पनप रहा है।

ग्रामीण इलाकों को 18 घंटे बिजली आपूर्ति किए जाने का सरकार का फरमान है लेकिन वर्तमान समय में महज 12- 15 घंटे ही बिजली मिल रही है। इसमें भी अगर कहीं लाइन ट्रिप हो गयी या फिर कहीं लोकल फॉल्ट हो गया तो उसे दुरुस्त करने में घंटों लग जाते हैं। सब कुछ ठीक रहा तो उप केंद्र चलाने के लिए अलग अलग फीडरों को रोस्टिंग पर चलाना पड़ता है। इस अघोषित विद्युत कटौती से बिजली उपभोक्ताओं को बुरा हाल है। लोकल फाल्ट और मरम्मत के नाम पर हो रही कटौती ने उपभोक्ताओं का जीना मुहाल कर रखा है। शुक्रवार की रात से शनिवार दोपहर तक इटियाथोक कस्बे में स्टेशन रोड, खरगूपुर रोड, गोंडा-बलरामपुर मार्ग, हरैया झूमन, पांडे पुरवा, पारा सराय, करुवापारा सहित क्षेत्र में बिजली के बार-बार बाधित होने और लो वोल्टेज के चलते हाहाकार मचा रहा। वैभव रस्तोगी, अजय राठौर, अशोक वर्मा आदि लोगों का कहना है कि रात में कई बार बिजली की कटौती हो रही है। जबकि कटौती का कोई रोस्टर जारी नहीं किया गया है।वहीं दिन में भी बिजली का आना-जाना लगा रहता है।जिससे लोगों का चैन छिन गया है। बिजली की अघोषित कटौती से लोग बेहाल हैं।

रविवार को तापमान 42 डिग्री रहा। बढ़ते तापमान और बिजली कटौती को लेकर क्षेत्र में हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामीण इलाके के हालात और भी खराब है। गांव में बिजली न मिलने से किसान अपनी फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। जेई अजय गुप्ता का कहना है कि जर्जर लाइनों को दुरुस्त किया जा रहा है, दो से तीन दिनों में लोगों को समस्या से निजात मिल सकती है।

**बिजली आपूर्ति बाधित: तरबगंज, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के नवाबगंज और ढोढेपुर विद्युत केंद्र से हो रही सप्लाई में लो वोल्टेज आने से उपभोक्ता खासे परेशान हैं। दुर्जनपुर घाट क्षेत्र में जर्जर लाइन बदलने के नाम पर खेल हुआ है। खंभे लगा दिए गए हैं लेकिन अब तक केवल नहीं लगाई गई है। जर्जर तारों के सहारे आपूर्ति हो रही है।

### 48 घंटे बाद बहाल हुई मेहनौन उपकेंद्र की बिजली

धानेपुर उपकेंद्र से संचालित मेहनौन क्षेत्र की बिजली केबल ब्लास्ट होने से दो दिन तक बाधित रही। शुक्रवार को खराब हुई लाइन के फॉल्ट को रविवार की सुबह दुरुस्त किया जा सका। इन दौरान पूरे क्षेत्र में 48 घंटे तक अंधेरा रहा। रविवार की सुबह आपूर्ति बहाल हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली लेकिन पूरे दिन कभी रोस्टर तो कभी लोकल फॉल्ट के नाम पर बिजली की कटौती होती रही।

### लाइन फाल्ट के चलते चार घंटे बाधित रही बिजली

**संवाददाता, करनैलगंज, अमृत विचार :** हाई टेंशन लाइन के खंभे पर एक पक्षी के बैठ जाने से लाइन में फाल्ट आ गया और करीब 4 घंटे तक करनैलगंज नगर के आधे हिस्से में बिजली गुल रही। लोग पीने व नहाने के लिए पानी और गर्मी से बेहाल लोग पंखे की हवा खाने को तरस गए। चार घंटे बाद बिजली कर्मियों ने फाल्ट की तलाश कर ठीक करके बिजली आपूर्ति बहाल कराया। करनैलगंज नगर से होकर ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति के लिए दौड़ाए गए 11000 वोल्ट के बिजली के खंभे पर रविवार सुबह एक पक्षी बैठ गया। जिससे ब्लास्ट होने के बाद बिजली लाइन में फाल्ट आ गया। एक जगह पर जंपर कटा तो दूसरी जगह तार टच हो गया और जहां पक्षी को करंट लगा वहां खंभे में करंट आ गया। फाल्ट को सही करने के बाद बिजली बहाल हो सकी। रविवार की सुबह एक ब्लास्ट के बाद करीब 6 बजे के आसपास बिजली गुल हो गई। जो करीब 11 दिन में आपूर्ति बहाल हो सकी। अवर अभियंता सूरज प्रसाद गुप्ता ने बताया कि पक्षी के बैठ जाने से खंभे में करंट आ गया। उसके बाद एक जगह पर जंपर कट गया। जिससे पूरी लाइन चालू नहीं हो रही थी।

### एक माह में जले 250 ट्रांसफार्मर, विभाग परेशान

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** लो वोल्टेज व कटौती से जिले में हाहाकार मचा हुआ है। गर्मी के चलते एक महीने में 250 से अधिक ट्रांसफार्मर जल चुके हैं जिसको सही करने में विभाग के पसीने छूट रहे हैं। जिले में 255 मेगावाट बिजली की डिमांड है जिसके सापेक्ष सप्लाई तो हो रही है लेकिन आपूर्ति में दिक्कत आने पर जबरदस्त कटौती की जा रही है। आये दिन ट्रांसफार्मर जल रहे हैं। दो तीन दिन से लो वोल्टेज के चलते कोई काम नहीं हो पा रहा है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक पूरे जिले में विद्युत आपूर्ति बिना कटौती के किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। मजबूरी में कटौती की जा रही है। अधिकारियों के माने तो लगभग सभी फीडर को सही कर लिया गया है। परसपुर में गड़बड़ी थी उसको भी सही करने का प्रयास किया जा रहा है। उपभोक्ता लो वोल्टेज से परेशान होकर ऑनलाइन शिकायत भी कर रहे हैं। विद्युत उपखंड कटरा बाजार क्षेत्र के पूरे बदल मिश्रा पुरवा के रहने वाले सुधांशु मिश्रा ने लो वोल्टेज की समस्या को लेकर ऑनलाइन जनसुनवाई पटल पर शिकायत की है। पूरे जिले में बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। अधिशासी अभियंता विद्युत पारेषण मनोज कुमार ने बताया कि पूरे जिले में विद्युत उपभोक्ताओं के लिए 255 मेगावाट बिजली की डिमांड है। आपूर्ति भी हो रही है। समस्या होने पर कटौती करनी पड़ रही है। अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण ने बताया कि आपूर्ति सुचार रूप से की जा सके इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले एक माह में लगभग 250 छोटे-बड़े ट्रांसफार्मर जले हैं जिनको सही करना चुनौती बना हुआ है। फिलहाल जले हुए स्थान पर नए ट्रांसफार्मर लगवा दिए गए हैं। लो वोल्टेज की समस्या है उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है उसको भी सही कराया जाएगा।

### मजरा छतईपुरवा, जानकीपुरवा व नई बस्ती में एक ही ट्रांसफार्मर से हो रही आपूर्ति

संवाददाता, करनैलगंज


जमीन पर रखा ट्रांसफार्मर।

**अमृत विचार :** विद्युत वितरण खंड तृतीय अंतर्गत सकरौरा ग्रामीण के मजरा छतई पुरवा, जानकी पुरवा, नई बस्ती व रेलवे क्रासिंग चौराहे पर एक ही ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति की जा रही है। जिससे ओवर लोडिंग के चलते आये दिन विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। ग्रामीणों के काफी प्रयास पर दूसरा ट्रांसफार्मर और केबल लाइन की व्यवस्था कराई गई। लेकिन विद्युत विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते करनैलगंज-हुजूरपुर मार्ग पर छतई पुरवा के निकट आरएनएस पेट्रोल पंप के पास करीब एक माह से वह ट्रांसफार्मर जमीन पर रखा। वहीं मुख्य चौराहे पर केबल जमीन पर लटक रही है। उधर भीषण गर्मी में अघोषित विद्युत कटौती, ओवरलोडिंग ट्रिपिंग की समस्या से ग्रामीणों का जीना मुहाल हो रहा है।

मिंटू पांडेय, महेश पाण्डेय, छोटे तिवारी, राजदेव शुक्ल, डॉ हेमचंद्र मिश्र, अरविन्द ओझा, दिलीप ओझा आदि ग्रामीणों ने नया ट्रांसफार्मर रखवा कर सुचारू रूप से लाइन चालू कराने की मांग की है। इस बाबत एसडीओ नर्सिंग नारायण भारतीय का कहना है कि जिस स्थान पर ट्रांसफार्मर लगना था वहां विवाद की स्थिति आ गई थी जिससे ट्रांसफार्मर नहीं लग पाया था दूसरा स्थान चयनित कर ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा।

### लाइन मरम्मत में बंद रही इटियाथोक की बिजली आपूर्ति

भीषण गर्मी में गहराते बिजली संकट ने बिजली विभाग की तैयारियों की पोल खोल कर रख दी है। शनिवार रात से ही इटियाथोक कस्बा सहित ग्रामीण इलाकों में बिजली के बार-बार बाधित होने से हाहाकार मचा रहा। कस्बे के लोग इस भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए तरस गए। रविवार को मरम्मत के नाम पर पूरे दिन बिजली आपूर्ति बंद रही। गर्मी के चलते घरों में बिलबिलाते दिखे। भीषण गर्मी के चलते बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। जेई अजय कुमार ने बताया कि इटियाथोक पावर हाउस से संचालित ईस्ट फीडर का इन दिनों मरम्मत कार्य चल रहा है। इस दौरान 11 हजार वोल्ट के लाइन के पुराने तार व डिस्क/ इन्सुलेटर आदि को बदलने के साथ ही अधिक गैप वाले स्थानो पर नये पोल भी लगाए जा रहे हैं। वर्तमान में यह कार्य रेलवे स्टेशन के आस पास चल रहा है। काम प्रतिदिन जारी रहेगा। सुबह करीब 11 बजे से आरम्भ होकर शाम करीब 7 बजे तक चलेगा। इस दौरान ईस्ट फीडर की बिजली आपूर्ति दिन मे बंद रहेगी।

# घर से 50 मीटर दूर मिला महिला का शव

संवाददाता, पहला, सीतापुर

- आबादी की जमीन पर कब्जेदारी को लेकर पड़ोसियों से चल रहा था विवाद

**अमृत विचार।** थाना रामपुर कलां क्षेत्र में रविवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक वृद्ध महिला का शव घर से करीब 50 मीटर की दूरी पर पड़ा मिला। मृतका की बेटी ने मां की हत्या किये जाने का आरोप लगाते हुये तीन लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया।

रामपुर कलां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कैथा मजरा सरैंया शंकरबक्श निवासिनी मैना देवी (85) पत्नी स्व. बैजनाथ अपने बेटे विनोद के साथ घर पर रहती थीं। रविवार की सुबह ग्रामीणों ने मैना देवी का शव घर से बाहर करीब 50 मीटर दूर खड़ंजे के किनारे पड़ा देखा। जिसकी सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जा पहुंचे और इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे एसओ रामपुरकलां ने पुलिस टीम के साथ जांच पड़ताल करते हुए उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराया।

ऐसे में मुख्यालय से पहुंची फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच साक्ष्य संकलन किए। मृतका की बेटी ने बताया कि मैना देवी का पड़ोसियों से आबादी की जमीन पर कब्जेदारी को लेकर विवाद चल रहा था, जिसके संबंध थाने पर शिकायत की गई थी। एसओ नवनीत मिश्र शनिवार की रात मयफोर्स मौके पर पहुंचे थे और मौका मुआयना कर सुबह दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया था, लेकिन सुबह गांव से बाहर वृद्धा शव पड़ा मिला। जिस पर मृतका की विवाहित बेटी महमूदाबाद के कैथी टोला की निवासिनी किरन शुक्ला पत्नी संतोष शुक्ल ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही शैलेंद्र पुत्र राम गुलाम, पुन्ना पुत्र रामपाल, विकास पुत्र ज्ञान चंद्र के खिलाफ हत्या का आरोप लगाया। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने मौका मुआयना कर साक्ष्य संकलित करते हुए कार्रवाई शुरू की।


मृतका का फाइल फोटो। अमृत विचार

### पीएम रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की जायेगी: एसओ

इस संबंध में थाना प्रभारी नवनीत मिश्र ने बताया कि वृद्धा का शव घर से करीब 50 मीटर दूर गांव के पास लगे खड़ंजे के किनारे शव पड़ा मिला है। गांव के तीन लोगों के खिलाफ तहरीर मिली है, जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने पर दो गिरफ्तार

**करनैलगंज।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के मामले में डीएम के निर्देश पर पुलिस ने कई न्यूज़ पोर्टल पर मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। लोक सभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में गठित मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुश्रवण समिति के प्रभारी अधिकारी प्रेम कुमार ठाकुर ने पांच सोशल प्लेटफार्म आईडी पर मुकदमा दर्ज कराया है। इनमें सोशल साइट्स एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम की अलग अलग पांच आईडी शामिल है।

# बकरी चराने गई 11 वर्षीय बालिका से सामूहिक दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

- गांव के ही तीन नाबालिगों ने दुष्कर्म की घटना को दिया अंजाम
- पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया



**पहला सीतापुर, अमृत विचार।** थाना रामपुर कलां क्षेत्रांतर्गत गांव में बकरी चराने गई एक 11 वर्षीय बालिका के साथ तीन नाबालिगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। वापस लौटने पर घरवालों को बालिका ने पूरी बात बताई तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुये पीड़िता को मेडिकल के लिए भेज दिया और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की।

रामपुर कलां थानाक्षेत्र के एक गांव की 11 वर्षीय बालिका पास के गांव में बकरी चराने गई थी। जहां उसके साथ गांव के ही तीन नाबालिग रिजवान पुत्र हनीफ, समीर पुत्र शहजादे तथा विकास पुत्र देशराज ने सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। चूंकि मामला दो थानों के बार्डर होने के कारण सीमा विवाद में उलझा रहा। अंत में रामपुर कलां में घटना क्षेत्र होने से मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की गई। पीड़िता को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। इस संबंध में सीओ सिधौली आलोक प्रसाद ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि पास के ही गांव में एक 11 वर्षीय बालिका बकरी चराने गई थी। जहां उसके साथ उसके गांव के ही रहने वाले तीन नाबालिगों ने बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा गया है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की गई। मामले की जांच की जा रही है।

# पर्यावरण बचाने को निकाली रैली

गोंडा कार्यालय


स्टेशन पर यात्रियों को जागरूक करते रेलकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मंडल रेल प्रबंधक लखनऊ मंडल पूर्वोत्तर रेलवे आदित्य कुमार के मार्गदर्शन में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता ईएनएचएम लखनऊ राहुल पांडे के नेतृत्व में मिशन लाइफ अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के लिए रविवार से जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें क्षेत्रीय प्रबंधक गिरीश कुमार सिंह द्वारा यात्रियों, रेलवे स्टाफ व कांट्रेक्चुअल स्टाफ को पर्यावरण संरक्षण जागरूकता के लिए पौधरोपण करने की लिए पौधे प्रदान किये गए। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर प्रभात फेरी निकालने के दौरान पेड़ लगाए, जीवन बचाएं के नारों की उद्घोषणा की गई। मिशन लाइफ का यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ 05 जून को पर्यावरण दिवस के रूप मनाये जायेगा। साथ ही 30 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय रेलवे द्वारा लखनऊ मण्डल के सभी स्टेशनों पर जागरूक किया जायेगा। मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक जितेंद्र कुमार शर्मा ने कर्मचारियों व यात्रियों के साथ जागरूकता रैली के दौरान रेलवे की इस मुहिम में सक्रिय भागीदारी का संकल्प दिलाया। सभी अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर अभियान चलाने व लोगों को जागरूक करने का भी संकल्प लिया और एक स्वर में कहा कि बिना पेड़ के जीवन संभव नहीं है इसलिए सभी लोग पेड़ अवश्य लगाएं।

# नशीले पाउडर के साथ जीआरपी ने दबोचा

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** राजकीय रेलवे पुलिस ने गोंडा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर नशीली गोलियां और पाउडर लेकर घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक के पास से पुलिस ने नशीली गोलियां पाउडर व मोबाइल फोन बरामद किया है।

जीआरपी थाने के एसएसआई अखिलेश मिश्र ने बताया कि रविवार शाम को स्टेशन पर चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर 4-5 दे पूर्वी छोर से एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान युवक के पास से 100 ग्राम नशीला पाउडर, 105 ग्राम नशीली गोलियां, चोरी के तीन मोबाइल फोन न नकदी बरामद की गयी। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह पिछले एक महीने से गोंडा व लखनऊ रेलवे स्टेशन पर चोरी कर रहा था। जीआरपी ने बताया कि आगे भी आरोपियों के खिलाफ अभियान चलता रहेगा।

पकड़े गये आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। युवक को पकड़ने वाली पुलिस टीम में जीआरपी थाने के हेड कांस्टेबल अजय कुमार, संजय मद्धेशिया व विपिन कुमार पाण्डेय शामिल रहे।

# मंगलसूत्र छीन बाइक सवार फरार

संवाददाता, परसपुर/गोंडा


दंपति जिनसे छीना गया मंगलसूत्र।

**अमृत विचार:** परसपुर बाजार में शनिवार की रात चेन स्नेचर गिरोह के सदस्यों ने एक महिला के गले से उसका मंगलसूत्र छीन लिया और फरार हो गए। बीच बाजार इस छिनैती की घटना से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी है।

उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के डोहरीजीत गांव के रहने वाले अजय गौतम ने बताया वह शनिवार की शाम को वह अपनी पत्नी राधा व दो बच्चों को बाइक से लेकर चकरौत स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। रास्ते में परसपुर कस्बे के आंटा स्थित श्रीवास्तव हैंडलूम की दुकान वह रुककर बच्चों के लिए चप्पल खरीदने लगे। चप्पल खरीदने के बाद जैसे वह उनकी पत्नी बाइक पर बैठी पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों ने उनकी पत्नी राधा के गले में पहना मंगलसूत्र छीन लिया और फरार हो गए। पत्नी के शोर मचाने पर मौके पर भीड़ जुट गयी लेकिन लुटेरे भाग निकले। बीच बाजार छिनैती की वारदात से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित महिला व आसपास के दुकानदारों से घटना के संबंध में जानकारी ली। पास के दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर पुलिस लुटेरों की तलाश में जुटी है।

पीड़िता के मुताबिक मंगल सूत्र करीब 22 हजार रुपये कीमत का था। आरोपी चेन स्नेचिंग गिरोह के बताए जा रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि पुलिस घटना की जांच में जुटी है। हालांकि अभी घटना के संबंध में तहरीर नहीं मिली है।

**संकट** बांध टूटने से कई बार बेघर हो चुके हैं लोग, मौसम विभाग ने इस बार 106 फीसदी बारिश की जताई है संभावना

# 18 साल में पांच बार कटा बांध, 200 करोड़ खर्च, फिर मिले सात करोड़

संवाददाता, उमरी बेगमगंज


भिखारीपुर–सकरौर तटबंध पर चल रहा मरम्मत का कार्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** तरबगंज व कर्नलगंज तहसील की लगभग एक लाख आबादी को बाढ़ से बचाने के लिए नदी किनारे बने तटबंधों की सुरक्षा के लिए सरकार हर साल करोड़ों रुपए का बजट जारी करती है, लेकिन विभागीय अधिकारियों की लापरवाही व मिलीभगत से यह पैसा पानी में बह जाता है। बांधों की मजबूती की बात करें तो भिखारीपुर सकरौर तटबंध अब तक पांच बार टूट चुका है और दो बार टूटते टूटते बचा है। वहीं एल्गिन चरसड़ी बांध भी दो बार टूट चुका है। बांध टूटने के बाद मची तबाही में सैकड़ों लोगों को बेघर होना पड़ा था। बांध को मजबूत करने के लिए इस बार भी सरकार ने लगभग सात करोड़ रुपए का बजट जारी किया है। पांच बार टूट चुके भिखारीपुर सकरौर तटबंध ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों की पोल खोल कर रख दी है। हकीकत यह है कि सात करोड़ रुपए की लागत से बने इस तटबंध को बचाने के लिए अब तक लगभग 200 करोड़ रुपए जमींदोज हो चुके हैं। बांध पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है बरसात का मौसम शुरू होने वाला है। मौसम विभाग ने इस बार 106 फीसदी बारिश की संभावना जताई है। नदियों का जलस्तर बढ़ने के साथ ही माझा वासियों की बेचैनियां भी बढ़ने लगी हैं।

विभागीय अधिकारी मानसून आने के पहले काम पूरा होने के साथ ही बांध के पूर्ण सुरक्षित होने का दावा कर रहे हैं। तरबगंज व कर्नलगंज तहसील की एक लाख आबादी को बचाने के लिए वर्ष 2006 में भिखारीपुर सकरौरा तटबंध का निर्माण कराया गया था।

बताते चलें कि ऐली परसौली गांव में घोड़हन पुरवा से लेकर बिशुनपुरवा तक नदी की धारा बांध से सटकर बह रही है। इसलिए यहां किलोमीटर 15.700 से किलोमीटर 17. 300 तक करीब 2 किलोमीटर के दायरे में बांध की स्थिति नाजुक है।

वर्ष 2020 में ऐली परसौली के बिशुनपुरवा में जिस स्थान पर बांध कटा था वहां इस बार कोई मरम्मत नहीं कराई गई है जिसे लेकर पड़ोस में बसे लोगों की बेचैनियां दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

### कब-कब मची तबाही

18 वर्ष पहले बनाए गए भिखारीपुर सकरौर तटबंध अब तक पांच बार टूट चुका है। यह तटबंध पहली बार 2007 में चंदापुर के पास 2008 में इकनिया माझा और 2010 व 2018 में बच्ची माझा सोनौली मोहम्मदपुर के पास टूटा था। यह बांध 2020 में ऐली परसौली के बिशुनपुरवा के पास कट गया था। जब जब बांध टूटा पूरे क्षेत्र में भीषण तबाही का मंजर देखने को मिला। लाखों लोगों को घर से बेघर होना पड़ा। 2007 में स्थिति इतनी भयावह हो गई थी कि पीडी बांध भी टूटते टूटते बचा था।

> बांधों की मरम्मत का कार्य शुरू बांध की सुरक्षा की दृष्टि से कुछ नाजुक स्थान को चिन्हित किया गया था। जिसके लिए शासन ने बजट जारी किया था। पिचिंग कार्य पूरा हो चुका है। बांध में कोई दिक्कत नहीं होगी।
> –पीके सिंह, सहायक अभियंता बाढ़ कार्य खंड गोंडा

# बालिका को अगवा करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार :** एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध बालिका के अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें महिला ने नाबालिग बेटी को भगा ले जाने के साथ-साथ करीब 40000 नगदी ले जाने का आरोप लगाया है। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के एक गांव की निवासी महिला ने गांव के ही रौनक सिंह के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है जिसमें कहा गया है कि उसकी 16 वर्षीय बेटी कोचिंग पढ़ने के लिए 23 मई को सुबह 9 बजे स्कूटी से निकली थी। शाम तक घर वापस नहीं आई। जब उसकी तलाश शुरू की गई तो गांव के बाहर एक चौराहे पर उसकी स्कूटी खड़ी मिली और वह चाबी लेकर चली गई। मोबाइल पर प्राप्त मैसेज के मुताबिक उसकी बेटी ने एटीएम से बीस बीस हजार दो बार में कुल 40000 नगद निकाला। वह भी ले गई और सोने की जंजीर भी पहने हुए हैं। महिला का कहना है की रौनक सिंह ने इसके पहले उसके बेटे को धमकी भी दिया था की उसको हम जबरदस्ती ले जाएंगे। महिला ने रौनक सिंह के विरुद्ध तहरीर दिया। प्रभारी कोतवाल शंभू सिंह का कहना है तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। अपहृता की तलाश की जा रही है।

ब्राह्मण प्रत्याशी उतार कर भाजपा को घेरने के सपा के दांव में बसपा का यादव उम्मीदवार बढ़ा रहा मुसीबत

# सपा की बिछाई बिसात में बसपा की चाल से भाजपा को राहत की सांस

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** कभी युवा तुर्क के नाम से मशहूर रहे, खांटी समाजवादी नेता पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की सियासी जमीन बलिया में उनके जीवन काल में कभी भगवा नहीं फहरा पाया, लेकिन 2014 की मोदी लहर में यहां पहली बार कमल खिला और अब इस बार के चुनाव में चंद्रशेखर के ही बेटे नीरज शेखर भाजपा को लगातार तीसरी जीत दिलाने के लिए दिन-रात एक किए हैं। पूर्वांचल इलाके में बिहार की सीमा से लगने वाली बलिया लोकसभा सीट पर राजनीतिक बदलाव के चलते इस बार समीकरण काफी दिलचस्प और मतदाता असमंजस में दिखाई पड़ते हैं। अपना गढ़ वापस पाने के लिए बेचैन सपा फिर से ब्राह्मण नेता सनातन पांडेय को उतारकर भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकना चाहती है, तो बसपा के लल्लन यादव चुनावी लड़ाई त्रिकोणीय बनाकर सपा का खेल बिगाड़ने में लगे नजर आ रहे हैं।

## 2019 का चुनाव परिणाम

| | | | |
|---|---|---|---|
| भाजपा | वीरेंद्र सिंह मस्त | 4,69,114 | 47.40 प्रतिशत |
| सपा | सनातन पांडेय | 4,53,595 | 45.83 प्रतिशत |
| सुभसपा | विनोद | 35,900 | 3.63 प्रतिशत |

## 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | भरत सिंह | 3,59,760 | 38.18 |
| सपा | नीरज शेखर | 2,20,324 | 23.38 |
| कौमी एकता | अफजाल अंसारी | 1,63,943 | 17.40 |
| बसपा | वीरेंद्र कुमार पाठक | 1,41,684 | 15.04 |
| कांग्रेस | सुधा राय | 13,501 | 1.43 |

- 2014 की मोदी लहर में सपा का किला ध्वस्त करने वाली भाजपा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने को तत्पर
- 2019 के लोकसभा चुनाव में हुआ था कांटे का संघर्ष, 15,559 मतों से भाजपा से हार गई थी सपा मुकाबला

### नीरज शेखर के पाला बदल की परीक्षा

- वर्तमान में राज्यसभा सांसद रहते हुए ही भाजपा ने उन्हें बलिया लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। नीरज शेखर के खिलाफ सपा ने दूसरी बार सनातन पांडेय पर अपना भरोसा जताया है। 2019 का चुनाव वह भाजपा के वीरेंद्र सिंह मस्त से कांटे के मुकाबले में 15 हजार से कुछ अधिक मतों से हार गए थे। सपा ने ब्राह्मण, यादव और मुस्लिम मतों के सहारे इस बार भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकने की व्यूह रचना की है। लेकिन सपा की इस कोशिश में बसपा के प्रत्याशी गाजीपुर निवासी पूर्व सैनिक लल्लन सिंह यादव रोड़ा अटकाते नजर आ रहे हैं। वह बसपा के कॉडर वोट को लामबंद करने के साथ सपा के परंपरागत यादव मतदाताओं का बड़ा हिस्सा अपने पाले में करने की कोशिश कर रहे हैं।

### जातीय समीकरण अनुमानित




**2014** की मोदी लहर में टूटा था समाजवादी तिलिस्म और पहली बार बागी बलिया की धरती पर खिला था कमल

### आठ बार पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने दर्ज की जीत

- ब्राह्मण और राजपूत बहुल मानी जाने वाली बलिया लोकसभा सीट पर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के परिवार का दबदबा रहा है। चंद्रशेखर आठ बार इस सीट से सांसद चुने गए। इसमें छह बार लगातार जीतने का रिकार्ड भी उनके नाम पर है। चंद्रशेखर के निधन के बाद उनके बेटे नीरज शेखर समाजवादी पार्टी से दो बार सांसद चुने गए। नीरज शेखर पहली बार पिता के निधन के बाद साल 2007 में हुए उपचुनाव में जीते फिर 2009 के चुनाव में भी सपा से ही सांसद चुने गए। लेकिन 2014 के चुनाव में मोदी लहर के आगे नीरज शेखर भाजपा के प्रत्याशी भरत सिंह मस्त से 1.39 लाख वोटों से हार गए और सपा का किला ध्वस्त कर भाजपा ने इस सीट पर अपनी पहली जीत दर्ज की। हालांकि सपा की हार का कारण कौमी एकता दल से चुनाव लड़े अफजाल अंसारी को माना गया, जिन्हें 1.63 लाख वोट मिले थे। 2014 का लोकसभा चुनाव हारने के बाद सपा ने नीरज शेखर को राज्यसभा में भेज दिया। लेकिन साल 2019 में नीरज सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने उन्हें दूसरी बार राज्य सभा के लिए नामित किया और वह राज्यसभा के सांसद चुन लिए गए।

### बलिया सीट पर मतदाता

| | |
|---|---|
| कुल वोटर | 19,12,864 |
| पुरुष मतदाता | 10,26,474 |
| महिला मतदाता | 8,86,316 |
| थर्ड जेंडर मतदाता | 74 |



### तीन विधानसभा सीटें सपा के पास, भाजपा व सुभासपा का एक-एक पर कब्जा

बलिया लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा की पांच सीटें बलिया सदर, फेफना, बैरिया, जहूराबाद और मोहम्मदाबाद आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में बलिया सदर में भाजपा विजयी रही थी। तीन सीटों बैरिया, फेफना और मोहम्मदाबाद में सपा ने जीत हासिल की थी। जहूराबाद सीट सुभासपा के खाते में गई थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पांच विधानसभा क्षेत्रों में बैरिया, बलिया सदर और फेफना में भाजपा आगे रही थी, जबकि मोहम्मदाबाद और जहूराबाद में सपा ने बढ़त बनाई थी।

**02** जिलों गाजीपुर और बलिया में फैला है यह लोकसभा क्षेत्र, गाजीपुर की दो और बलिया जिले की तीन विधानसभा सीटें यहां पर हैं

# सातवें चरण में 11-2 के स्कोर से आगे बढ़ पाएगा इंडिया गठबंधन

चुनाव डेस्क



**अमत विचार।** उत्तर प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण में 13 लोकसभा सीटों महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज में पहली जून को मतदान होगा। इसमें गाजीपुर और घोसी लोकसभा सीट 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन में जीती थी। इस बार दोनों दल एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। सपा का कांग्रेस के साथ गठबंधन है। सपा के समर्थन से देवरिया और महराजगंज सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी ताल ठोंक रहे हैं । इस तरह सपा 11 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसके मुकाबले भाजपा अंतिम चरण की 10 सीटों पर ही चुनाव मैदान में है। मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज सीट पर भाजपा का सहयोगी अपना दल (एस) चुनाव लड़ रहा है, तो घोसी सीट पर सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर भाजपा की मदद से अपने बेटे अरविंद राजभर को संसद में पहुंचाने के लिए दिन-रात एक किए हैं।

अंतिम चरण की मतदान वाली 13 सीटों में से 11 पर पिछली बार एनडीए ने जीत दर्ज की थी। इस बार मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा ने सभी 13 सीटें जीतने के लिए जोर लगा रखा है। रविवार को भीषण गर्मी के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिर्जापुर, मऊ और देवरिया में चुनावी रैलियां करके सात लोकसभा सीटों पर जीत के समीकरण साधे। इस दौरान मोदी ने जनता से इंडिया गठबंधन पर पूर्वांचल का प्रहार करने, साजिश के तहत पूर्वांचल को पिछड़ा बनाए रखने और सपा-कांग्रेस पर अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए संविधान बदलने का आरोप लगाकर एनडीए के लिए 400 पार की हुंकार भरी। एनडीए गठबंधन को मात देकर पिछली बार से ज्यादा सीटें झटकने के लिए इस बार सपा-कांग्रेस गठबंधन ने जातीय समीकरणों पर भरोसा करते हुए न सिर्फ प्रत्याशी उतारे हैं।

### बलिया, चंदौली और राबर्ट्सगंज सीटें कड़े मुकाबले वाली

- पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को सातवें चरण में औसतन 52 प्रतिशत वोट जबकि विपक्ष को 38 प्रतिशत वोट ही मिले थे। 2019 के चुनाव परिणाम के लिहाज से बलिया और चंदौली सर्वाधिक कड़े मुकाबले वाली सीटें हैं। यहां दो प्रतिशत से कम वोटों के अंतर से भाजपा को जीत मिली थी। चंदौली में भाजपा को 47.07 और सपा-बसपा को 45.79 फीसद जबकि बलिया में भाजपा को 47.40 और सपा-बसपा को 45.43 फीसद वोट मिले थे। इसी तरह राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट भी नजदीकी मुकाबले में छह प्रतिशत वोटों के अंतर से भाजपा के हाथ लगी थी। यहां भाजपा को 45.32 और सपा-बसपा को 39.82 प्रतिशत वोट मिले थे।

- 10 सीटों पर 2019 में सपा-बसपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने पर भी 10 फीसदी से ज्यादा था वोटों का अंतर
- इस बार सपा 11 और भाजपा 10 सीटों पर लड़ रही है चुनाव, कांग्रेस-दो, अपना दल (एस) दो सीटों पर मैदान में

### 2019 में 13 सीटों पर यह था मत प्रतिशत

| सीट | भाजपा | सपा-बसपा |
|---|---|---|
| गाजीपुर | 40.40% | 51.20% |
| घोसी | 39.56% | 50.30% |
| बलिया | 47.40% | 45.83% |
| चंदौली | 47.07% | 45.80% |
| राबर्ट्सगंज | 45.32% | 39.82% |
| सलेमपुर | 50.72% | 38.52% |
| महराजगंज | 59.2.% | 31.45% |
| गोरखपुर | 60.54% | 35.07% |
| कुशीनगर | 56.69% | 24.64% |
| देवरिया | 57.19% | 32.57% |
| बासगांव | 56.14% | 40.57% |
| मिर्जापुर | 53.34% | 32.42% |
| वाराणसी | 63.62% | 18.40% |

### घोसी में सपा और बसपा ने घेर रखी एनडीए की चुनौती

पिछले चुनाव में घोसी लोकसभा सीट पर बसपा के अतुल राय ने 1,22,568 मतों के अंतर से चुनाव जीता था। इस बार यहां सपा और बसपा दोनों ने मजबूत उम्मीदवार उतारे हैं। सपा से राजीव राय तो बसपा से बालकृष्ण चौहान मैदान में हैं। बालकृष्ण यहां से एक बार सांसद रह चुके हैं। एनडीए ने इस सीट पर सुभासपा के अनिल राजभर को उम्मीदवार बनाया है। वह सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के बेटे हैं। भाजपा सपा विधायक दारा सिंह चौहान को पार्टी में लेकर चुनाव हारने के बाद भी मंत्री बना चुकी है, ताकि चौहान (नोनिया) वोटों का फायदा हो सके। लेकिन बसपा उम्मीदवार भी नोनिया जाति से होने के कारण यह फायदा भाजपा को मिलता नहीं नजर आ रहा है। इसी तरह भाजपा को मिलने वाला भूमिहार वोट भी बंट रहा है, क्योंकि समाजावादी पार्टी के प्रत्याशी राजीव राय भूमिहार समुदाय से ही आते हैं। घोसी लोकसभा सीट पर अब तक 17 चुनाव हुए हैं। यहां 14 मौके पर राय, राजभर अथवा चौहान प्रत्याशी ही जीतते रहे हैं। यही वजह है कि सभी राजनीतिक दल इन्हीं जातियों पर भरोसा जताते रहे हैं। इस बार भी त्रिकोणीय मुकाबले में इन्हीं जातियों के बीच संघर्ष है। घोसी सीट पर भाजपा एक बार सिर्फ मोदी लहर में 2014 में यहां चुनाव जीत सकी है।

# जालंधर में बहुकोणीय मुकाबले में साख पर प्रतिष्ठा

चुनाव डेस्क

पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर चारों प्रमुख दलों आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और भाजपा के बीच सियासी घमासान छिड़ा है। इसके चलते आधी से ज्यादा सीटों पर त्रिकोणात्मक और बाकी सीटों पर चतुष्कोणीय के साथ एक-दो स्थानों पर बहुकोणीय मुकाबले की तस्वीर देखने में नजर आ रही है। ऐसी ही एक सीट जालंधर की भी है, जहां आम आदमी पार्टी के सांसद सुशील रिंकू भाजपा से और शिरोमणि अकाली दल के पूर्व विधायक पवन टीनू भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट पर कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी तो शिरोमणि अकाली दल से वरिष्ठ नेता मोहिंदर सिंह केपी के साथ बसपा की चुनौती भी कमजोर नहीं आंकी जा रही है।



चरणजीत सिंह चन्नी।



सुशील रिंकू।

आप ने जालंधर सीट पर पूरी ताकत झोंक रखी है। पिछले साल उपचुनाव में पार्टी ने इस सीट को जीतकर लोकसभा में फिर से अपनी जगह बनाई थी। यहां से जीते सुशील रिंकू आम आदमी पार्टी के एकमात्र सांसद थे।

इस बार भी आप ने उनको टिकट दिया था, लेकिन टिकट की घोषणा होने के बाद रिंकू भाजपा में शामिल हो गए। रिंकू अब भाजपा प्रत्याशी के रूप में जालंधर से ताल ठोंक रहे हैं। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी से हो रहा है। इस लड़ाई में आम आदमी पार्टी से उतरे अकाली दल के दो बार के विधायक पवन टीनू भी हैं, तो बसपा से बलविंदर कुमार मैदान में हैं।

बलविंदर कुमार की चुनौती को हल्के में इसलिए नहीं लिया जा रहा है, क्योंकि 2019 में भी उन्होंने बसपा से चुनाव लड़ा था और दो लाख से अधिक मत हासिल करके सबको चौंका दिया था। अकाली दल ने यहां से पूर्व सांसद मोहिंदर सिंह केपी पर दांव लगा रखा है। मजे की बात यह है कि मोहिंदर सिंह और कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी के बीच आपस में समधी का रिश्ता है। मोहिंदर सिंह की बेटी की शादी चन्नी के भतीजे के साथ हुई है। दोनों दलित नेता के रूप में पहचान रखते हैं और कई चुनाव जीत चुके हैं।

भाजपा प्रत्याशी रिंकू आप में शामिल होने से पहले कांग्रेस के टिकट पर जालंधर पश्चिमी से विधायक रहे चुके हैं। जानकार उन्हें मजबूत मान रहे हैं, लेकिन कांग्रेस और अकाली दल के अनुभवी प्रत्याशियों ने उनके लिए कड़ी टक्कर का मैदान तैयार कर दिया है। उधर आम आदमी पार्टी से उतरे पवन कुमार टीनू 2012 से 2022 तक आदमपुर सीट से शिअद के विधायक रहे हैं, अप्रैल 2024 में शिअद का दामन छोड़कर वह आप में शामिल हुए थे।



**मैच जीतेंगे** जादवपुर सीट से टीएमसी प्रत्याशी सयानी घोष के लिए सभा करने पहुंची सीएम ममता बनर्जी ने मंत्री अरूप विश्वास के साथ जनता की तरफ फुटबाल फेंकी।

### ओवैसी ने काराकाट में दिलचस्प बना दिया चुनावी मुकाबला

**चुनाव डेस्क।** काराकाट लोकसभा सीट पर 2019 में मिली हार का बदला लेने को आतुर रालोसपा चीफ उपेंद्र कुशवाहा इस बार त्रिकोणीय मुकाबले में फंसे हुए हैं। यहां से भाजपा नेता एवं फिल्म अभिनेता पवन सिंह ने भी उनकी मुश्किल बढ़ा रखी है। पवन यहां से निर्दलीय मैदान में हैं। ऐसे में भाजपा के कोर मतदाता भी असमंजस में हैं कि वे पवन के साथ जाएं या गठबंधन धर्म निभाते हुए उपेंद्र कुशवाहा को वोट दें। इन सबके बीच एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी के एक दांव ने यहां की लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। ओवैसी की पार्टी की उम्मीदवार प्रियंका चौधरी के पक्ष में अतिपिछड़ा और मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं के जुटान ने पवन सिंह के साथ ही सीपीआईएमएल के उम्मीदवार राजाराम कुशवाहा को भी परेशान कर दिया है। ऐसे में उपेंद्र कुशवाहा को अपनी जीत आसान दिख रही है पर वे भाजपा के कोर मतदाताओं को समझाने की कोशिश में कितना सफल होते हैं या समय बताएगा। भाजपा के मतदाता उनके साथ जाएं इसके लिए पार्टी नेता भी रात दिन एक कर रहे हैं।

# मुख्तार अंसारी की मौत के बाद अब माफिया को मिलेगी चुनावी मात?

- भाजपा ने पिछली हार का बदला लेने के लिए अफजाल अंसारी के खिलाफ झोंक रखी है पूरी ताकत
- आज हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद साफ होगी सपा से प्रत्याशिता की तस्वीर, बेटी भी मैदान में

गाजीपुर लोकसभा सीट

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार:** माफिया डॉन की छवि वाले मुख्तार अंसारी की मौत के दो माह बाद गाजीपुर में पहली जून को लोकसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। मुख्तार अंसारी की बांदा जेल में 28 मार्च को मौत हो गई थी। सपा ने इस बार गाजीपुर लोकसभा सीट पर मुख्तार के बड़े भाई अफजाल अंसारी को चुनाव मैदान में उतार रखा है। वह 2019 में सपा के साथ हुए गठबंधन में बसपा से यहां से चुनाव जीते थे और फिलहाल गैंगस्टर एक्ट में चार साल की सजा सुनाए जाने के बाद हाईकोर्ट से सोमवार को आने वाले फैसले का इंतजार कर रहे हैं। पिता की प्रत्याशिता पर संकट होने की संभावना के मद्दे नजर उनकी बेटी नुसरत अंसारी कवर प्रत्याशी के रूप में निर्दलीय मैदान में हैं। भाजपा से यहां पारसनाथ राय ताल ठोंक रहे हैं। उन्हें इस सीट के पूर्व सांसद और लोकसभा क्षेत्र में खासा प्रबाव रखने वाले जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का करीबी माना जाता है। मनोज सिन्हा के चुनावों की जिम्मेदारी उठाने वाले पारसनाथ इलाके के भूगोल और मतदताओं के गणित से अच्छी तरह वाकिफ हैं। भाजपा और सपा के बीच सीधे संघर्ष के मैदान में बसपा तीसरा कोण बनाने की कोशिश में है, लेकिन उसके प्रत्याशी डॉ. उमेश कुमार सिंह की चुनौती बहुत मजबूत नहीं मानी जा रही है। भाजपा ने पिछले चुनाव की हार का बदला लेने और माफिया का वर्चस्व समाप्त करने के लिए गाजीपुर में पूरी ताकत झोंक रखी है। रविवार को यहां चुनावी सभा करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अफजाल अंसारी की प्रत्याशिता को लेकर सपा पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि सपा के 'शहजादे' ने कभी कहा था कि माफिया की 'इंट्री' पर रोक लगाएंगे लेकिन वह तो माफिया के ही चरणों में जाकर बैठ गए। सपा ने माफिया को पाला पोसा और टिकट दिया। सपा के राज में प्रदेश में माफिया लालबत्ती में घूमते थे, खुली जीप में कानून को चेतावनी देते थे। विरोधियों को खुलेआम गोलियों से भून दिया जाता था। दरइसल, अंसारी परिवार का गाजीपुर के साथ पड़ोस के बलिया, मऊ, और वाराणसी जिलें तक में प्रभाव माना जाता है।



### मनोज सिन्हा को 1.20 लाख वोटों से दी थी मात

- अफजाल अंसारी ने 2019 के चुनाव में भाजपा के मनोज सिन्हा को मात दी थी। अफजाल को पांच लाख 66 हजार 82 वोट और मनोज सिन्हा को चार लाख 46 हजार 690 वोट मिले थे। सुभासपा के रामजी को 33 हजार 877 और कांग्रेस के अजीत प्रताप कुशवाहा को 19 हजार 834 वोट मिले थे। इस बार सुभासपा भाजपा तो कांग्रेस सपा के साथ है।

### एक विधान सभा सीट पर सुभासपा बाकी में समाजवादी पार्टी का कब्जा

मुख्तार की मौत के बाद परिवार सहानुभूति वोट बटोरने की कोशिश में लगा है। गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र जखनिया (सुरक्षित), सैदपुर (सुरक्षित), गाजीपुर सदर, जंगीपुर और जामनिया आते हैं। इनमें से जखनिया को छोड़कर बाकी सभी सीटों पर सपा का कब्जा है। जखनिया में सुभासपा के त्रिवेणी राम विधायक हैं। 2022 का विधानसभा चुनाव सपा और सुभासपा ने मिलकर लड़ा था। अब सुभासपा ने सपा से रिश्ता तोड़ लिया है, भाजपा के साथ एनडीए गठबंधन का हिस्सा है।

### बाप और बेटी प्रचार में एक दूसरे के लिए मांगते घूम रहे हैं वोट

गाजीपुर से सांसद अफजाल अंसारी सपा से तो उनकी बेटी नुसरत अंसारी निर्दलीय मैदान में हैं। अफजाल अंसारी को एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट ने 29 अप्रैल 2023 को गैंगस्टर एक्ट में दोषी करार देकर चार साल की सजा सुनाई थी। हालांकि बाद में उनकी सजा पर हाईकोर्ट ने रोक लगाते हुए जमानत दे दी थी। अब मामले में हाईकोर्ट में फैसला आना है। 27 मई को सुनवाई है। अगर फैसला हक में आता है तो अफजाल मैदान में होंगे अन्यथा नुसरत ही सपा-कांग्रेस के समर्थन से बतौर निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में होंगी, क्योंकि सजायाफ्ता व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकता है। चूंकि नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। ऐसे में अफजाल की उम्मीदवारी तो रद नहीं हो पाएगी लेकिन वे चुनाव जीत जाते हैं तो पद छोड़ना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में अफजाल खुद के बजाय बेटी के लिए ही वोट मांगेंगे। इस परिस्थिति से सपा-कांग्रेस के मतदाता असमंजस में हैं, तो भाजपा और समर्थक वोटरों की निगाह भी हाईकोर्ट के निर्णय पर टिकी है। अभी तो अफजाल लोगों से खुद की जीत के लिए वोट मांग रहे हैं, साथ में बेटी नुसरत अंसारी का प्रचार भी चल रहा है। । यही काम उनकी बेटी भी कर रही हैं, ताकि राहत नहीं मिलने की स्थिति में बेटी का चुनाव निशान हर किसी को याद रहे और समर्थकों के वोट उसे मिल सकें।

## एक नजर

### अमित शाह आज कुशीनगर बलिया और वाराणसी में

अमृत विचार, लखनऊ : गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार 27 मई को कुशीनगर, बलिया और वाराणसी में जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे। इस दौरान अमित शाह के साथ तमाम जनसभाओं में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी की भी भागीदारी रहेगी।

### मासिक धर्म स्वच्छता दिवस दिवस कल

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डा. पिंकी जोवल ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र जारी कर मासिक धर्म दिवस 28 मई को जागरूकता सम्बन्धी विभिन्न गतिविधियों को आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। जहां पर मासिक धर्म स्वच्छता पर खुल कर बात की जाएगी।

# तकनीकी विशेषज्ञ एवं बैंक कर्मी के बिना कैसे होगी साइबर सुरक्षा

## पुलिस कार्मिकों की होने वाली भर्ती में इन दोनों पदों का नहीं किया गया जिक्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ बिना बैंक कर्मी समय से कैसे होगी फ्रॉड की विवेचना

**अमृत विचारः** साइबर अपराधों से प्रदेश को मुक्ति दिलाने की तैयारी तो शुरू कर दी गई है, लेकिन आधारभूत संरचना में कई बिंदुओं पर गौर ही नहीं किया गया है। प्रदेश के थानों में होने वाली 1,425 कार्मिकों की भर्ती में कार्मिकों की तकनीकी विशेषज्ञता का जिक्र ही नहीं किया गया है। यही नहीं फ्राड का बैंक डिटेल मिलने में महीनों लग जाते हैं, ऐसे में बिना बैंकर्स को साथ लिए समय से विवेचना कैसे संभव होगी। हालांकि उक्त दोनों चुनौतियों के प्रति पुलिस विभाग अवगत तो है, लेकिन कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं।



सरकार ने प्रदेश को साइबर अपराध से मुक्ति दिलाने के लिए ठोस कदम उठाएं हैं। इसी क्रम में प्रत्येक जिले में थाने खुल रहे हैं और आधारभूत संसाधन थानों में भेजे जा रहे हैं। विभाग को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अलग से कार्मिकों की भर्ती भी होने जा रही हैं। इन सबके बीच साइबर अपराध रोकने के सबसे महत्वपूर्ण घटक पर अभी चर्चा तक नहीं हुई है। वह है तकनीकि विशेषज्ञ एवं बैंक कर्मी। जिन कार्मिकों की भर्ती होने जा रही है उनके लिए तकनीकी से जुड़ी किसी भी अर्हता का जिक्र नहीं है। साइबर अपराध का खुलासा बिना तकनीकी विशेषज्ञ के संभव नहीं हो पाता।

वहीं बिना बैंक कर्मी के साइबर थाने चलाने में भी दिक्कत आएगी। लगभग सभी तरह के साइबर अपराध रुपयों के लिए ही होते हैं। फ्राड की शिकायत होने के बाद बैंक डिटेल आने में ही कई-कई महीने लग जाते हैं। बैंक पूरी जानकारी भी नहीं देते। ऐसे में बिना बैंक कर्मी के ससमय विवेचना भी नहीं हो पाएगी। साइबर अपराध रोकने से जुड़ी पूरी संरचना में दोनों का जिक्र न होना चर्चा का विषय है।

**दंडात्मक नहीं मानी जाएगी पोस्टिंग**

एसएचओ के पद से साइबर सेल में तबादले को दंडात्मक पोस्टिंग के तौर पर गिना जाता था। लेकिन अब यह पोस्टिंग महत्वपूर्ण पोस्टिंग मानी जाएगी। जिले का पुलिस अधीक्षक ही साइबर थानों को नियंत्रित करेगा। थानों में पोस्टिंग के बाद अब दंडात्मक पोस्टिंग का भ्रम भी दूर हो जाएगा।

# प्रबंधकों को किया जा रहा है प्रताड़ित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय प्रबन्धक सभा की बैठक संपन्न

▸▸ अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय प्रबंधक 10 जून को देंगे धरना

**अमृत विचारः** अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय प्रबन्धक सभा उत्तर प्रदेश की कोर कमेटी की बैठक डीएवी डिग्री कॉलेज में हुई। बैठक में प्रबंधक सभा के पूर्वांचल प्रभारी गजेन्द्र सिंह ने बताया कि जनपदो में तैनात डीआईओएस एवं मण्डल स्तर पर तैनात ज्वाइंट डायरेक्टर्स द्वारा प्रबन्धकों एवं प्रबन्धतंत्रो को अपमानित एवं प्रताड़ित करते हुए धन उगाही व जबरदस्त लूट खसोट की जा रही है। अधिनियम के प्रावधानों, विनियमों एवं शासनादेशों के अनुपालन में हीला-हवाली करते हुए धन उगाही का तंत्र चलाया जा रहा है। सरकार द्वारा विद्यालयो की संचालक प्रबन्ध समितियों को ट्रस्ट में परिवर्तित किये जाने को अनुमन्यता प्रदान की है लेकिन मण्डलीय स्तर पर ज्वाइंट डायरेक्टर्स एवं जनपदो के डीआईओएस अपनी अनियमित लूटखसोट के कारण प्रबन्धसमितियों को उत्पीड़ित करते हुए अनुमन्यता प्रदान नहीं कर रहे है। आकोशित प्रबन्धकों की कोर कमेटी ने निर्णय पारित किया है कि अब प्रबन्धको के उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और माध्यमिक शिक्षा विभाग में चल रहे लूट तंत्र को पर्त दर पर्त समाज के समक्ष उजागर कर मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। इस कम में 10 जून को निदेशक माध्यमिक शिक्षा उप्र के शिविर कार्यालय पार्क रोड प्रातः 11 बजे से प्रबन्धको के उत्पीड़न और विभागीय भ्रष्टाचार पर विशाल धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद कुमार, मध्यांचल प्रभारी प्रभाकर श्रीवास्तव, पश्चिमांचल प्रभारी दीपक द्विवेदी, अयोध्या मण्डल अध्यक्ष अरूण सिंह, झांसी मण्डल अध्यक्ष वीरेन्द्र पाण्डे, मेरठ मण्डल अध्यक्ष सुनील चौधरी, प्रयागराज से इन्दुभाल त्रिपाठी, कानपुर से ललित कुमार शुक्ला, आगरा मण्डल महामंत्री हरिओम चौधरी, बलिया से नरेन्द्र श्रीवास्तव, गाजीपुर से अवधेश राय आदि बैठक में उपस्थित रहे।

# आखिरी चरण के चुनाव प्रचार में सत्तापक्ष और विपक्ष में तेज हुई जंग

## मुख्यमंत्री योगी ने इंडी गठबंधन के नेताओं पर साधा निशाना



गोरखपुर में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी को स्मृति चिन्ह भेंट करता भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्यमंत्री ने मीरजापुर, रॉबर्ट्सगंज, चंदौली, गाजीपुर और गोरखपुर लोकसभा सीट में जनसभा को किया संबोधित

▸▸ बोले, काले कारनामों को छिपाने के लिए खुद को ब्रिगेडियर उस्मान का परिवार बताता है माफिया

**अमृत विचारः** हम रामभक्त हैं, तबतक चैन की सांस नहीं लेंगे, जबतक पापियों का अंत नहीं कर देते। आज बेटी और व्यापारी की सुरक्षा से कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता और अगर ये दुःसाहस करने की किसी ने कोशिश की तो अगले ही चौराहे पर यमराज उसका इंतजार करते हुए मिलेंगे। जो मफिया कभी कानून की धज्जियां उड़ाया करते थे आज बुलडोजर उनकी छाती को रौंद रहा है। गाजीपुर का एक माफिया अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए खुद को ब्रिगेडियर उस्मान के परिवार का बताता है। जबकि ये कोरा झूठ है और उसका ब्रिगेडियर उस्मान के परिवार से कोई नाता नहीं है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गाजीपुर में रखने के साथ मीरजापुर, रॉबर्ट्सगंज, चंदौली और गोरखपुर लोकसभा सीट के लिए भी प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने पांचों लोकसभा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट की अपील की। इस दौरान योगी ने कहा कि सपा और कांग्रेस समस्या हैं। इनके गठबंधन का मतलब आतंकवाद को आमंत्रित करना। जिन्होंने एक-एक बूंद पानी के लिए तरसाया, अब उन्हें एक-एक वोट के लिए तरसा दीजिये।

**पिछली सरकारों की सोच संकुचित थी**

मुख्यमंत्री ने मीरजापुर और रॉबर्ट्सगंज लोस. में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सोनभद्र में मेडिकल कॉलेज बन कर तैयार हो गया है। कमिश्नरी में जल्द ही विश्वविद्यालय बनकर तैयार हो जाएगा। पिछली सरकारों की सोच संकुचित थी, इसलिए वे विकास के बारे में नहीं सोचती थीं।

**पुश्तैनी प्रॉपर्टी जबर्दस्ती ले लेंगे**

मुख्यमंत्री ने चंदौली की जनसभा में कहा, कांग्रेस व सपा गठबंधन विरासत टैक्स लगाने की बात करती है। यह टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है। संपत्ति का सर्वे कराकर यह लोग पुश्तैनी प्रॉपर्टी जबर्दस्ती ले लेंगे, फिर उसे घुसपैठियों और रोहिंग्या मुसलमानों को दे देंगे। इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है।

**पहले पैसा कब्रिस्तान में खर्च होता था**

योगी ने रविवार को गोरखपुर पहुंचकर कहा कि पहले पैसा कब्रिस्तान में खर्च होता था, अब मठ-मंदिरों के जीर्णोद्धार में खर्च होता है। एक तरफ भाजपा आपको सुरक्षा-सम्मान देती है तो दूसरी तरफ बसपा को मौलाना के अलावा कोई उम्मीदवार ही नहीं मिल पाया। सपा और कांग्रेस तालिबानी शासन लागू करना चाहते हैं।

## सपा प्रमुख अखिलेश ने भाजपा सरकार पर बोला तीखा हमला



जनसभा के दौरान इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के साथ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ अखिलेश ने सलेमपुर और बलिया के प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी जनसभाओं को किया सम्बोधित

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को सलेमपुर से पार्टी प्रत्याशी रमाशंकर राजभर और बलिया के प्रत्याशी सनातन पाण्डेय के पक्ष में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित किया। इस दौरान भीषण गर्मी और तपती दोपहरी में आयी भारी भीड़ को देखकर उत्साहित अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बलिया का बल समाजवादी पार्टी को जिताने जा रहा है। अखिलेश ने कहा, उप्र. में सपा इस बार जीत के अपने पुराने रिकार्ड को तोड़ देगी।

सपा प्रमुख के मुताबिक, पश्चिम से पहले चरण के चुनाव में जो जीत की शुरूआत हुई है पूर्वांचल में सातवें चरण में उससे ज्यादा उत्साह और जोश है। उन्होंने दावा किया कि छठवें चरण में इंडिया गठबंधन के पक्ष में हुई बम्पर वोटिंग से भाजपा का सफाया हो गया है। भाजपा के लोग चार सौ पार का नारा दे रहे थे, वे सातवें चरण में चार सौ सीट हार कर जाएंगे।

सपा मुख्यालय से साझा की गई जानकारी के मुताबिक, अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा बुरी तरह हारने जा रही है। इसीलिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की जुबान लड़खड़ाने लगी है। जुबान उसी की लड़खड़ाती है जिसका आत्मविश्वास लड़खड़ा जाता है। इनको हार का एहसास हो गया है। इनकी भाषा बदल गयी है। अब जनता इनको बदलने जा रही है।

**किसानों का कर्ज माफ करेगी हमारी सरकार**

अखिलेश यादव ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन की सरकार किसानों का कर्ज माफ करेगी। किसानों को फसलों के एमएसपी का कानूनी अधिकार देगी। इंडिया गठबंधन की सरकार अग्निवीर योजना खत्म कर नौजवानों को पक्की नौकरी देगी।

**अखिलेश आज गाजीपुर और चंदौली में**

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव सोमवार 27 मई को लोकसभा क्षेत्र गाजीपुर एवं चंदौली में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे।

# प्रश्नपत्र लीक मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ नोएडा एसटीएफ ने की कार्रवाई, दोनों पर था 25-25 हजार का इनाम

**अमृत विचारः** 17 एवं 18 फरवरी को उप्र. आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक कराने के आरोप में एसटीएफ नोएडा की टीम ने हाथरस से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर 25-25 हजार रुपए का इनाम भी रखा गया था।

गिरफ्त में आया पहला आरोपी बिट्टू उर्फ विनोद कुमार शर्मा लोधा अलीगढ़ का निवासी है। बिट्टू एम्स ऋषिकेश में विद्युतकर्मी की नौकरी करता है। पेपर लीक कांड में बिट्टू की संलिप्तता का पहले ही खुलासा हो चुका था। जबकि दूसरे आरोपी कुशलपाल उर्फ राजा को भी गिरफ्तार किया गया है। राजा पांचवीं पास है और टैक्सी चलाने का काम करता है। राजा पर भी पुलिस ने 25 हजार का इनाम रखा था। एसटीएफ के अधिकारियों ने बताया कि दोनों की गिरफ्तारी हाथरस के रोडवेज वर्कशाप के पास से हुई है।

**अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाला गिरफ्तार**

अमृत विचार, लखनऊ : एसटीएफ ने रविवार को अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले व्यक्ति को एमिटी विश्वविद्यालय के पास से गिरफ्तार किया है। इस दौरान आरोपी के पास से पांच पिस्टल भी बरामद हुआ है। एसटीएफ के डीएसपी धर्मेश कुमार शाही ने बताया कि आरोपी नितेश भारती बलिया का रहने वाला है। सूचना मिली कि नितेश बिहार व मध्यप्रदेश से अवैध असलहा लेकर राजधानी पहुंचा है और इस समय मल्हौर क्षेत्र में एमिटी विश्वविद्यालय के पास मौजूद है। इस दौरान उपनिरीक्षक अतुल चतुर्वेदी, की टीम ने नितेश भारती को गिरफ्तार कर लिया।

# प्रशिक्षकों की कमी से बिगड़ा खेल, खिलाड़ी हो रहे मायूस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कहीं बैडमिंटन तो कहीं स्क्वैश के कोच नहीं, प्रशिक्षक न होने से लौट रहे खिलाड़ी

**अमृत विचार :** गर्मी की छुट्टियों में सभी खेलों में प्रशिक्षण लेने को खिलाड़ियों की भीड़ उमड़ रही है। मनचाहे खेल में दाखिला लेने को खिलाड़ी स्टेडियम तक पहुंच रहे हैं। लेकिन कई खेलों में प्रशिक्षक ना होने से खिलाड़ी मायूस होकर लौट रहे हैं।

बैडमिंटन, स्क्वैश के साथ ही फुटबॉल जैसे खेल में प्रशिक्षकों की कमी से खेल की दुनिया में नाम रोशन करने वालों के सपने प्रशिक्षण से पहले ही टूट रहे हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, जहां इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है, वहां पर प्रशिक्षकों की तैनाती के प्रयास किए जा रहे हैं।

शहर के वीआईपी इलाके गोमती नगर में दो सरकारी स्टेडियम मौजूद हैं। इनमें एक विनय खंड तो दूसरा विजयंत खंड में स्थित है। विनय खंड में बैडमिंटन खिलाड़ियों के अभ्यास को वूडेन कोर्ट बनाया गया है। यहां पर कोई प्रशिक्षक नहीं है।

ऐसे में यहां बैडमिंटन की ट्रेनिंग लेने के लिए आने वाले खिलाड़ी मायूस होकर लौटने को मजबूर हैं। इसी तरह से यहां पर फुटबॉल का मैदान तैयार किया गया है। लेकिन प्रशिक्षकों के अभाव में यहां पर फुटबॉल का प्रशिक्षण आज तक शुरू नहीं हो सका है। छुट्टियों में यहां फुटबॉल में दाखिले की लंबी लाइन लगती हैं। लेकिन प्रशिक्षक ना होने से वापस चले जाते हैं। कुछ ऐसा ही हाल विजयंत खंड स्टेडियम का है। यहां पर स्क्वैश के लिए शानदार हॉल मौजूद है। प्रशिक्षक न होने से इस खेल के खिलाड़ियों को वापस लौटना पड़ रहा है।

**प्रशिक्षक हैं लेकिन प्रशिक्षण नहीं**

क्षेत्रीय खेल कार्यालय की देखरेख में नौकायन के प्रशिक्षक की तैनाती की गई। गोमती नदी के किनारे नौकायन के प्रशिक्षण की तैयारी पिछले वर्ष शुरू की गई। लेकिन आज तक प्रशिक्षण शुरू नहीं हो सका। ऐसे में नौकायन के प्रशिक्षक केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बाल तरणताल में बच्चों को तैराकी का प्रशिक्षण देने को मजबूर हैं।

प्रशिक्षण को बेहतर बनाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशिक्षकों की कमी जल्द ही दूर की जाएगी। जहां इंफ्रास्ट्रक्चर है, वहां पर हर हाल में प्रशिक्षक तैनात किए जाएंगे।

**-अजय कुमार सेठी, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, खेल विभाग, उत्तर प्रदेश**

## वर्ग पहेली-82

**बाएं से दाएं**

2. 1. अवनति, गिरावट 2. क्षय 3. अपमान 4. अपयश 5. हीनता।

4. 1. दैनिक जीवन की परेशानियां 2. व्यर्थ के झगड़े 3. झंझट या बखेड़ा 4. इधर-उधर फैला हुआ कबाड़ या कूड़ा-करकट।

6. 1. घड़ा 2. अंधविश्वास के कारण प्रेतक्रिया में पीपल से लटकाया जाने वाला घड़ा।

7. 1. समाप्त न होना, कम न पड़ना 2. लड़खड़ाना।

8. 1. निशाना लगाने का कार्य या कौशल 2. निशाना लगाने का अभ्यास।

**ऊपर से नीचे**

1. चैत्र के बाद पड़ने वाला माह।

3. परिगणन, अनुसूची, (शेड्यूल)।

5. वह स्थान या गृह जहां नाटक का मंचन किया जाता है, नाट्यशाला।

7. आकाश में सहसा क्षण भर के लिए दिखाई देने वाला वह प्रकाश जो बादलों में वातावरण की विद्युत शक्ति के संचार के कारण होता है, विद्युत, तड़ित, जोखना।




## वर्ग पहेली -81 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 भो | | | 2 च | | |
| | ज | | 3 छ | पा | का | |
| | 4 क | चो | ट | ना | | |
| | | | क | | 5 शा | ना |
| | 6 सा | 7 नु | ना | सि | क | |
| | | जू | | | भा | |
| 8 कॉ | ल | म | | | जी | |

## सुडोकू -161

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | | | | |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| | | 6 | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | | | | | | | | |
| | 5 | | | | | | 8 | |
| | | | | | 9 | | | |
| 2 | | | | | | | | |

## सुडोकू -160 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 1 | 3 | 9 | 2 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 4 | 8 | 5 | 9 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 2 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 2 | 4 | 1 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 1 | 6 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 5 | 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 4 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 मई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 16.53 तक तत्पश्चात पंचमी।

**मेष** — आज प्रतिष्ठित लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। आप भविष्य को लेकर काफी आशान्वित रहेंगे। बुद्धिजीवी लोगों से आपका संपर्क बढ़ेगा। शाम के समय आपको धन लाभ भी हो सकता है। दिन ठीक रहेगा। आप अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर पाएंगे।

**वृष** — आज क्रोध में आकर किसी से बात न करें। शाम के समय आप कई समस्याओं को सुलझाने में सफल होंगे। आपको बहुत से अनुत्तरित प्रश्नों का उत्तर मिल जाएगा। दिन की शुरुआत ज्यादा ठीक नहीं रहेगी, किंतु आप समस्याओं का समाधान ढूंढने में सफल होंगे।

**मिथुन** — आज यात्रा का विचार बना सकते हैं। कारोबार में मित्रों का सहयोग मिलेगा। विवाह संबंधी विषयों को लेकर घर में चर्चा हो सकती है। आंखों में जलन और दर्द की शिकायत होने की आशंका है। बिजली के यंत्रों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें।

**कर्क** — आज कारोबार में अपेक्षा से अधिक लाभ हो सकता है। नौकरी में उच्च अधिकारी आपके ऊपर प्रसन्न रहेंगे। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी। आपसे पड़ोसी भी आपकी प्रशंसा करेंगे और आपसे वार्तालाप करना चाहेंगे।

**सिंह** — आज काम का दबाव आपके ऊपर देखने को मिल सकता है। यदि आप व्यवसायी हैं तो आप अपने उत्पाद की बहुत अच्छी ब्रान्डिंग कर सकते हैं। मनोरंजन के कार्यों में आप काफी रुचि ले सकते हैं। अनावश्यक कार्यों में आपको व्यस्त नहीं होना चाहिए।

**कन्या** — आज आप कुछ पुराने मामलों को लेकर तनाव में आ सकते हैं। घर का समस्याओं को बाहर के लोगों से व्यक्त न करें। माता-पिता की सेहत का विशेष ध्यान रखें। प्रेम विवाह को लेकर परिवार की सहमति मिल सकती है।

**तुला** — आज आप नई जॉब के लिए प्रयास कर रहे हैं तो उसमें अचानक ही सफलता मिल सकती है। आप अपनी अभियोग्यता को बढ़ाने को लेकर प्रतिबद्ध रहेंगे। कुछ गुप्त बातों को जानने में लगे रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृश्चिक** — आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। कारोबार में सहयोगियों के साथ नोंक-झोंक हो सकती है। अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें। हालांकि आप अपनी गलती सुधार भी लेंगे और स्थितियां अपने पक्ष में भी कर सकते हैं।

**धनु** — आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ रहेगी। विरोधी आपके सामने कमजोर दिखेंगे। आप अपनी संकल्प शक्ति के बूते कई लोगों के अपने अनुकूल काम भी करवा सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में वर्चस्व बढ़ेगा।

**मकर** — आज वैवाहिक जीवन में सामंजस्य अच्छा रहेगा। कोई नया काम शुरू न करें। बिना मन के किए गए कार्य गड़बड़ हो सकते हैं। कला क्षेत्र से जुड़े लोग अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। शाम के समय बीमार लोग स्वस्थ महसूस कर सकते हैं।

**कुंभ** — आज ऐसे विषयों पर चर्चा न करें जिन पर झगड़ा होने की संभावना हो। संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर कुछ परेशानियां हो सकती हैं। यदि किसी मीटिंग आदि का आयोजन कर रहे हैं तो उसे दिन के दूसरे प्रहर से पहले कर लें।

**मीन** — आज कारोबार में विस्तार के अवसर मिलेंगे। यदि आप निवेशक हैं तो आपको उत्तम धन लाभ हो सकता है। अधीनस्थ कर्मचारियों की शिकायतों का निवारण कर सकते हैं। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 10.13 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

## आज की फिल्में

B4U Movies:
15 अगस्त — सुबह : 09.52
मेला — रात : 07.00

&pictures:
सीक्रेट सुपरस्टार — सुबह : 10.47
हीरोपंती 2 — शाम : 04.56

Sony Pix:
स्पाइडर-मैन — सुबह : 10.45
द मैकेनिक — रात : 09.00

Zee Cinema:
मैं तेरा हीरो — सुबह : 10.35
पहेली — रात : 07.45

Colors Cineplex:
बेटिंग राजा — दोपहर : 12.34
रुद्रन — रात : 08.02

**आज की सुपरहिट फिल्म**




एंड पिक्चर्स पर शाम : 04.56 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा, आज तेरी मम्मी चुप-चाप क्यों बैठी है?
बेटा- मेरी गलती है इसमें
पापा- ऐसा क्या किया तूने
बेटा- मम्मी को लिपस्टिक की जगह फेविस्टिक दे दी?
पापा- जुग-जुग जियो मेरे लाल, भगवान ऐसा बेटा सबको दे।

मौलवी- किसी को इस शादी से ऐतराज?
तभी आवाज आई हां मुझे है।
मौलवी- अरे तुमसे किसने पूछा? तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

# वर्क फ्रॉम होम के बारे में सुना है, वर्क फ्रॉम जेल के बारे में पहली बार सुना: राजनाथ

## चंडीगढ़ की चुनावी रैली में रक्षा मंत्री ने अरविंद केजरीवाल के काम पर कसा तंज

चंडीगढ़, एजेंसी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए रविवार को कहा कि उन्होंने वर्क फ्रॉम होम (घर से काम करने) के बारे में तो सुना है लेकिन वर्क फ्रॉम जेल (जेल से काम करने) के बारे में वह पहली बार सुन रहे हैं। फतेहगढ़ साहिब से भाजपा के उम्मीदवार गेजा राम वाल्मीकि के समर्थन में खन्ना में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा-यहां आम आदमी पार्टी सत्तारूढ़ है। आपको इस बारे में ज्यादा बताने की जरूरत नहीं है कि वह किस तरह का काम कर रही है। सिंह ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए कहा-दिल्ली में भी 'आप' सरकार है, लेकिन आप नेता को शराब घोटाले को लेकर जेल में डाल दिया गया था। रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर किसी भी नेता पर कोई आरोप लगता है तो उसमें तब तक के लिए अपने पद से इस्तीफा देने का नैतिक साहस होना चाहिए जब तक वह आरोपों से मुक्त न हो जाए।

### भाजपा सरकार के तहत लोगों के जीवन में कोई प्रगति नहीं हो रही: प्रियंका गांधी



**फतेहगढ़ साहिब/पटियाला।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए पूछा कि अगर देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है तो लोगों के जीवन में प्रगति क्यों नहीं हो रही। फतेहगढ़ साहिब सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अमर सिंह के समर्थन में पंजाब में अपनी पहली जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सिर्फ सत्ता हासिल करने के लिए झूठ बोलने और जनता से खोखले वादे करने का आरोप लगाया। प्रियंका ने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश में 70 करोड़ युवा बेरोजगार हैं और बेरोजगारी 45 साल में सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत सरकारी क्षेत्र में 30 लाख पद रिक्त हैं।

### केरल: रेस्तरां में खाना खाने के बाद करीब 70 लोग बीमार

**त्रिशूर (केरल)।** मध्य केरल के त्रिशूर जिले में एक दिन पहले एक रेस्तरां में खाना खाने वाले लगभग 70 लोगों को कथित तौर पर विषाक्त भोजन के चलते बीमार पड़ने पर विभिन्न अस्पतालों में भर्ती होना पड़ा। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिला स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि मूननुपीडिका क्षेत्र में एक रेस्तरां में खाना खाने वाले 60 से 70 लोगों ने विभिन्न अस्पतालों में इलाज कराया।

अधिकारी ने कहा-उनमें से किसी की भी हालत गंभीर नहीं है। स्वास्थ्य अधिकारियों को संदेह है कि संबंधित लोग कुझिमंथी नामक व्यंजन के साथ दी जाने वाली मेयोनीज खाकर बीमार पड़े। कैपमंगलम थाने के एक अधिकारी ने कहा कि घटना के बाद अधिकारियों ने पूरे होटल को सील कर दिया है।



नई दिल्ली में पड़ रही भीषण गर्मी के दौरान एक आदमी कबूतरों और कौवों को खाना और पानी पिलाता हुआ। ● एजेंसी

## एक नजर

### मप्र में शराब पीने से एसएएफ के दो जवानों की हुई मौत

**छिंदवाड़ा (मध्य प्रदेश)।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में शराब पीने के बाद राज्य पुलिस के विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) के दो जवानों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। कोतवाली थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि एसएएफ की आठवीं बटालियन के दानीराम उइके (55) और प्रेमलाल काकोड़िया (50) ने शनिवार रात शराब पी थी। गोल्हानी ने बताया कि दोनों को उल्टी होने लगी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उइके की तुरंत मौत हो गई और काकोडिया ने रविवार सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### जम्मू में मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतरा

**जम्मू।** रविवार को जम्मू के पास एक मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतर गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जब मालगाड़ी जम्मू से उधमपुर की ओर जा रही थी उस दौरान दोपहर करीब साढ़े तीन बजे जम्मू शहर के बाहरी इलाके मनवाल के पास संगर में यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना से रेल यातायात की सेवाओं में कोई बड़ा व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि प्रभावित ट्रैक को बहाल करने के लिए एक क्रेन भेजी गई।

## 22 लोगों का 16 लाख करोड़ कर्ज माफ हिमाचल को नहीं दिए 9,000 करोड़

शिमला, एजेंसी

● राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी पर लगाया आरोप



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 साल में 22 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये कर्ज माफ कर दिया, लेकिन वह पिछले साल मॉनसून में बारिश के कारण आई आपदा से निपटने के लिए हिमाचल प्रदेश को 9,000 करोड़ रुपये नहीं दे सके।

गांधी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की मदद करने के बजाय मोदी ने राज्य की चुनी हुई सरकार को चुराने का प्रयास किया। उन्होंने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य में बाढ़ से निपटने के लिए केंद्र द्वारा मुहैया कराई गई सहायता का कांग्रेस सरकार द्वारा अनुचित वितरण किए जाने का आरोप लगाया था और इसके खिलाफ कार्रवाई करने का वादा किया था। शिमला (सुरक्षित) संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के समर्थन में हिमाचल प्रदेश में सिरमौर जिले के नाहन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि मोदी ने सेब की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सभी भंडारण सुविधाओं को एक व्यक्ति को सौंप दिया। उन्होंने दावा किया कि जब भी नरेन्द्र मोदी शपथ लेते हैं, अडाणी के स्वामित्व वाली कंपनियों के शेयर की कीमतें अपने आप ही बढ़ जाती हैं।

### चांदी के चम्मच के साथ पैदा होने वाले गरीबों का दुख दर्द क्या जानें : शाह



**औरंगाबाद/भभुआ।** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी प्रसाद यादव पर कटाक्ष करते हुए आज कहा कि चांदी के चम्मच के साथ पैदा होने वाले गरीबों का दुख दर्द क्या जानेंगे। शाह ने रविवार को काराकाट लोकसभा क्षेत्र के तहत औरंगाबाद जिले के दाउदनगर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद यादव पर जमकर तंज कसा और कहा कि चांदी के चम्मच के साथ पैदा होने वाले गरीबों का दुख दर्द क्या जानेंगे।

## विज्ञापनों पर उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा को चुनावी विज्ञापन जारी करने से रोकने संबंधी कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ पार्टी की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। एकल पीठ ने 20 मई को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चार जून तक आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले विज्ञापन प्रकाशित करने से रोक दिया था। इस फैसले के खिलाफ भाजपा ने खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन खंडपीठ ने 22 मई को कहा था कि वह एकल पीठ के अंतरिम आदेश के खिलाफ अपील पर विचार करने की इच्छुक नहीं है।

## नमूने एकत्र और पीड़ितों की पहचान करना बना चुनौती

ठाणे, एजेंसी

**डोंबिवली कारखाना विस्फोट मामला**

महाराष्ट्र में डोंबिवली केमिकल फैक्टरी में हुए विस्फोट के बाद पुलिस को मृतकों की सटीक संख्या का पता लगाने और उनकी पहचान सुनिश्चित करने के कठिन कार्य से जूझना पड़ रहा है क्योंकि कई शव इस कदर जल गए हैं कि उनकी पहचान करना मुमकिन नहीं है।

इस विस्फोट में 10 लोगों की जान चली गई जबकि 60 से अधिक लोग घायल हुए थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि अहम सबूत, जिसमें जले हुए अवशेष और शवों के हिस्से के नमूने शामिल हैं, सावधानी पूर्वक एकत्र करके फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी में डीएनए जांच के लिए भेजे गए हैं ताकि उनके रिश्तेदारों से इसका मिलान किया जा सके। ठाणे जिले के डोंबिवली एमआईडीसी के फेज- 2 में स्थित अमुदान केमिकल्स में बॉयलर के फटने और इसके कारण लगी आग में 10 लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

## देश में 80,455 करोड़ रुपये के 10.46 लाख सड़क दुर्घटना दावे लंबित

नोएडा, एजेंसी

● आरटीआई अधिनियम के तहत दायर आवेदन के माध्यम से हुआ खुलासा

देश में सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े 80,455 करोड़ रुपये के लगभग 10,46,163 दावे लंबित हैं और 2018-19 से 2022-23 के बीच इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हुई। सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर आवेदन के माध्यम से यह जानकारी मिली है।

अप्रैल में उच्चतम न्यायालय के वकील के. सी. जैन के आवेदन के जवाब में भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने यह विवरण प्रदान किया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से पूछे गए प्रश्न में जैन ने राज्य और जिलेवार विवरण



के साथ-साथ देश में लंबित मोटर दुर्घटना दावों की कुल संख्या बताने का अनुरोध किया था। उन्होंने पिछले पांच वर्षों के दौरान शुरू किए गए, निपटाए गए व शेष दावों का वार्षिक विवरण और मोटर दुर्घटना दावों के शीघ्र निपटान के लिए केंद्र द्वारा की गई पहल, यदि कोई हो, के बारे में पूछा था। आईआरडीएआई की जानकारी के मुताबिक वित्त वर्ष 2018-19 में 52,713 करोड़ रुपये के 9,09,166 दावे, 2019-20 में 61,051 करोड़ रुपये के 9,39,160 दावे, 2020-21 में 70,722 करोड़ रुपये के 10,08,332 दावे, 2021-22 में 74,718 करोड़ रुपये के 10,39,323 दावे, 2022-23 में 80,455 करोड़ रुपये के 10,46,163 दावे थे। क्षेत्रीय स्तर की जानकारी के बारे में आईआरडीएआई ने कहा, मोटर थर्ड पार्टी दावों का जिला-वार और राज्य-वार विवरण आईआरडीएआई के पास उपलब्ध नहीं है, क्योंकि आईआरडीएआई ऐसी विस्तृत जानकारी एकत्र या बरकरार नहीं रखता है।

## पासपोर्ट रद करने के अनुरोध पर केंद्र से कोई जवाब नहीं: जी परमेश्वर

बेंगलुरु, एजेंसी

● महिलाओं के यौन शोषण मामले में बोले कर्नाटक के गृहमंत्री

कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने रविवार को कहा कि महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने के अनुरोध पर राज्य को केंद्र से अभी तक कोई आधिकारिक जवाब नहीं मिला है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर के उस कथित बयान पर निशाना साधते हुए जिसमें कहा गया था कि प्रज्ज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद करने का राज्य सरकार का अनुरोध 21 मई को ही प्राप्त हुआ था, परमेश्वर ने जानना चाहा कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक मई लिखे गए पत्र का क्या हुआ।

परमेश्वर ने कहा-जहां तक मुझे पता है, हमें अब तक (केंद्र से) कोई सूचना या पत्र नहीं मिला है। मैंने देखा है कि विदेश मंत्री ने मीडिया से कहा है कि वे कार्रवाई कर रहे हैं और एक दो दिनों में वे इसे (राजनयिक पासपोर्ट) रद्द कर देंगे, लेकिन हमें इस पर कोई लिखित सूचना नहीं मिली है। उन्होंने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने एक मई को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर प्रज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने की मांग की थी और उसके बाद आरोपों की जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल ने भी केंद्र को इसी अनुरोध के साथ पत्र लिखा था।

# कारोबार/कृषि

## एक नजर

### भारतपे, फोनपे ने पे पर लंबे समय से चल रहे विवादों को निपटाया

**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों... भारतपे ग्रुप और फोनपे समूह ने प्रत्यय 'पे' के साथ ट्रेडमार्क के उपयोग से संबंधित लंबे समय से चले आ रहे सभी कानूनी विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया है। दोनों कंपनियों ने संयुक्त बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, भारतपे और फोनपे पिछले पांच वर्षों के दौरान कई अदालतों में लंबे समय से चले आ रहे कानूनी विवादों में रही हैं। यह समझौता सभी खुली न्यायिक कार्यवाही को समाप्त कर देगा। बयान में कहा गया कि भारतपे और फोनपे ने लंबे समय से चले आ रहे सभी ट्रेडमार्क विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया। बयान के अनुसार, अगले कदम के रूप में पार्टियों ने ट्रेडमार्क रजिस्ट्री में एक-दूसरे के खिलाफ सभी विरोधों को वापस लेने के लिए पहले ही कदम उठा लिया है, जिससे उन्हें अपने संबंधित ट्रेडमार्क के पंजीकरण के साथ बढ़ने में मदद मिलेगी।

### गड़बड़ी से स्पाइसजेट का विमान वापस लौटा

**नई दिल्ली।** लेह जा रहा स्पाइसजेट का एक विमान रविवार सुबह कुछ गड़बड़ी की वजह से दिल्ली वापस लौट आया। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि करीब 135 लोगों को लेकर लेह जा रहा यह विमान दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया। हवाई अड्डे पर पूर्ण आपातकालीन स्थिति घोषित कर दी गई। यह उड़ान एसजी 123 10:30 बजे रवाना हुई थी और करीब 11 बजे वापस लौट आई। सूत्र ने कहा कि इंजन में कंपन के कारण विमान वापस लौटा। उड़ान निगरानी वेबसाइट फ्लाइटरडार-24 पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, बोइंग 737-7 विमान उड़ान भरने के कुछ समय बाद राजधानी लौट आया।

## चौथी तिमाही में 6.1-6.7% रहेगी आर्थिक वृद्धि दर

### विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने जताई उम्मीद, 31 को जारी होगा वृद्धि दर का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

बीते वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.1 से 6.7 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। यह इससे पिछली तिमाहियों में दर्ज आठ प्रतिशत की वृद्धि दर से कम है। विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने यह अनुमान लगाया है। सरकार चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े और पूरे वित्त वर्ष के लिए अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर का अनुमान 31 मई को जारी करेगी।

अर्थशास्त्रियों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि दर 7.6-7.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 की जून तिमाही में 8.2 प्रतिशत, सितंबर तिमाही में 8.1 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। कोटक महिंद्रा बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना भारद्वाज ने कहा कि मुख्य आंकड़े व्यापक रूप से मजबूत वृद्धि का संकेत देते हैं। उन्होंने कहा-विनिर्माण गतिविधियां भी अच्छी रही हैं, और निर्माण से जुड़े और निवेश क्षेत्रों का प्रदर्शन भी बेहतर रहना चाहिए। हालांकि, कृषि क्षेत्र की वृद्धि धीमी पड़ सकती है। हमारा अनुमान है कि चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहेगी और पूरे वित्त वर्ष के लिए यह आंकड़ा 7.6 प्रतिशत के करीब रहेगा। 31 मई, 2023 को जारी अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की मार्च तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रही थी। पूरे वित्त वर्ष 2022-23 के लिए यह आंकड़ा सात प्रतिशत था। भारद्वाज ने कहा-हम सेवा क्षेत्र और औद्योगिक क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों में कुछ नरमी देख रहे हैं। यही कारण है कि चौथी तिमाही में सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 5.7 प्रतिशत और जीडीपी वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। जीडीपी एक निश्चित अवधि में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य होता है।

### घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय संस्थान जता रहे सात प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान




ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी के श्रीवास्तव ने कहा कि घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय संस्थान दोनों 2024-25 में भारत के लिए सात प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान जता रहे हैं। श्रीवास्तव ने कहा-बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर संभवतः 6.5 प्रतिशत से अधिक रहेगी। ऐसे में पूरे वित्त वर्ष के लिए यह आंकड़ा 7.8 प्रतिशत रहेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) का अनुमान भी यही है। एक अन्य रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च का अनुमान है कि 2023-24 की चौथी तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रहेगी। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को कहा था कि बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में भारत की जीडीपी की वृद्धि दर चार तिमाहियों के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर आ जाएगी।

## वाहनों की तरह फसलों का बीमा करेंगे एजेंट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**नई व्यवस्था**

● प्रदेश में खरीफ से होगी शुरुआत एआईडीई एप से होगा बीमा

● कंपनियां बनाएंगी ब्लॉकों पर एजेंट, किसानों को मिलेगी सुविधा

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसलों का बीमा गांव-गांव जाकर एजेंट करेंगे। नई व्यवस्था के तहत बीमा कंपनियां ब्लॉकों पर अपने एजेंट बनाएंगी। जो गैरऋणी किसानों से संपर्क कर एडवांस्ड इंट्रूजन डिटेक्शन एनवायरनमेंट (एआईडीई) एप पर वाहनों की तरह फसलों का बीमा करेंगे। एजेंटों को 30 से 32 रुपये कमीशन कंपनियां देंगी।

केंद्र सरकार ने 2023 में एआईडीई एप लांच किया था और शुरुआत मध्य प्रदेश व राजस्थान ने की थी लेकिन, पूरी तरह से एप का संचालन नहीं हो पाया था। नतीजा पुरानी व्यवस्था के तहत फसलें बीमित हुईं। लेकिन, इस वर्ष केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में एजेंट बनाकर बीमा कराने पर



जोर दिया है। इससे की ज्यादा से ज्यादा फसलें बीमित की जा सके। उत्तर प्रदेश में इस खरीफ सीजन में यह प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए केंद्र ने अनुबंधित कंपनियों के प्रतिनिधियों को वर्चअुल प्रशिक्षण दिया है।

**कॉमन सर्विस सेंटर लेते ज्यादा शुल्क:** गैरऋणी किसान यानी जो किसान क्रेडिट कार्ड धारक नहीं है वह कॉमन सर्विस सेंटर से सीधे फसलों का बीमा कराते हैं। इसमें किसानों को भागदौड़ करना होता है। कभी पोर्टल नहीं चला तो कहीं ओटीपी की समस्या भी झेलते हैं। बीमा करने पर संचालक सुविधा शुल्क लेते हैं। जबकि प्रक्रिया निशुल्क है और बीमा कंपनी पॉलिसी होने पर खुद शुल्क अदा करती है। हालांकि सेंटरों पर पहले की तरह बीमा किए जाएंगे। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड धारकों की फसलों का बीमा बैंकें ही करेंगी।

> खरीफ में एजेंटों के माध्यम से फसलों का बीमा कंपनियां करेंगी। जबकि पुरानी प्रक्रिया भी चलेगी। किसान सुविधानुसार बीमा करा सकते हैं। कॉमन सर्विस सेंटरों पर सुविधा शुल्क लेने पर कार्रवाई करेंगे।
>
> **-उमा शंकर सिंह,** उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी, कृषि निदेशालय।

## आरबीआई को संभवतः हुआ है तीन लाख करोड़ का लाभ : सुभाष चंद्र गर्ग

नई दिल्ली, एजेंसी

● पूर्व वित्त सचिव बोले-सरकार को रिकॉर्ड लाभांश देने का है कारण



पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का सरकार को रिकॉर्ड 2.11 लाख करोड़ करोड़ रुपये का लाभांश देने का कारण संभवतः अधिक लाभ का होना है। हालांकि, इसका अर्थव्यवस्था पर प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि सरकार इसका उपयोग किस सीमा तक उधारी कम करने या व्यय बढ़ाने के लिए करती है।

उल्लेखनीय है कि आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की पिछले सप्ताह 608वीं बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान को मंजूरी दी है। यह केंद्रीय बैंक की ओर से अबतक का सर्वाधिक लाभांश भुगतान होगा। यह चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान की तुलना में दोगुना से भी अधिक है। अंतरिम बजट में सरकार ने आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये की लाभांश आय का अनुमान जताया था। केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश सरकार को दिया था। गर्ग ने कहा-आरबीआई के अत्यधिक लाभांश का सबसे स्पष्ट कारण बड़ा मुनाफा हो सकता है। हालांकि, अभी आरबीआई की बैलेंस शीट प्रकाशित नहीं हुई है, लेकिन इसके लगभग तीन लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

### एफपीआई ने अब तक शेयरों से 22,000 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता और बाजारों के बेहतर प्रदर्शन के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयरों से 22,000 करोड़ रुपये की भारी निकासी की है। इससे पहले मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि को लेकर चिंता के बीच एफपीआई ने अप्रैल में शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की थी। वहीं एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ और फरवरी में 1,539 करोड़ का निवेश किया था।

## भारत के शीर्ष 10 साझेदारों में से नौ के साथ हुआ व्यापार घाटा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत को वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान चीन, रूस, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया समेत शीर्ष 10 व्यापारिक साझेदारों में नौ के साथ व्यापार घाटे का सामना करना पड़ा है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

व्यापार घाटा, आयात और निर्यात के बीच का अंतर है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि बीते वित्त वर्ष में 2022-23 की तुलना में चीन, रूस, दक्षिण कोरिया और हांगकांग के साथ घाटा बढ़ गया। दूसरी ओर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, रूस, इंडोनेशिया और इराक के साथ व्यापार घाटे में कमी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़कर 85 अरब डॉलर, रूस के साथ 57.2 अरब डॉलर, दक्षिण कोरिया के साथ 14.71 अरब डॉलर और हांगकांग के साथ 12.2 अरब डॉलर हो गया। चीन के साथ दोतरफा व्यापार 2023-24 में 118.4 अरब डॉलर रहा, और वह अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 में 118.28 अरब डॉलर रहा।

### नियुक्ति में विफल रहने पर आईओसी, गेल व ओएनजीसी पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल, ओएनजीसी और गेल (इंडिया) लिमिटेड सहित सार्वजनिक क्षेत्र की कई तेल एवं गैस कंपनियों पर सूचीबद्धता अनिवार्यता को पूरा करने के लिए निदेशक मंडल में जरूरी संख्या में निदेशकों की नियुक्ति में विफल रहने को लेकर 34 लाख का जुर्माना लगाया गया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), हिंदुस्तान पे. कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), भारत पे. कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी), ऑयल इंडिया लि. आदि पर जुर्माना लगाया है।

